YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-318 | बुधवार, 18 दिसंबर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमानदारी से प्रयास करती है तथा देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। नरेंद्र मोदी

आर्थिक अपराधियों पर सख्त है सरकार : सीतारमण 11
उत्तराखंड की घाटियां सजेंगी औषधीय पौधों से, मातृशक्ति बनेगी आर्थिक रीढ़ 12

## संक्षेप

### भारत, चीन सीमा मसले पर होगी एसआर लेवल की वार्ता

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सीमा मसले पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में होगी। विदेश मंत्रालय ने यहां यह घोषणा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा प्रश्न पर भारत के विशेष प्रतिनिधि (एसआर) अजीत डोभाल 18 दिसंबर को अपने चीनी समकक्ष चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बीजिंग में एसआर लेवल की 23वीं बैठक करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार विगत 23 अक्टूबर को रूस के कज़ान में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक के दौरान बनी सहमति के अनुसार दोनों विशेष प्रतिनिधि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति के प्रबंधन पर चर्चा करेंगे और सीमा प्रश्न का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशेंगे।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में चार मरे

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा ज़िले के खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार और मंगलवार की रात हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे के 161 किमी माइल स्टोन पर खंदौली टोल प्लाजा के पास देर रात करीब डेढ़ बजे ट्रक और कैंटर में भिड़ंत हो गई, जिससे कैंटर गाड़ी एक्सप्रेस-वे के बीच रास्ते में खड़ी हो गई। कैंटर का चालक ड्राइविंग सीट पर ही फंसा हुआ था। एक्सीडेंट को देखकर पीछे से आई एक कार वहां रुकी। एक दूसरी कार भी इसी वक्त आ गई। दोनों कार सवार लोगों ने अपनी-अपनी गाड़ियों को खड़ा किया और दुर्घटनाग्रस्त कैंटर के चालक को बाहर निकालने लगे। कार सवार लोगों ने हादसे का शिकार हुए कैंटर के चालक को बाहर निकाल लिया था और वे उसे सहारा देकर एक्सप्रेस-वे के एक साइड ले जा रहे थे कि तभी आगरा से नोएडा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने मददगारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाली कार इतनी स्पीड में थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में कैंटर चालक और कार सवार तीन लोग बताए जा रहे हैं। मृतकों में से एक का नाम अनिल कुमार सिंह निवासी लोनी गाजियाबाद बताया गया है। वह कार द्वारा गोरखपुर से नोएडा जा रहे थे। शेष तीन की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। टक्कर मारने वाली कार ने एक्सप्रेस वे पर खड़ी अन्य कारों और कैंटर को भी टक्कर मारी और एक्सप्रेस वे के क्रैश बीम से टकराकर पलट गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर खंदौली टोल अथॉरिटी की टीम व थाना प्रभारी निरीक्षक खंदौली राकेश कुमार चौहान पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। खंदौली टोल प्लाजा के प्रभारी तुलसीराम गूजर और पुलिस ने आशंका जताई है कि टक्कर मारने वाली कार का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं था।

# एक राष्ट्र एक चुनाव बिल लोकसभा में स्वीकार्य

**लोकसभा में पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े, बिपक्ष बोला सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं**

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले ऐतिहासिक संविधान (129वां) संशोधन विधेयक 2024 को मंगलवार को लोकसभा में पुर्रस्थापित करने के सरकार के प्रस्ताव को सदन ध्वनिमत से स्वीकार किया।

विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा पेश किये गये इस विधेयक पर विपक्ष ने गहरी आपत्ति जतायी। कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के सदस्यों ने इसे संविधान एवं संघवाद के खिलाफ बताते हुए इसका विरोध किया। विधेयक को पेश करने पर सत्ता और विपक्ष के बीच लम्बे वाद-विवाद के बाद इस पर मतविभाजन कराया गया। मतविभाजन में संविधान (129वां) संशोधन विधेयक 2024 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2024 विधेयकों को पुर्रस्थापित करने के पक्ष में 269 मत और विरोध में 198 वोट पड़े। सदन ने इन विधेयकों को बारीकी से समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव पारित किया है। विधेयक को पेश करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि संविधान संशोधन का यह विधेयक संविधान सम्मत है और किसी भी रूप में यह राज्य की शक्तियों कम नहीं करता है। इस विधेयक से संविधान के मूल ढांचे में कोई छेड़छाड़ नहीं होती है। इससे कोई न तो संसद की शक्ति में कमी आ रही है न ही विधानमंडल की शक्ति में कमी आ रही है। उन्होंने कहा, हम संविधान की किसी सूची में संशोधन नहीं कर रहे हैं तो संघीय ढांचे पर कैसे हमला होगा। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि कोई भी देश के संघीय ढांचे को नहीं बदल सकता है। हम संविधान की किसी अनुसूची में कोई संशोधन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का धन्यवाद करते हुये कहा कि बहुत विस्तृत चर्चा के बाद इस विधेयक को लाया गया है। इस संबंध में सर्वदलीय बैठक में भी चर्चा हुई, जिसमें बहुमत संशोधन करने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक 41 साल से लंबित था जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णय लेकर बदलाव करने का संकल्प लिया है। उन्होंने दोनों विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति में भेजने की सिफारिश की। इससे पहले सरकार ने लोकसभा में आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक पेश किया और विपक्ष ने इसे संघीय ढांचे के खिलाफ बताते हुये विधेयक को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने विधेयकों का विरोध करते हुये कहा है कि यह हमारे लोकतंत्र और संघीय ढांचे के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत में संघवाद की व्यवस्था है और ये विधेयक पूरी तरह से संविधान की इस व्यवस्था के खिलाफ है। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने विधेयकों का विरोध किया और इसे संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने इन विधेयकों को तानाशाही का परिणाम बताया और इन्हें वापस लेने की सरकार से मांग की। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने इन विधेयक को देश के वोटरों के मतदान करने के अधिकार पर आक्रमण बताया है। उन्होंने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजने की मांग की। इन विधेयकों में राष्ट्रपति को राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने का इतना अधिकार दिया गया है, जितना पहले नहीं था। चुनाव आयोग को भी राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का अधिकार दिया गया है, जो गलत है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने विधेयकों को संविधान की ● शेष पेज 11 पर



**संविधान पर चर्चा में बोले अमित शाह**

# पाताल तक गहरा है हमारा लोकतंत्र

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश कितना आगे बढ़ा, जनता को ये चर्चा इस बात का अहसास कराएगी। इस चर्चा में हम गहराई तक गए। हमारा लोकतंत्र पाताल की गहराई तक है। ये भी साफ हुआ कि जब जब जनता ने किसी पार्टी को जनादेश दिया तो उसने सम्मान किया या नहीं किया। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। इस देश की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर करने का काम किया है।

अमित शाह ने केशवानंद भारती केस का उदाहरण देते हुए कहा कि फैसले तो हमारे खिलाफ भी आते हैं। न्यायिक व्यवस्था है, मानना चाहिए। कांग्रेस ने क्या किया, तीन लोगों पर तरजीह देकर चौथे को मुख्य न्यायाधीश बनाने का काम किया जिसकी वजह से तीनों इस्तीफा देकर घर चले गए। ये बार-बार दोहराना चाहिए, हर बच्चे को रटाना चाहिए कि तानाशाहों को क्या करना चाहिए जिससे कोई हिम्मत न कर सके इमरजेंसी लाने की। एडीएम जबलपुर जस्टिस खन्ना कभी चीफ जस्टिस नहीं बन पाए और रिटायर हो जाना पड़ा। उच्च न्यायालय के 18 न्यायाधीशों का ट्रांसफर कर दिया। इन्होंने प्रत्यक्षीकरण को एंटरटेन किया था। हर व्यक्ति को समानता के साथ जीने का अधिकार है। सब समझते हैं कि व्यक्ति की माली हालत बुद्धिमता और उसके परिश्रम पर निर्भर करता है। 75 साल तक इस देश की जनता को गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस पार्टी गरीब रखे रही। 9.6 करोड गरीब महिलाओं को मोदी सरकार ने ● शेष पेज 11 पर



- हर बच्चे को रटाना चाहिए कि तानाशाहों के साथ क्या करना चाहिए : अमित शाह
- 370 हटाने से तुष्टिकरण की दुकान बंद हो गई : शाह
- हमारी सरकारें अन्य राज्यों में भी यूसीसी लाएंगी : अमित शाह
- हमने 160 कानून खत्म किए, पीछे नहीं गए : अमित शाह
- संविधान संशोधनों से पता चलता है पार्टियों का कैरेक्टर
- कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण के लिए 50 फीसदी की लिमिट बढ़ाना चाहती है : शाह

# संभल में मिला और एक बंद मंदिर

एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में एक और मंदिर बंद मिला है। बंद पड़े मिले मंदिर को राधा कृष्ण का मंदिर बताया जा रहा है।

संभल के हयातनगर क्षेत्र के मोहल्ला सरायतरीन के कछुवायन में मंगलवार को राधा कृष्ण के एक मंदिर के काफी समय से बंद होने की जानकारी मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आसपास मुस्लिम आबादी के साथ-साथ कुछ हिंदुओं की भी आबादी थी लेकिन हिंदू आबादी के लोग धीरे-धीरे मोहल्ले को छोड़कर चले गए जिस कारण मंदिर में पूजा पाठ बंद हो गया और मंदिर में ताला लग गया। प्रशासन अब मंदिर को खुलवाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि बीते माह संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए विवाद में चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी। विवाद के दौरान कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं ● शेष पेज 11 पर



### बदायूं की अदालत 24 दिसंबर को तय करेगी कि शम्सी मस्जिद बनाम नीलकंठ मंदिर मामले की सुनवाई होगी या नहीं

**बदायूं।** बदायूं की एक अदालत 24 दिसंबर को तय करेगी कि जामा मस्जिद शम्सी बनाम नीलकंठ मंदिर मामले में सुनवाई होगी या नहीं। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अनवर आलम ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने प्रार्थना पत्र के साथ उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति अदालत में पेश की और कहा कि शीर्ष न्यायालय ने 12 दिसंबर को आदेश दिया है कि ऐसे मामलों में निचली अदालत कोई आदेश पारित न करे और न ही सर्वे पर कोई निर्णय ले। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ● शेष पेज 11 पर

## सार्वजनिक उपक्रम देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएंगे : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बैठक में पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद बनाए गए सार्वजनिक क्षेत्र के नये उपक्रमों की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों को वित्तीय आंकड़ों, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात, नए उत्पादों और अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण, उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और एमएसएमई को बढ़ावा देने में नए उपक्रमों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निगमीकरण के बाद, नए उपक्रमों ने उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में इन उपक्रमों की बिक्री और लाभ ● शेष पेज 11 पर

# नीट ऑनलाइन या 'पेन और पेपर मोड' में हो इस पर जल्द फैसला होने की उम्मीद : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात पर विचार कर रहे हैं कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाले नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) का आयोजन पारंपरिक 'पेन और पेपर मोड' में किया जाए या फिर ऑनलाइन मोड में और इस संबंध में जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ दो दौर की वार्ता की है। वर्तमान में, नीट-यूजी का आयोजन ऑफलाइन यानी 'पेन और पेपर मोड' में किया जाता है, जिसमें छात्रों को ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने होते हैं। नीट इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के लिहाज से देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। 2024 में रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी थी। प्रधान ने संवाददाताओं से कहा, ''नीट का प्रशासनिक मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय है। इसलिए हम उनके साथ इस विषय पर बात कर रहे हैं कि नीट का आयोजन 'पेन और पेपर मोड' में किया जाना चाहिए या फिर 'ऑनलाइन मोड' में। जेपी नड्डा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ हमारी दो दौर की बातचीत हुई है। परीक्षा आयोजित करने के लिए जो भी विकल्प सबसे उपयुक्त माना जाएगा, एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा ● शेष पेज 11 पर



### एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें 2025 से सस्ती होंगी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को घोषणा की कि अगले साल से कुछ कक्षाओं के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों की कीमतें कम होंगी। प्रधान ने कहा कि परिषद वर्तमान में प्रति वर्ष पांच करोड़ पाठ्य पुस्तकें छापती है और अगले वर्ष से इस क्षमता को बढ़ाकर 15 करोड़ करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी बताया कि नौवीं से 12वीं कक्षा के लिए अद्यतन पाठ्यक्रम के अनुसार नयी पाठ्यपुस्तकें 2026-27 शैक्षणिक सत्र से उपलब्ध होंगी। प्रधान ने संवाददाताओं से कहा, 'अगले शैक्षणिक वर्ष में एनसीईआरटी 15 करोड़ गुणवत्तापूर्ण और किफायती किताबें प्रकाशित करेगी....फिलहाल यह करीब पांच करोड़ पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करता है।

**कांग्रेस नेता फिलीस्तीन का बैग लेकर घूम रहीं, हम युवाओं को इजराइल भेज रहे : योगी**

# नकारात्मकता किसी समस्या का समाधान नहीं : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- पारदर्शिता के साथ युवाओं को मिल रही है सरकारी नौकरी: मुख्यमंत्री
- उप्र पुलिस में 1.56 लाख पुलिस कर्मियों की हो चुकी भर्ती: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि वह फिलीस्तीन का बैग लेकर घूम रहीं हैं, हम युवाओं को इजरायल भेज रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में ये बातें तब कहीं जब विपक्ष ने युवाओं को रोजगार न मिलने का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कल कांग्रेस की एक नेता संसद में फिलीस्तीन का बैग लेकर घूम रही थीं और हम यूपी के नौजवानों को इजराइल भेज रहे हैं। उन्होंने सदन में सामने बैठे विपक्षी नेताओं से कहा प्रदेश के नौजवानों के हितों के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। श्री योगी ने मंगलवार को सदन में चर्चा के दौरान कहा कि विपक्ष का मतलब नकारात्मक नहीं हो सकता है। विपक्ष का मतलब हर चीज में बुराई करना नहीं हो सकता है। कुछ अच्छा भी करिए, अच्छा सोचिए, अच्छी दिशा में चलिए, अच्छी दिशा में चलेंगे तो आगे अच्छा ही देखने को मिलेगा, लेकिन अगर नकारात्मक दिशा में चलेंगे तो एक तरफ कुआं और एक तरफ खाई ही मिलेगी। नकारात्मकता किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। उन्होने कहा कि प्रदेश के नौजवानों के हितों के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। विपक्ष के सदस्य यदि सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में समझकर अपने क्षेत्र में कार्य करेंगे तो उनके क्षेत्र के नौजवानों का ही भला होगा और उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा, नहीं तो वही होगा जो कुंदरकी में हुआ है। श्री योगी ने कहा हमें उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। सदन में कुम्भ पर भी चर्चा होगी और मुझे लगता है कुम्भ हमारे लिए एक अवसर होगा उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर शोकेस करने का, लेकिन इसके लिए अच्छा बोलना और सोचना पड़ेगा। नकारात्मकता को हटाना पड़ेगा।

उन्होने कहा कि यूपी के अब तक लगभग पांच हजार 600 से अधिक नौजवान इजराइल में निर्माण कार्य करने गए हैं। हर नौजवान को वहां रहने और खाने की निःशुल्क सुविधा के साथ डेढ़ लाख रुपए अतिरिक्त मिल रहे हैं। उन्हें सुरक्षा की भी पूरी गारंटी है। अभी इजराइल के राजदूत आए थे। उन्होंने कहा कि हम यूपी के और भी नौजवानों को ले जाना चाहते हैं, क्योंकि यहां का नौजवान अच्छा कार्य कर रहा है। उसकी स्किल की ताकत को आज दुनिया मान रही है। जब वो नौजवान ये डेढ़ लाख रुपये अपने घर ● शेष पेज 11 पर



### पॉक्सो एक्ट में अब तक 2440 अपराधियों को दिलाई सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को दावा किया कि पिछले साढ़े सात वर्षों में महिला समेत हर प्रकार के अपराध में गिरावट दर्ज की गई है जबकि अपराधियों को सजा दिलाने में भी प्रदेश सरकार सबसे ज्यादा सफल हुई है। उन्होंने विपक्ष के सवालों को जवाब देते हुए कहा कि एक जनवरी 2024 से 30 नवंबर के बीच 1090 वीमेन पावर लाइन पर 4,18,504 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें चार लाख नौ हजार 912 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसका रेश्यो 97.95 प्रतिशत है। वहीं पेंडिंग 8,592 मामलों के निस्तारण के लिए कार्रवाई की जा रही है। श्री खन्ना ने कहा कि दहेज मृत्यु के मामले में भी लगातार कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2017 में 2524 मामले सामने आए थे। 1 जनवरी 2024 से 31 अक्टूबर तक इस पर 1418 केस दर्ज किए गए।

### योगी सरकार ने पेश किया 17,865 करोड़ का अनुपूरक बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विकास कार्यो को रफ्तार देने का हवाला देते हुये वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपना दूसरा अनुपूरक बजट मंगलवार को विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अनुपूरक अनुदान का आकार 17,865.72 करोड़ रुपये रखा गया है जिसमें 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। अनुपूरक बजट मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपये) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व, योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट जुलाई में पेश किया था। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का मौजूदा वित्त वर्ष का कुल बजट अब सात लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपये है। यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपये के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपये का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपये, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपये, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपये, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपये, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपये, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपये, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपये, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपये का बजट प्राविधानित किया गया है।

# एक देश एक चुनाव का फैसला लोकतंत्र के लिये घातक : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' का फ़ैसला सच्चे लोकतंत्र के लिए घातक साबित होगा और यह देश के संघीय ढांचे पर भी एक बड़ी चोट करेगा।

उन्होने कहा कि इससे क्षेत्रीय मुद्दों का महत्व ख़त्म हो जाएगा और जनता उन बड़े दिखावटी मुद्दों के मायाजाल मे फंसकर रह जाएगी, जिन तक उनकी पहुँच ही नहीं है। लोकतांत्रिक संदर्भों में 'एक' शब्द ही अलोकतांत्रिक है। लोकतंत्र बहुलता का पक्षधर होता है। 'एक' की भावना में दूसरे के लिए स्थान नहीं होता। जिससे सामाजिक सहनशीलता का हनन होता है। व्यक्तिगत स्तर पर 'एक' का भाव, अहंकार को जन्म देता है और सत्ता को तानाशाही बना देता है।



श्री यादव ने कहा कि देश में जब राज्य बनाए गये तो ये माना गया कि एक तरह की भौगोलिक, भाषाई व उप सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के क्षेत्रों को 'राज्य' की एक इकाई के रूप में चिन्हित किया जाए। इसके पीछे की सोच ये थी कि ऐसे क्षेत्रों की समस्याएं और अपेक्षाएं एक सी होती हैं, इसीलिए इन्हें एक मानकर नीचे-से-ऊपर की ओर ग्राम, विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा के स्तर तक जन प्रतिनिधि बनाएं जाएं। इसके मूल में स्थानीय से लेकर क्षेत्रीय सरोकार सबसे ऊपर थे। 'एक देश-एक चुनाव' का विचार इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही पलटने का षड्यंत्र है। उन्होने कहा कि एक तरह से ये संविधान को ख़त्म करने का एक और षड्यंत्र भी है। इससे राज्यों का महत्व भी घटेगा और राज्यसभा का भी। कल को ये भाजपा वाले राज्यसभा को भी भंग करने की माँग करेंगे और अपनी तानाशाही लाने के लिए नया नारा देंगे 'एक देश-एक सभा'। जबकि सच्चाई ये है कि हमारे यहाँ राज्य को मूल मानते हुए ही 'राज्यसभा' की निरंतरता का संवैधानिक प्रावधान है। लोकसभा तो पाँच वर्ष तक की समयावधि के लिए होती है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा होने से लोकतंत्र की जगह एकतंत्रीय व्यवस्था जन्म लेगी, जिससे देश तानाशाही की ओर जाएगा।

दिखावटी चुनाव केवल सत्ता पाने का ज़रिया बनकर रह जाएगा। अगर भाजपाइयों को लगता है कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन, अच्छी बात है तो फिर देर किस बात की, केंद्र व सभी राज्यों की सरकारें भंग करके तुरंत चुनाव कराइए। दरअसल ये भी 'नारी शक्ति वंदन' की तरह एक जुमला ही है। ये जुमला भाजपा की दो विरोधाभासी बातों से बना है। जिसमें कथनी-करनी का भेद है। भाजपावाले एक तरफ़ 'एक देश' की बात तो करते हैं, पर देश की एकता को खंडित कर रहे हैं, बिना एकता के 'एक देश' कहना व्यर्थ है; दूसरी तरफ़ ये जब 'एक चुनाव' की बात करते हैं तो उसमें भी विरोधाभास है, दरअसल ये 'एक को चुनने' की बात करते हैं। जो लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ़ है।

# संभल हिंसा पर दूसरी जनहित याचिका भी खारिज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा और मौतों की जांच स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने तथा न्यायालय द्वारा स्वयं जांच की निगरानी करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि इस मामले को लेकर सरकार पहले ही हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित कर चुकी है। आयोग को सभी प्रकार की जांच का अधिकार है । याची चाहे तो अपने साक्ष्य आयोग के समक्ष रख सकते हैं।

न्यायालय ने कहा कि इस स्तर पर मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट की जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने सुनवाई की।

याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी जबकि प्रदेश सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता और शासकीय अधिवक्ता ने पक्ष रखा। याचिका में कहा गया कि संभल हिंसा की किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए तथा पूरे घटनाक्रम की स्टेटस रिपोर्ट सामने लाई जाए। घटना में मरने वालों की संख्या और इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या को सार्वजनिक किया जाए। संभल हिंसा को लेकर दर्ज प्राथमिक की वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की गई तथा यह भी मांग की गई की सभी शिकायतों की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट स्वयं करें। याचिका में संभल के डीएम, एसपी, कमिश्नर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पद से हटाने और उन पर कार्रवाई की मांग की गई थी। याची पक्ष का कहना था कि इस मामले की जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने की जरूरत है। क्योंकि साक्ष्य के नष्ट हो जाने का खतरा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि न्यायिक आयोग जांच कर रहा है, क्या आप उस पर अविश्वास कर रहे हैं । याची के अधिवक्ता का कहना था कि आयोग की रिपोर्ट सरकार पर बाध्यकारी नहीं है। कोर्ट याची के अधिवक्ता के इस दलील से सहमत नहीं हुई।

दूसरी ओर अपर महाधिवक्ता और शासकीय अधिवक्ता का कहना था कि राज्य सरकार ने न्यायिक आयोग गठित कर दिया है। जिसमें हाईकोर्ट के एक रिटायर्ड जज ,एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी तथा एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी शामिल है। आयोग को सभी प्रकार के साक्ष्य लेने का अधिकार है और कोई भी व्यक्ति आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। आयोग द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य जिला जज की कस्टडी में रखे जाते हैं इसलिए इनके नष्ट होने की आशंका जताना बेबुनियाद है। कोर्ट को बताया गया कि संभल हिंसा की प्राथमिकी पहले ही वेबसाइट पर लोड कर दी गई है याची चाहे तो वहां से डाउनलोड कर सकते हैं ।

# महाकुंभ में चप्पे चप्पे पर नजर रखेगा 'टीथर्ड ड्रोन'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बडे आध्यात्मिक समागम महाकुंभ में भारी भीड़ पर निगरानी करने के लिए पहली बार टीथर्ड ड्रोन का उपयोग किया है।

महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने इसे सेकेंडों में अलर्ट मोड में आ जाने वाला नायाब उपकरण बताया है। हाई सिक्योरिटी टीथर्ड ड्रोन की नजर से किसी का भी बच पाना नामुमकिन है। इसमें हाई रिजॉल्यूशन इमेज, वीडियो और सेंसर डेटा एकत्र करने की अद्भुत क्षमता है। डेटा ट्रांसमिशन के लिए यह बेहद सुरक्षित है और ऊंचाई से हर छोटी-बड़ी गतिविधियां कैप्चर करने में इसे महारत हासिल है। श्री द्विवेदी ने बताया कि महाकुंभनगर की पुलिस के लिए टीथर्ड ड्रोन तीसरी आंख का काम कर रहा है। इससे बच पाना किसी के लिए भी नामुमकिन है। इसके जरिए संगम तट के अलावा अत्यधिक भीड़ भाड़ वाले घाटों और प्रमुख स्थलों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थलों पर नजर रखने के लिए इसको तैनात कर दिया गया है, जो पलक झपकते ही श्रद्धालुओं से संबंधित अलर्ट अधिकारियों को जारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा पूरे मेला क्षेत्र में 2750 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसमें आधे से ज्यादा आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस (एआई) लाइसेंस युक्त कैमरे भी शामिल हैं। श्री द्विवेदी ने बताया कि इस बार महाकुंभनगर में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। टीथर्ड ड्रोन एक विशेष प्रकार के कैमरे होते हैं। इन कैमरों को एक बड़े बलून के सहारे रस्सी से बांधकर एक निश्चित ऊंचाई पर तैनात किया जाता है। महाकुंभनगर में इन्हें ऊंचे टॉवर्स पर इंस्टॉल किया जा रहा है। यहीं से ये पूरे मेला क्षेत्र में नजर रख रहे हैं। इन्हें बार-बार उतारना भी नहीं पड़ेगा और ये पूरे मेला क्षेत्र पर अपनी पैनी नजर से निगरानी कर सकने में सक्षम हैं।

# अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर लड़नी होगी अपनी लड़ाई : अनीस मंसूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों के अल्पसंख्यकों को एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सभी अल्पसंख्यकों को एक मंच पर आकर अपने अधिकारों के लिए खुद संघर्ष करना होगा, क्योंकि वर्तमान सरकारें उनके हितों की अनदेखी कर रही हैं।

अनीस मंसूरी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एक विशेष जाति के लोगों को लाभ पहुंचाने के अलावा अन्य अल्पसंख्यक वर्गों के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में सभी धर्मों के अल्पसंख्यकों को विशेष अधिकार दिए थे ताकि वे सामाजिक और आर्थिक न्याय प्राप्त कर सकें। लेकिन आज हालात यह हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें संविधान की अनदेखी कर मनमाने तरीके



से शासन चला रही हैं। अनीस मंसूरी ने कहा कि देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय, मुसलमानों में 80 प्रतिशत आबादी पसमांदा बिरादरी की है, लेकिन यह समाज आज भी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे अधिक पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले तीन वर्षों में कई मंचों से स्वीकार किया है कि पसमांदा मुसलमानों की स्थिति दयनीय है। हालांकि, उन्होंने अफसोस जताया कि प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार यह बात कहे जाने के बावजूद पसमांदा समाज के उत्थान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। मंसूरी ने कहा कि पसमांदा समाज के लोग अभी भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। श्री मंसूरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार केवल दिखावटी घोषणाएं कर रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अल्पसंख्यकों के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों में आने वाले सभी धर्मों - मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को मिलकर संविधान प्रदत्त अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। अगर सभी अल्पसंख्यक समाज एक मंच पर आकर संगठित संघर्ष करेंगे तो उन्हें उनके अधिकार अवश्य मिलेंगे। अनीस मंसूरी ने कहा कि संविधानिक अधिकारों की रक्षा और समाज के उत्थान के लिए सभी अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी।

## मुरादाबाद में सड़क हादसे में परिवार के चार सदस्यों की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर मंगलवार दोपहर तेज़ रफ़्तार बोलेरो की चपेट में आने से पति-पत्नी व उनकी दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ( नगर ) कुमार रणविजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि दोपहर लगभग डेढ़ बजे पाकबड़ा थाने के सामने फ्लाईओवर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 के किनारे सवारी के इंतजार में खड़े दंपति व उनके दो बच्चों को दिल्ली की ओर से आ रही तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित बोलेरो ने रौंदते हुए कुछ दूर जाकर बोलेरो सड़क पर खड़े अन्य वाहन से टकरा गई। बोलेरो में सवार बुजुर्ग महिला एवं चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने थाना गंज जिला रामपुर निवासी फुरकान, पत्नी सीमा और इफत (02) और रमीशा (05) को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## उप्र में जिला सहकारी बैंकों में होंगी छह हजार भर्तियां

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में जिला सहकारी बैंकों में विभिन्न पदों पर करीब छह हजार भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। देवरिया, कसया जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष और पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल ने मंगलवार को यूनीवार्ता से कहा कि प्रदेश के 50 जिलों में जिला सहकारी बैंक की शाखा है और इस समय अनेक बैंकों में शाखा प्रबन्धक और कर्मचारियों की कमी देखी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सहकारी बैंकों में छह हजार विभिन्न पदों पर छह हजार भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश भर के किसानों, छोटे व्यवसायियों की उन्नति के लिये सहकारिता के माध्यम से अनेक प्रकल्प शुरू किये हैं। जिस पर ईमानदारी से कार्य किया जाय तो प्रगति निश्चित होगी। उन्होंने बताया कि देवरिया कसया जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों को 76 करोड़ रुपए कृषि ऋण के रूप में मात्र तीन रुपए प्रति सैकड़ा वार्षिक ब्याज पर वितरित किया गया है। साधन सहकारी समितियों को किसानों के हित में खाद,बीज के लिए 64 करोड़ रुपए वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि समितियों के सुचारू संचालन के लिये क्रियाशील पूंजी के रूप में बिना ब्याज के दस,दस लाख रुपए दिए गए हैं।उन्होंने छोटे व्यवसायियों के आर्थिक उन्नति की दिशा में बैंक की योजनाओं को ठीक से क्रियानवित किए जाने का निर्देश दिया है।

## उप्र में जिला सहकारी बैंकों में होंगी छह हजार भर्तियां

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में जिला सहकारी बैंकों में विभिन्न पदों पर करीब छह हजार भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। देवरिया, कसया जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष और पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल ने मंगलवार को यूनीवार्ता से कहा कि प्रदेश के 50 जिलों में जिला सहकारी बैंक की शाखा है और इस समय अनेक बैंकों में शाखा प्रबन्धक और कर्मचारियों की कमी देखी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सहकारी बैंकों में छह हजार विभिन्न पदों पर छह हजार भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश भर के किसानों, छोटे व्यवसायियों की उन्नति के लिये सहकारिता के माध्यम से अनेक प्रकल्प शुरू किये हैं। जिस पर ईमानदारी से कार्य किया जाय तो प्रगति निश्चित होगी। उन्होंने बताया कि देवरिया कसया जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों को 76 करोड़ रुपए कृषि ऋण के रूप में मात्र तीन रुपए प्रति सैकड़ा वार्षिक ब्याज पर वितरित किया गया है। साधन सहकारी समितियों को किसानों के हित में खाद,बीज के लिए 64 करोड़ रुपए वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि समितियों के सुचारू संचालन के लिये क्रियाशील पूंजी के रूप में बिना ब्याज के दस,दस लाख रुपए दिए गए हैं।

## डंपर से कुचल कर मां बेटे की मौत

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश में कौशाम्बी के महेवा घाट क्षेत्र में मंगलवार को ओवर लोड डम्फर की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे की मृत्यु हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेवा घाट थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी नीरज पांडेय (25) अपनी मां जयंती उर्फ रानी पांडेय (44) को लेकर जिला अस्पताल मंझनपुर आ रहा था कि टिकरा गांव के बाहर हिनौता मोड़ के पास पीछे से ओवर लोड डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। इस हादसे में मां बेटे दोनों सड़क पर गिर पड़े और डंपर के पहिए के चपेट में आ गए जिससे दोनों की मृत्यु हो गई।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## आधा दर्जन लोग घायल, दोनों तरफ से क्रास एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र के करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मछहर का पुरवा में मामूली सी बात को लेकर बच्चों में हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे लात घुसे चले दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग घायल हो गए दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास केस मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी गंगाराम हरिजन की 10 वर्षीय लड़की पास की दुकान पर सामान लेने गई थी जहां पर दुकान पर ही कुछ गैर बिरादरी के लोगों ने बच्ची से और पास के कुछ बच्चे से किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था जिसमें को लेकर बच्चों ने गाली गलौज एवं पत्थर चलाना शुरु कर दिया इसकी सूचना परिजनों को मिलने पर परिजन लाठी



डंडा लेकर आमने-सामने जमकर एक? दूसरे पर पत्थर और लाठी डंडा चलाना शुरु कर दिया जिसमें अंगद सिंह कुकी सिंह अनमोल छबिराज सिंह अवधेश प्रताप धीरज सिंह बरम दिन सिंह अमन सिंह सहित अन्य लोग लाठी डंडा लेकर हमलावर हो गए जिसमें बबलू को हल्की चोटें आई वही लड़की पक्ष के तरफ से गंगाराम शिवधन का हाथ टूट गया गंगाराम की लड़की भी घायल हो गई इसकी सूचना तत्काल परिजनों ने 112 डायल को दिया जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करा कर थाने लाया गया जहां पर दोनों पक्षों का इलाज कराया गया वहीं पर दोनों तरफ से दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करछना पुलिस ने कर लिया है।

# भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए चलेगा अभियान

एजेंसी

बस्ती। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए अभियान चलेगा और इसके लिए सीमावर्ती थाने हमेशा अलर्ट मोड पर रहेंगे। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) दिनेश कुमार पी. ने मंगलवार को बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर के एलआईयू शाखा के अधिकारियों को निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि अप्रिय घटना घटित होने से पहले ही आवश्यक अभिसूचना संकलन करके सभी पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया जाए जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित होने पाये। उन्होने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर खाद तथा चायनीज लहसुन की तस्करी की शिकायतें प्राप्त हो रही है इसको रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमाबल (एसएसबी) के साथ बैठक करके चेकिंग अभियान तेज किया जाए जिससे शत-प्रतिशत तस्करी पर रोक लगायी जा सके। इसके लिए सिद्धार्थनगर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि सीमावर्ती थाने हमेशा अलर्ट मोड पर रहें। परिक्षेत्र में विभाग के जो लोग अवांछित गतिविधियों में लिप्त है उनके सम्बन्ध में अभिसूचना एकत्रित करके तुरन्त अवगत कराया जाए जिससे उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जा सके। उन्होंने कहा कि परिक्षेत्र में जो भी विवादित धार्मिक स्थल है, उन पर नजर बनाये रखे तथा समय-समय पर उस बिन्दु पर उच्चधिकारियों से चर्चा अवश्य हो जाया करें और मिश्रित आबादी वाले गांवों, स्थानों पर सर्तकता बहुत ही महत्वपूर्ण है, वहां पर निगरानी अवश्य करायी जाए। आगामी समय में क्रिसमस, नववर्ष, मकर संक्रान्ति तथा गणतंत्र दिवस का त्यौहार है इस मौके पर सम्बन्धित सूचना उच्चधिकारियों को समय से प्राप्त करा दिया जाए तथा सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था किया जाए।

# प्रयोगशाला अध्यक्ष ने सीएमओ प्रयागराज ने कुंभ मेला तैयारियों पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव ने प्रयागराज के नये सीएमओ डॉ अरुण तिवारी को कुंभ मेला दृष्टिगत तैयारियां पर चर्चा हुई और नव नियुक्त सीएमओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर मुलाक़ात की । बता दें की डॉ अरुण तिवारी ने जबसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज की कुर्सी संभाली है तबसे उनसे उन्हें बधाई देने वालों का ताँता लगा है । वहीं प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए धर्मेंद्र कुमार यादव ने भी मंगलवार को डॉ अरुण तिवारी से मुलाक़ात कर बधाई दी । सीएमओ और अध्यक्ष में काफ़ी देर तक प्रयागराज के स्वास्थ्य विभाग पर बात चीत हुई । बता दें की धर्मेंद्र कुमार महाकुम्भ मेले में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं ।

# क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ हो रही नाइंसाफी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- गैर जनपद की भी हो रही कोरांव मे धान तौल लग रहा अंगूठा
- जांच में खुल सकता है बड़ा राज

कोरांव प्रयागराज। जहाँ एक ओर योगी सरकार किसानो की सीधे धान तौल क्रय केंद्र पर कराने व किसानो को उचित मूल्य की गारंटी दे रही है वही दूसरी तरफ क्षेत्रीय किसानो समाजसेवियों व आम लोगो मे चर्चा है की कोरांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत हाट शाखा व समिति क्रय केंद्रों पर किसानो की सीधे धान तौल करने मे आनाकानी जिम्मेदार कर रहे है जब वही किसान धान को ब्यापारी के माध्यम बिक्री करता है तो किसान की धान क्रय केंद्र पर न ले जाकर सीधे मिलरो पर किसान ही पंहुचा दे रहे है और किसानो का अंगूठा केंद्र पर बुलाकर लगवा दे रहे है अंगूठा लगने के बाद अगले दिन खाता मे पैसा भी पहुंच जाता है फिर ब्यापारी किसान सें नगद पैसा लेकर मिलरो को प्रति कुंतल 200 सौ के लगभग कमीशन देने को मजबूर है उसी



200 सौ रूपये प्रति कुंतल कमीशन मे पुरे विभाग मे कमीशन का बड़ा खेल हो रहा है जिसके कारण लाख कोई शिकायत करता रहे कोई सुनवाई नहीँ हो रही केंद्रों पर गैर जनपद के साथ साथ अन्य तहसील के किसानो का अंगूठा लगवा दिया जा रहा जबकि अभी उनकी धान अभी उनके घर पर ही है केवल व केवल कमीशन के चक्कर मे बिना धान तौल कराये अंगूठा लगवा दिया जा रहा इतना ही नहीँ कई ऐसे क्रय केंद्र है जिनका कोई रता पता ही नहीँ है लेकीन अंगूठा लगवाकर कागज़ पर धान तौल हो रहा है इस बड़े खेल मे विभाग के बड़े बड़े अधिकारियो का हाथ है जिस कारण कोई जांच कार्रवाही नहीँ किया जा रहा जिससे सरकार की छबि धूमिल हो रहा है यदि अब तक जो भी धान तौल जिन जिन केंद्रों पर हुआ है यदि पूरा जांच किया जांच भ्रष्टाचार का पर्दाफास हो सकता है इसका असर आने वाले चुनाव पर पड़ सकता है क्षेत्रीय किसानो ने समय रहते हुये जिले के उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकृस्ट कराते हुये जांच कार्रवाही की माँग की है इस मामले मे जानकारी हेतु आरएमओ को फोन किया लेकीन फोन रिसीव नहीँ हुआ।


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकार क्षेत्र में 'गति-शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी)' के निर्माण के लिए इच्छुक निवेशकों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों, औद्योगिक इकाइयों आदि से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। उत्तर रेलवे।

लखनऊ डिवीजन में गति-शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल विकसित करने के लिए जिन स्टेशनों का चयन किया गया है और जिनके लिए ईओआई मांगी गई है, वे निम्न हैं:

1. **अनूपगंज(APG):** यह स्टेशन लखनऊ शहर के दक्षिण में स्थित हैं। प्रस्तावित टर्मिनल के निकट से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जाती है। प्रस्तावित टर्मिनल किसान पथ (बाहरी रिंग रोड) एवं शहीद पथ के द्वारा पूरे लखनऊ शहर एवं सभी राजमार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। जिससे ट्रकों का आवागमन प्रस्तावित टर्मिनल से सहज है। प्रस्तावित टर्मिनल में लखनऊ शहर के निकट एक सीमेंट, उर्वरक, ऑटोमोबाइल और कंटेनर हब के रूप में विकसित होने की क्षमता है।
2. **हरपालगंज(HRPG):** यह स्टेशन जौनपुर जिले में स्थित है और लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग के बहुत निकट है और वाराणसी औद्योगिक क्षेत्र से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। कई औद्योगिक केंद्र हरपालगंज के निकट हैं जिनमें सतहरिया, सिथवान और करखियांव सम्मिलित हैं।
3. यदि कोई निवेशक ऊपर बताए गए स्टेशनों (लखनऊ डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में) के अतिरिक्त किसी अन्य स्टेशन के निकट अपना गति शक्ति कार्गो टर्मिनल बनाना चाहता है, तो वे अपनी रुचि की अभिव्यक्ति का उल्लेख प्रस्ताव में कर सकते हैं।

इस प्रस्ताव का उद्देश्य 'गतिं-शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी)' नीति-2022 के तहत रेल कार्गो प्रबंधन के अतिरिक्त टर्मिनल विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के द्वारा निवेश को बढ़ावा देना है। नए कार्गो टर्मिनलों की स्थापना का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं आदि को रेलवे के माध्यम से अपनी सामग्री के परिवहन के लिए बढ़ावा देना है, जिससे समग्र लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, माल अग्रेषणकर्ता, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर आदि इस अवसर का उपयोग लखनऊ मंडल में नए टर्मिनल स्थापित करने के लिए कर सकते हैं। इससे न केवल व्यापार भागीदारों के लिए थोक कार्गो की आवाजाही में मदद मिलेगी बल्कि निवेशक के लाभ में काफी तेजी से वृद्धि आएगी।

गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल पॉलिसी 2022 के तहत, निवेशक निम्नलिखित प्रकार से जीसीटी का निर्माण कर सकते हैं:

1. गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल निजी भूमि पर यानी पूरी तरह से गैर-रेलवे भूमि पर (अनुसूची - 1)
2. गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल 'पूर्ण/आंशिक रूप से' रेलवे भूमि पर (अनुसूची - 2)।

विस्तृत जानकारी और ईओआई दस्तावेज़ दिनांक 19.12.2024 से 03.01.2025 तक नीचे दिये गए लिंक से प्राप्त और डाउनलोड किया जा सकता है- **https://nr.indianrailways.gov.in** >निविदाएं >निविदाएं > डीटी से सभी सक्रिय निविदाएं दिखाने के लिए यहां क्लिक करें।

इच्छुक निवेशक अपने ईओआई को अपने लेटर हेड पर अनुबंध 'ए' में मांगी गई जानकारी के साथ एक सीलबंद लिफाफे में "वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कार्यालय, डीआरएम कार्यालय परिसर, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ -226001 या हस्ताक्षरित प्रस्ताव ईमेल आईडी srdomlko@gmail.com पर 10.01.2025 तक भेजे।

**वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक**
**लखनऊ, उत्तर रेलवे**

3860/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ । राजधानी में ठंड और शीत लहर को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने मंगलवार को मोहनलालगंज स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरतमंद गरीबों व वृद्धजनों एवं महिलाओं को कंबल का वितरण कर रैन बसेरा के समुचित रखरखाव के दिशा निर्देश उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को दिए मोहनलालगंज नगर पंचायत के कारु वीर बाबा मंदिर प्रांगण में बने रैन बसेरे के निरीक्षण की सूचना मंगलवार सुबह मिलते ही सभी अधिकारी आनन-फानन रैन बसेरा पर पहुंचे और रैन बसेरा के आसपास सफाई व चूना डालकर साफ सुथरा दिखाने का प्रयास किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि मोहनलालगंज नगर पंचायत एवं तहसील क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर अभी तक प्रशासन की तरफ से अलाव की

**चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने के लिए दिशा निर्देश**

कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है जिससे रात को ठंड से ठिठुर रहे बेसहारा एवं वृद्ध लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद उप जिलाअधिकारी बीके वर्मा, तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मनीष राय को सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने के उचित प्रबंध कराने के दिशा निर्देश दिए। वही जिलाधिकारी ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड को देखते हुए सभी रात्रि में भ्रमणशील रहे और खुले में सोने वालो को रैन बसेरों में पहुंचाए और आर्थिक रूप से कमजोर/निराश्रित लोगों को कंबल उपलब्ध कराते हुए अलाव की व्यवस्था कराए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज, तहसीलदार, नगर पंचायत अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यम पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

# भाकियू ने थाने पर गिरफ्तारी देकर जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली में मंगलवार को प्राधिकरण की मनमानी से किसानों के लिए उत्पन्न समस्याओं को लेकर गौतम बुद्ध नगर में पंचायत कर धरने पर बैठे जेल में बंद किए गए किसान नेताओं को ससम्मान रिहाई किए जाने की प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री से मांग कर किसानों ने भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति अ0रा0 के बैनर तले धरना देकर प्रदर्शन किया जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर इको गार्डन धरना स्थल भिजवाया । मोहनलालगंज कोतवाली में मंगलवार की दोपहर धरना देकर प्रदर्शन कर रहे भाकियू लोकशक्ति अ0रा0 के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा उर्फ रिंकू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कोतवाली प्रभारी के माध्यम से भेजे गए पत्र में गौतम बुद्ध नगर जेल में 2 दिसंबर से बंद आंदोलनकारी किसान नेताओं को ससम्मान रिहाई करने तथा 2012 से प्राधिकरण की मनमानी से किसानों के लिए उत्पन्न समस्याओं के विषय में प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा सरकार को गलत जानकारी दी गई जिसकी जांच करा कर किसाने की समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग कर रहे 14 महिलाओं समेत 60 किसानों ने गिरफ्तारी दी। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया की कोतवाली पर धरना प्रदर्शन कर रहे 60 किसानों को गिरफ्तार कर बस द्वारा धरना स्थल इको गार्डन भेज दिया गया है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रत्याशियों का नामांकन संपन्न हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । संगठन के निर्देशानुसार सुरभि पब्लिक स्कूल केशव नगर के प्रांगण में उत्तर विधानसभा के उत्तर मंडल 4 के मंडल अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशियों का नामांकन हुआ। मंडल चुनाव अधिकारी अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य आदरणीय श्रीमान रमेश तूफानी, कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत मंडल अध्यक्ष आदरणीय श्रीमान रामशरण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र मौर्य, श्रीमान पुनीत शुक्ला, श्रीमान विनोद अवस्थी, श्रीमान विनोद बाजपेई उत्तर मंडल 4 के लोकप्रिय मंत्री श्री गीतेश मिश्रा राहुल भैया, लोकप्रिय महामंत्री श्रीमती नम्रता सिंह श्रीनेत,भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रिय महिला नेत्री सुश्री श्रेया निगम, दिनेश पाल, सुनील सिंह, सुधीर सिंह, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, आशीष सिंह के साथ अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्द पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ ।

## वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज नगर पंचायत कस्बे मे बीते सोमवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर झुलसी वृद्ध महिला की मंगलवार की सुबह मौत हो गई । सोशल मीडिया पर वायरल हुए मैसेज के आधार पर पुलिस सीएचसी से जानकारी लेकर मृतका के घर पहुंची तो मृतका के बेटों ने मां के अत्यंत जले वृद्ध शरीर का पीएम कराने से इनकार कर दिया तो पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर वृद्ध महिला के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए उसके बेटों को सुपुर्द कर दिया। मोहनलालगंज नगर पंचायत के कस्बे की रहने वाली 75 वर्षीय किशाना देवी ने घर में अकेले रहने के दौरान सोमवार की दोपहर बीमारी से असहनीय शारीरिक पीड़ा के चलते अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा ली । वृद्ध महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे उसके बेटों व पड़ोसियों ने आग बुझाकर उपचार के लिए सीएचसी ले गए । जहां पर मौजूद डाक्टर ने 80% जली महिला को इलाज के लिए बड़े अस्पताल के बर्न यूनिट में ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन निजी अस्पतालों में ले गये जहां समुचित इलाज की सुविधा न मिलने पर वापस घर ले आए जिससे तड़प तड़प कर मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई । किशाना देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर हुई मौत के सन्दर्भ में इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि वृद्ध महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर हुई मौत की सूचना उन्हें सोशल मीडिया से मिली जिसके बाद पुलिस की टीम सीएचसी से जानकारी लेने के बाद सीधे मृतका के घर पहुंची और शव को कब्जे में लिया मृतका के शव के साथ मौजूद बेटे लखन , कन्हाई ,छविनाथ तथा प्रेमनाथ 47 ने पुलिस को बताया की मेरी मां पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से बीमार थी जिसके चलते वह दो बार पहले भी जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर चुकी है। बीते सोमवार की दोपहर जब घर पर कोई नहीं था और सभी लोग बाहर गए हुए थे तभी वृद्ध मां ने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा लिया था और बुरी तरह झुलस गई जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल भी ले गए लेकिन उन्हें बचा नहीं सके जिनकी मंगलवार सुबह मौत हो गई। किशाना देवी के बेटों एवं मायके से आए भतीजे ने अत्यंत वृद्ध एवं जले शरीर का पीएम कराने से इनकार कर पंचायत नामा भर शव सुपुर्द करने की मांग करने लगे जिसके बाद पुलिस ने पंचायत नामा भर शव के अंतिम संस्कार करने के लिए उसकी परिजनों को सौंप दिया।

### एलडीए ने किए गोमती नगर विस्तार में 4 अवैध निर्माण सील



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर विस्तार में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से किये जा रहे 4 निर्माण सील कर दिए। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि डॉ संजय हिन्द व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में लगभग 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इसी तरह अमित कुमार व अन्य द्वारा सेक्टर-7 में लगभग 180 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं अरूण पाल व अन्य द्वारा लगभग 550 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा महेन्द्र पाण्डेय व अन्य द्वारा लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। इन चारों निर्माण कार्यों के ख़िलाफ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता उदयवीर सिंह व अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से चारों निर्माण कार्यों को सील कर दिया गया।

### बैंक कर्मचारी ने खुद को मारी गोली, मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना चिनहट क्षेत्र में एक युवक ने गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली युवक की पत्नी मुंबई में रहती है। सुबह से कॉल कर रही थी फोन नहीं उठने पर लखनऊ में रहने वाले रिश्तेदार को सूचना दी। उन्होंने रूम पर जाकर देखा तो घटना की जानकारी हुई मौके पर पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही थी। प्रयागराज के रहने वाले सूरज पांडे पुत्र अरुण पांडे ने सोमवार सुबह पिस्टल से गोली मार कर सुसाइड कर लिया सूरज लखनऊ के चिनहट इलाके में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट बैंक में जॉब करता था सोमवार सुबह से पत्नी उनको कॉल कर रही थी लेकिन अरुण फोन रिसीव नहीं कर रहे थे इस पर पत्नी ने आलमबाग के रहने वाले रिश्तेदार को कॉल करके जानकारी करने को बोला। वह जब मकान पर पहुंचा तो दरवाजा बंद था कुछ देर आवाज लगाने के बाद कोई आहत न मिली तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो सूरज खून से लखपत पड़े हुए थे वहीं पास में ही एक पिस्टल पड़ी मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बांस कोठी में गमछे से लटकता मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बरगदाह गांव के पास स्थित बांस कोठी में मंगलवार की सुबह एक प्रोपर्टी डीलर का शव गमछे से लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईंगंज के बर्गदहा गांव में रहने वाले सुरेश रावत (55) का शव गांव के बाहर एक बांस कोठी में गमछे के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार वालों के अनुसार यह सतरिख थाना क्षेत्र मे किसी फार्म हाउस पर नौकरी करता था। वहां से कब यहां आए परिवार वालों को नहीं मालूम हुआ। मृतक के बेटे मनोज ने बताया कि पिता अपनी पत्नी के साथ न रहकर पिता अपनी पत्नी बिमला के साथ न रहकर पड़ोस की गांव में रहने वाली एक महिला के साथ रहते थे। उसका पति जेल में 302 के आरोप में बंद था। जिसकी हाल ही में उसने ज़मानत कराई थी। पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र परिजनों ने नही दिया है।

### जिला जेल में बिगड़ी कैदी की तबियत,इलाज के दौरान मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला जेल लखनऊ में बीते सोमवार को आचानक तबियत खराब होने के कारण एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जिले के पीर बटावन गांव निवासी पुरषोत्तम गिरी(75) जिला जेल लखनऊ में हत्या के आरोप में बंद थे। बीते सोमवार को आचानक उनकी तबियत बिगड़ी तो उन्हें कारागार से बलरामपुर अस्पताल शिप्ट किया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिवार में बेटी निकिता व पत्नी मुन्नीदेवी है। बेटी ने बताया कि उसके पिता हार्ड पेशेंट थे। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के दौरान मृतक का हार्ड व विसरा प्रजर्व किया गया है।

### चोरी में वांछित चल रहे दो चोरों को नगराम पुलिस ने पकड़ा

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना नगराम पुलिस ने सलेमपुर अचाका गांव में बीते 2 दिसम्बर की रात चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है , चोरों के कब्जे से चोरी गई सामान बरामद करते हुए जेल भेज दिया। थाना नगराम क्षेत्र के गांव सलेमपुर अचाका में गीता के घर में 2 दिसम्बर को चोरी की वारदात हुई थी , घटना के दौरान वह अपने मायके में थी,मामले में गीता ने गांव के ही रामदेव व एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया था , जिसमें गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बड़ी बैटरी समेत 11000 रूपए चोरी कर ले गए थे। उक्त मामले में पुलिस सक्रिय थी मंगलवार को सब इंस्पेक्टर अनुज भाटी व विजय सिंह का0 राकेश मिश्रा, नीलेश, अखिलेश की टीम ने मय सामान के साथ गांव से ही गिरफ्तार कर लिया।

# मोहान रोड योजना के चार सेक्टरों का एक साथ खुलेगा पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी मोहान रोड योजना के सेक्टर-तीन, चार, छः एवं 7 के भूखण्डों का पंजीकरण एक साथ खोलेगा। इसके लिए प्रथम चरण में इन चार सेक्टरों का रेरा में पंजीकरण कराया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को योजना का निरीक्षण करके इस बाबत दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि स्थल पर मशीन व श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाए। आपको बता दें वर्तमान में ग्राम-कलियाखेड़ा की अर्जित भूमि पर सेक्टर-6 का विकास कार्य किया जा रहा है। जिसमें सड़क की मार्किंग, सरफ़ेस ड्रेसिंग व लेवलिंग का कार्य करते हुए ले-आउट को धरातल पर उतार दिया गया है। जिसके बाद लगभग 25 करोड़ रूपये की लागत से सड़क निर्माण, नाली व सीवर का कार्य कराया जाएगा। यहाँ निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि पेड़ आदि परिसम्पत्तियों का मुआवजा वितरित करते हुए सेक्टर-3, 4 एवं 7 में भी विकास कार्य शुरू करवाया जाए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सेक्टर-3, 6 एवं 7 में 112.50 वर्गमीटर से लेकर 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 1617 भूखण्ड विकसित किये जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-4 में लगभग 56 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रुप हाउसिंग के 22 भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे। उक्त सेक्टरों में लोगों की सुविधा के लिए 18 बड़े-बड़े पार्क भी विकसित किये जाएंगे।

**(कलियाखेड़ा में भी बनेगा साइट ऑफिस)**

स्थल पर 25 ट्रैक्टर, 5 जेसीबीतथा 3 टोटल स्टेशन मशीन, 1 ग्रेडर मशीन व 5 रोलर से कार्य किया जा रहा था। जिसको देखकर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि मशीन व श्रमिकों की संख्या में वृद्धि करते हुए विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाए। निरीक्षण में पाया गया कि योजना का साइट ऑफिस ग्राम-प्यारेपुर में बना है, जहां से सेक्टर-6 की दूरी काफी अधिक है। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि ग्राम-प्यारेपुर की तरह कलियाखेड़ा में भी साइट ऑफिस बनवाया जाए, जिससे कि कार्यों का सम्पादन व्यवस्थित तरीके से किया जा सके। इसके अलावा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने देवपुर पारा आवासीय योजना का भी निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि एसएमआईजी व एमआईजी के कुल 1520 फ्लैट्स के सापेक्ष पार्किंग की संख्या कम है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना में रिक्त भूमि पर बेसमेंट पार्किंग व उसके ऊपर पार्क बनवाया जाए। इसके अलावा सोसाइटी में लगे पुराने झूलों को हटाकर नये आकर्षक झूले लगवाये जाएं। इसके बाद उपाध्यक्ष ने योजना में निर्मित किये जा रहे ईडब्ल्यूएस भवनों का निरीक्षण किया। इसमें कार्य की प्रगति धीमी मिलने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अगर दो सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो कार्यदायी संस्था पर जुर्माना लगाया जाए। इस मौके पर संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह, जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय एवं शशिभूषण पाठक व अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

## निगोहां मार्डन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां,लखनऊ। निगोहां स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य के नेतृत्व में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट, रस्सा कसी, खो-खो समेत कबड्डी खेल शामिल हैं। सोमवार व मंगलवार को बछरांवा मार्डन पब्लिक स्कूल व निगोहा मार्डन पब्लिक स्कूल के जुनियर छात्र-छात्राओं द्वारा खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। निगोहां मार्डन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में क्रिकेट बछरांवा मार्डन पब्लिक स्कूल व निगोहा मार्डन पब्लिक स्कूल के छात्रों के बीच हुआ जिसमें बछरांवा के छात्रों ने टास जीतकर पारी की शुरुआत की जिसमें 15 ओवर में 144 रन बनाए निगोहा के छात्रों ने 10 ओवर में ही जीत हासिल कर लिया। वही रस्साकसी में निगोहा की बालिकाओं ने बाजी मारी और बालकों में बछरांवा की टीम ने बाजी मारी, खो-खो में भी निगोहा की बालिकाओं ने बाजी मारी, कब्बड्डी में भी निगोहा मार्डन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी। विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक पृथ्वीराज ने ट्राफी और पदक व मेडल देकर सम्मानित किया, इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल स्पर्धाओं में भाग लेना चाहिए । उन्होंने खेलों को अनुशासन और टीम वर्क का जरिया बताया, इस दौरान समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक ने ट्राफी व मेडल पहनाकर किया सम्मानित**

**खेलकूद प्रतियोगिता में निगोहा के छात्रों ने मारी बाजी**


# किसान पथ पर वाहन की टक्कर से नीलगाय हुई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार को किसान पथ पर एक बार फिर तेज रफ्तार का क़हर देखने को मिला है। जहाँ सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एक तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने एक पशु को टक्कर मार कर घायल कर दिया और मौके से चलता बना। आपको बता दें की किसान पथ पर माइलस्टोन 9/600 शिव धारा, मोहिद्दीन पुर के पास एक तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने एक नीलगाय को टक्कर मार दी। ज़ोरदार टक्कर लगने से यह नीलगाय उछल कर दूर जा गिरी और बुरी तरह से घायल हो गयी। टक्कर लगने से घायल नीलगाय ख़ून से लथपथ हो गयी और वहीं रोड पर ही बैठ गयी। टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से चलता बना। कुछ देर बाद एनएचएआई के विष्णु चौधरी टीम सहित क्षेत्र का गश्त करते हुए घटना स्थल पहुंचे तभी उनकी नजर उस घायल नीलगाय पर पड़ी। इसके बाद विष्णु चौधरी ने घटना की सूचना नगर निगम को दी। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और घायल नीलगाय का रेस्क्यू कर नगर निगम लेकर चली गई।

## गुमशुदा की तलाश



**नाम**- कुन्दन कुमार ।
**पिता का नाम**- अयोध्या प्रसाद ।
**उम्र**- 23 साल
**मो0नं0** 7318587998
कद 5 फुट 2 इंच
**पहनावा** - हरे रंग की टी-शर्ट, एवं फार्मल पीले रंग की पैंट, सफ़ेद जूता ।
**हुलिया** — गेहुँआ रंग, इकहरा बदन, आँख, नाक, कान, औसतन ।
**पता**- ग्राम सिंवा, थाना - गुडम्बा लखनऊ
**नोट**- सर्व साधरण को सूचित किया जाता है, कुन्दन पुत्र अयोध्या प्रसाद मो0 नं.- 9005896946, 9517651882 निवासी ग्राम सिंवा, थाना- गुडम्बा लखनऊ दिनांक- 15/03/2024 को अपने घर से निकले थे जो कि दिनांक- 19/03/2024 को अपने चचेरे मामा मामपुर बाना थाना बी0के0टी0 लखनऊ के यहाँ थे तथा 20/03/2024 को सुबह समय 9:30 बजे खाना खाने के उपरान्त से घर नही पहुँचे हैं। जिस किसी व्यक्ति को इनके बारे में सूचना मिलती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना बी0के0टी0 लखनऊ
जनपद लखनऊ
मो0नं0-9454403842

उ0नि0/विवेचक
( रनवीर सिंह)
उ0नि0थाना- बी0के0टी0
जनपद-लखनऊ
मो0नं0 7500822750

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रगति में सुधार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमानुसार प्रक्रिया करते हुये समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। सभी विभाग बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने हेलीपोर्ट पर विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी कार्यों को तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि ड्राइंग सम्बन्धी कार्यों को भी तत्काल पूर्ण कराते हुए योजना पूर्ण कराई जाये। नैमिषारण्य बाईपास हेतु भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में जरूरतमंदों को कम्बल भी वितरित किए। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतलहर के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये तथा जरूरतमंदों को चिन्हित करते हुए कंबल भी वितरित कराए जाए।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य बाई पास, राजघाट, चक्रतीर्थ आदि स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि राजघाट पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। राजघाट पर पेयजल की आपूर्ति हेतु स्थापित प्याऊ पर विद्युत कनेक्शन कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि राजघाट पर डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और नोटिस बोर्ड भी लगाए जाये। निराश्रित गोवंश को संरक्षित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कल्ली चौराहे का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को चौराहे के दोनों ओर संकेतक एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी व सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सकरन की शाहपुर मनरेगा में फर्जी लेबर छोड़ एक मजदूर एक साथ दो जगह कर रहा काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




(सीतापुर)। क्षेत्र में मनरेगा घोटाला है कि नहीं ले रहा थमने का नाम,ग्राम पंचायत शाहपुर ग्राम प्रधान द्वारा की रोजगार सेवक के द्वारा फर्जी मजदूरों द्वारा

**ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी कामों की शिकायत के बाद भी नहीं बंद हो रहा फर्जीवाड़ा, रोजगार सेवक दे रहा फर्जी मजदूरों के साथ फर्जी कामों को अंजाम**

फर्जी काम कारित करने की शिकायत किए जाने के बावजूद भी नहीं थम रहा मनरेगा फर्जीवाड़ा।ग्रामनिवासी आशाराम द्वारा मय साक्ष्य खंड विकास अधिकारी से शिकायत किए जाने के उपरांत भी कोई कार्यवाई न होना बड़े घोटाले को अंजाम दे रहा।

ठीक इसी प्रकार सटी ग्राम पंचायत कम्हरिया कटेसर में भी दो चकबन्ध पटानों पर 92 लेबरों के सापेक्ष पूरा दिन एक भी लेबर कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिला। अब शाहपुर व कम्हरिया कटेसर सहित कलिमापुर ग्राम पंचायतों में मनरेगा घोटाला है कि नहीं ले रहा थमने का नाम।

आखिर एक एक कामों पर नजर रखने वाले खंड विकास अधिकारी सिर्फ एस्टीमेट बना उसकी सेटिंग तक ही रहेंगे जिम्मेदार या इन पंचायतों के कामों की जांच के लिए भी बनेगी जांच समिति।

# पेंशनर्स की समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को पेंशनर्स दिवस समारोह का आयोजन किया गया। पेंशनर्स दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पेंशनर्स की समस्याओं को एक-एक करके सुना एवं उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिये कि वह पेंशनर्स की समस्याओं का नियमानुसार प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने विभागों में लम्बित पेंशन संबंधी प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। समारोह के दौरान वरिष्ठ पेंशनर्स को सम्मानित भी किया गया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन सभी पेंशनर्स की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने समारोह में आये सभी वरिष्ठ पेंशनर्स एवं पेंशनर्स यूनियन के प्रतिनिधियों को धन्यवाद भी दिया। समारोह के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु शासन के निर्देश के क्रम में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये वरिष्ठ पेंशनर, संबंधित विभागों के अधिकारी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पैर फिसलने से युवक नहर में गिरा, तलाा जारी

बल्दीराय/सुल्तानपुर। घर से बाजार गए युवक का पैर फिसलने से वह नहर में डूब गया पुलिस व परिजन नहर में युवक की खोज कर रहे है। थाना ।नपतगंज के पीरोसरैया निवासी राम सुमिरन पटवा उर्फ दीपू पुत्र महराज दीन पटवा उम्र (40) मंगलवार को घर से हरौरा बाजार घरेलू सामान लेने गया था। शाम लगभग छ:बजे वह सामान लेकर घर वापस लौट रहा था तो युवक नहर के किनारे लघुशंका करने चला गया। शारदा सहायक नहर खन्ड सोलह में पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया जब तक आस पास के लोगो को जानकारी होती तब तक युवक नहर की तेज लहरों के साथ बह गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना युवक के परिजनों और ।नपतगंज पुलिस को दी । युवक की नहर में डूब जाने की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली परिवार में कोहराम मच गया। परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस की मदद से नहर में युवक की कर रहे है समाचार लिखे जाने तक शव की बरामद्गी नही हो सकी थी। थानायक्ष ।नपतगंज राम आषीश उपायाय ने बताया कि मौखिक सूचना पर पुलिस यूवक की तलाश करवा रही है। फिलहाल तहरीर नही मिली है मिलने पर विाकि कार्यवाही की जाएगी।

# सीतापुर में फ़ेसबुक पर शुरू हुई प्रेम कहानी का औरंगाबाद में दुख:द अंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। 'वो फ़ेसबुक पर प्यार करके साजिश की जाल में फंसकर वो लिव-इन रिलेशनशिप में रहकर फिर सात जन्मों की कसमें खाकर ''आर्य समाज मंदिर'' अलीगंज लखनऊ में सात फ़ेरे लेकर वो लुट गई जी हां किसने उसे अटूट प्रेम के सब्जबाग दिखाए थे, चोरी-चोरी मिलने के बाद आर्य समाज मंदिर में किसने सिंदूर भरकर साथ मे जीने मरने की कसमें खाई थी.. फरेबी आशिक परिवार को मनाने की बात कहकर युवती को उसके घर छोड़कर अचानक गायब हो गया फिर पिता की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने के बाद कैसे फरेबी पति के सुर बदले अब युवती की इज्जत तार तार करते हुए सड़कों पर लावारिस छोड़ा हालांकि पीड़िता के मुताबिक धोखेबाज पति परिजनों को मनाकर घर की दहलीज पार करने के सपने दिखाते रहे और तीज़ त्यौहार पर रीति रिवाज निभा अपनी जिस्मानी हसरतें पूरी करते रहे हालांकि इधर समाज की दुश्वारियां व लोगों के तानो से तंग आकर एक माह पहले अपने पति के घर आई थी हालांकि पीड़िता को घर के बाहर से



दुत्कारा और मार-पीट कर भगाया पुलिस से आपबीती सुनाकर गुहार लगाई किन्तु ऊंचे रसूख व धनबल की दम पर मुझ असहाय को वापस माइके आना पड़ा कुछ दिन बाद मेरे पति मुझे मिलने आए और बताया कि प्रधानी का चुनाव आ गया चुनावी संग्राम लड़ने के बाद विजय-रथ पर सवार होकर अपनी ''दिलवाली दुल्हनिया सीतापुर से ले जाएंगे'' फिर परिवार भी अपनायेगा हालांकि अपने वादों को लेकर बंदर की तरह गुलाटी मारने वाले फरेबी पति पर भरोसा नहीं था फिर भी बुलाने पर मै पहुंची जहा मेरे पति मेला समापन समारोह में गरीबों को गर्म कम्बल बाट कर जीत की दुआएं ले रहे थे मुझे देखकर काफी उग्र हुए और अपने साथियों के साथ सैकड़ों की भीड़ में गाली-गलौच, मार-पीट व बदसलूकी पर उतर आए सिर लहुलूहान कर दिया हालांकि यह तमाशा भीड़ देखती रही किन्तु वही पर किसी जागरूक शख्स ने उक्त वारदात मोबाइल मै कैद कर लिया जो अब वाइरल हो रहा हालांकि इस घटनाक्रम की लिखित तहरीर पुलिस को दी गई जहा पुलिस ने आनन-फानन में तहरीर के मुताबिक सम्बंधित धाराओं में निलेश उर्फ पियूष मिश्रा, कौशकी मिश्रा,रामसती मिश्रा, प्रसून,नीरज ,विवेक मिश्रा, विनोद मिश्रा निवासी औरंगाबाद थाना मैगलगंज जनपद खीरी समेत अन्य लोगों पर डकैती समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है अब सवाल यह उठता है कि चौकी से चन्द कदमों की दूरी पर ग्रामीण मेला लगा था सैकड़ों की भीड़ व सामाजिक कार्य से लेकर समाजसेवा की जा रही थी आखिर युवती को सरे-आम धुनाई की जा रही आखिर वहा पर मौजूद भीड़ को संभालने के लिए क्या कोई पुलिसकर्मी मौजूद नही था अगर मौजूद था तो चोटिल महिलाओं को बचाने के लिए सामने क्यों नहीं पहुंची छोड़िए महिला सम्मान व अत्याचारों पर लगाम लगाने वाले सिर्फ नरम कुर्सी पर बैठकर तौलिया गरम करते हुए अदरख वाली चाय की चुस्की लेते हुए सिर्फ बातों के बताशे ही बनाते हैं?।



## हिंदू शेर सेना और सनातन धर्म से प्रभावित होकर युवक ने की घर वापसी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिंदू शेर सेना के संगठन के कार्यों और सनातन के धर्म से प्रभावित होकर थाना अटारिया के गढ़ी निवासी फकरुद्दीन खान ने आज कानूनी प्रक्रिया अपना कर हिंदू रीति रिवाज से शुद्धि करना करके खुद की घर वापसी कर ली है इस अवसर पर फकरुद्दीन खान ने बताया कि मैं पहले से ही गौसेवक हुऔर कई पीढ़ी पहले हमारे पूर्वज हिंदू क्षत्रिय थे और किसी कारण धर्म परिवर्तन कर लिया था लेकिन जिस तरह से आज बंगला देश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है उस से मन काफी आहत हो गया है।प्रदेश में योगी जी और देश में मोदी जी की सरकार है जिस से मेरा देश फिर से एक बार अखंड भारत बनेगा।अभी मैने घर वापसी की है लेकिन अब मैं उन लोगों को भी घर वापसी करना चाहता हु जिन लोगों को आक्रांताओं ने तलवार के डर से इस्लाम धर्म अपनाने की विवश किया है ।अब आज से मेरे नाम फतेह बहादुर सिंह पावर है और आज मेरा दूसरा जन्म हुआ है । हिंदू शेर सेना प्रमुख विकास हिंदू ने बताया कि आज काफी लोग घर वापसी करना चाहते है हिंदू शेर सेना हमेशा अपने लोगों के साथ है और अपने अखंड भारत का सपना साकार करने का प्रयास करती रहेगी। इस मौके पर केसरिया हिंदू वाहिनी के प्रमुख अतुल मिश्रा पुनीत सिंह आशीष सिंह प्रभात अग्निहोत्री समेत तमाम शेर लोग उपस्थित रहे। हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय महा सचिव प्रदीप शुक्ला ने कहा कि आज देश में ज्यादा तर लोग जो आज विशेष समुदाय से आते हारूंका धर्म परिवर्तन कराया गया था ।आज लोग सनातन से प्रभावित होकर घर वापसी कर रहे है ऐसे में हम लोगों का कर्तव्य है की घर वापस आए लोगों का स्वागत करे ।

## शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं।खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्धतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है कि अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते हैं, इसलिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु स्वीकृत किया है।किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त हो रही है, केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार लगभग बीस प्रतिशत प्रभावित होगी। दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाती है। यदि कोई किसान अपने खेत में तीन सौ शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (चार रुपया प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग पांच हजार रूपये एवं अगले चार पांच वर्षों से इसी खेत से वह लगभग अठारह रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय, केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है।किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन का कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से दस हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह तीस पैंतीस हजार मूल्य का रेशम कोया, तीन सौ शहतूत पेड़ों की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है।

# चार वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली नगर, मछरेहटा, रामकोट की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद व थानें पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 04 वांछित/ वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- ृथाना कोतवाली नगर पुलिस द्वावारा 02 वांछित गिरफ्तार- थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 345/2024 धारा 331(4)/305 बीएनएस में वांछित शंशाक सिंह उर्फ छुन्नन पुत्र अरविन्द सिंह निवासी मो0 पूर्णागिरी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर व मुकदमा अपराध संख्या 427/2024 धारा 109(1)/ 351(2)/ 352/191(2)/190/192(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रजत मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी चौधरी टोला थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त रजत उपरोक्त के पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया। ृथाना मछरेहटा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार- थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या 539/2013 में वारण्टी बृजकिशोर पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम रमपुरवा सकरारा थाना मछरहेटा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। थाना रामकोट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या 229/96 में वारण्टी बृजलाल पुत्र मथुरी पासी निवासी ग्राम सुकहापुरवा मजरा रस्यौरा थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना का लगाया गया कैंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर । तहसील लहरपुर क्षेत्र के ग्राम पतवारा में, एक मुफ्त समाधान योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के द्वारा चलाई गई यह , एक मुस्त समाधान योजना उपभोक्ताओं के लिए यह अच्छी पहल है। सरकार की जानकल्याणकारी योजना एक मुफ्त समाधान योजना 2024 2025 को लागू करने की घोषणा कर दी गई ।लहरपुर क्षेत्र के कई गांवों में एक मुस्त समाधान योजना का कैंप लगाकर लोगों से बिजली बिल जमा कराया जा रहा है वही आज पहला कैंप ग्राम पतवारा में लगाया गया जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइनमैन कैलाश चंद्र लोधी, नागेंद्र सिंह ,गंगाराम, दीपू सिंह मीटर लीडर ,तेजपाल वर्मा मीटर लीडर, के द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की, योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और , एक मुस्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं वही कैलाश नाथ लोधी के द्वारा बताया गया कि यह योजना तीन चरणों में लागू रहेगी एक मुस्त भुगतान करने पर सरचार्ज में काफी छूट का लाभ मिलेगा।

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु शमन, तैयारी और प्रतिक्रिया के उचित उपाय किये जाने हेतु दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 09.12.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2024 से माह फरवरी 2025 के मध्य सामान्य से कम तापमान होने का पूर्वानुमान जारी किये गये है। तद्क्रम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु शमन, तैयारी और प्रतिक्रिया के उचित उपाय किये जाने हेतु दिशा-निर्देश/एडवाइजरी निर्गत की गयी है। इस संबंध में उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु ''क्या करें, क्या न करें'' आदि का जन-समुदाय में विस्तृत प्रचार-प्रसार कराये जाने की अपेक्षा की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत है:- शीतलहरी से बचाव हेतु एडवाइजरी शीतलहर से पहले रेडियो सुनें, टीवी देखें, स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढें ताकि यह पता चल सके कि क्या शीतलहर होने वाली है। पर्याप्त सर्दियों के कपडे पहनें। कपडों की कई परतें अधिक सहायक होती है। आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें। शीतलहर के दौरान फ्लू, नाक से खून जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढजाती है, जो आमतौर पर ठंड के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण हो जाती हैं या बढ़ जाती हैं। इस तरह के लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें। शीतलहर के दौरान मौसम की जानकारी और आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें और सलाह के अनुसार कार्य करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले फिटिंग, हल्के, विंडप्रूफ गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपडे ब्लड सर्कुलेशन को कम करते हैं।

अपने आप को सूखा रखें, अपने सिर, गर्दन, हाथों और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से कवर करें क्योंकि शरीर के इन अंगों के माध्यम से शरीर को ठंडक लगने का खतरा अधिक रहता है।

दस्ताने पहनें क्योंकि दस्ताने ठंडक से गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते है क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी साझा करती है और ठंड के लिए कम सतह क्षेत्र को उजागर करती है। ठंडक से बचने के लिए टोपी और मफलर का प्रयोग करें। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लें। पर्याप्त इम्यूनिटी बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं, क्योंकि गर्म पेय पदार्थ ठंडक से लडने के लिए शरीर को गर्मी प्रदान करता है। बुजुर्ग लोगों और बच्चों की देखभाल करें और अकेले रहने वाले पड़ोसियों का ख्याल रखें। गर्मी उत्पन्न करने के लिये बंद कमरे के अंदर कोयला/अंगीठी न जलायें क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न हो सकती है जो बहुत जहरीली होती है और कमरे में मौजूद लोगों की जान जा सकती है। हाइपोथर्मिया के मामले में: क्या करें व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और उसके गीले कपडे बदले। व्यक्ति के शरीर को त्वचा से त्वचा के संपर्क में लाकर गर्म रखें, तौलिये या चादर की परतों से सुखाये।

शरीर के तापमान को बढाने में मदद करने के लिए गर्म पेय दें। शराब न दें।

स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सीय सहायता लें। क्या न करें लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें। शराब न पीएं क्योंकि यह शरीर के तापमान को कम करती है, और रक्त वाहिकाओं को संकुचित करती है ठंडे से प्रभावित अंग की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। कपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है-घर के अंदर शरण लें। प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दे जब तक कि पूरी तरह से सचेत न हो जाए। कृषिः - क्या करें और क्या न करें शीतलहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते है, जिसमें उनमें काला रतुआ, सफ़ेद रतुआ, पछेती-तुषार आदि रोग उत्पन्न होते हैं। शीतलहर के कारण अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन, उपज और भंडारण अवधि में विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यवधान का कारण बनती है।

क्या करें ठंड से होने वाली बीमारी के लिए उपचारात्मक उपाय अपनायें जैसे बेहतर जड़विकास को सक्रिय करने के लिए बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सी क्लोराइड, फास्फोरस (च) और पोटेशियम (ज्ञ) का छिडकाव करें। शीत लहर के दौरान जहां भी संभव हो हल्की और बार-बार सतही सिंचाई करें। बागवानी और बगीचों में इंटरक्रॉपिंग (अन्तर फसल) खेती का उपयोग करें। टमाटर, बैंगन जैसी सब्जियों की मिश्रित फसल, के साथ सरसों/अरहर जैसी लंबी फसलें ठंडी हवाओं (ठंड के खिलाफ आश्रय) के खिलाफ आवश्यक आश्रय प्रदान करेगी। सर्दियों के दौरान युवा फलदार पौधों को प्लास्टिक द्वारा ढककर अथवा पुआल या सरकंडा घास आदि के छप्पर (झुग्गियां) बनाकर विकिरण अवशोषण (।इवतचजपवद) को बढ़ाया जा सकता है। जैविक मल्चिंग (तापीय इन्सुलेशन के लिए)। विंड ब्रेक/शेल्टर बेल्ट लगाना (हवा की गति को कम करने के लिए)।

# लाखों रुपए से खरीदे गए डस्टबिन फांक रहे धूल, नगर में गंदगी का अंबार

**नपं मथौली के वार्ड नंबर 9 सिरसिया पंचायत भवन में रखा गया है डस्टबिन, ओडीएफ प्लस में चयनित है नगर पंचायत मथौली**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने के लिए लाखों रुपए से खरीदे गए स्टील की चादर से बने डस्टबिन वार्ड नंबर 8 सिरसिया पंचायत भवन में धूल फांक रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में डस्टबिन नहीं होने से लोग सड़कों पर कूड़ा फेंकने के लिए मजबूर हैं। नगर पंचायत की ये लापरवाही स्वच्छता अभियान को भी पलीता लग रहा है।


बता दें कि नगर पंचायत मथौली ओडीएफ प्लस में चयनित है। यहां थूकना, खुले में कूड़ा फेंकना, खुले में पेशाब करना सब मना है। ऐसा करने पर जुर्माना भी तय किया गया है। लेकिन नगर पंचायत द्वारा इससे निजात पाने के लिए लाखों रुपए से स्टील का डस्टबिन (कूड़ेदान) खरीदा गया है, लेकिन नगर प्रशासन की लापरवाही से किसी भी वार्ड में ये डस्टबिन नहीं लगाया गया है। हालांकि मथौली नगर की आबादी करीब 26 हजार है। नगर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से स्टील के चादर से बने डस्टबिन खरीदे गए थे। पिछले एक वर्ष से सिरसिया पंचायत भवन में धूल फांक रहा है। उधर नगर के प्रत्येक वार्ड में जगह-जगह कचरे की ढेर लगे हैं। नगर के लोगों का कहना है कि नगर में कहीं भी डस्टबिन नहीं होने से कूड़ा सड़क पर डाला जा रहा है। इसे आवारा जानवर इधर-उधर बिखेर देते हैं। इससे जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कूड़ा डालने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी मथौली सर्वेश कुमार श्रीवास्तव से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन की घंटी बज रही थी लेकिन फोन नहीं उठाए।

# डीएम साहब ! घूस लेने वाले सलाउद्दीन पर कब होगी कार्रवाई

**जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर पांच सौ रुपये घूस लेते सलाहुद्दीन का वायरल हुआ था वीडियो**

**पीड़ित ने सलाउद्दीन के कारगुजारियों का शपथ देकर एसडीएम से की थी शिकायत**

**पडरौना तहसील मे आउटसोर्सिंग कर्मचारी का कारनामा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । सूबे के हुक्मरान योगी आदित्यनाथ जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए तरह तरह के जतन कर रहे है वही जनपद के पडरौना तहसील मे कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी सलाउद्दीन जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर खुलेआम पांच सौ रुपये घूस लेकर सीएम योगी को मुह चिढ़ा रहा है। मजे की बात यह है कि बीते दिनो अपने पटल पर घूस लेते हुए सलाउद्दीन का वीडियो वायरल होने व शिकायतकर्ता द्वारा इस मामले मे एसडीएम को शपथ पत्र देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नही किया गया, जो कही न कही भ्रष्टाचार के विरुद्ध सीएम के प्रयास पर पानी फ़ेरने की ओर इशारा कर रहा है। बतादे कि जनपद के पडरौना तहसील मे जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर वहा तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी सलाहुद्दीन द्वारा खुलेआम पांच सौ रुपये घूस लिया जा रहा है। कहना ना होगा कि 3 दिसम्बर को पडरौना तहसील अन्तर्गत नाहर छपरा गांव के निवासी मंकेश्वर पासवान ने अपना जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए सलाउद्दीन को तीन सौ रुपये घूस दिया था। बावजूद इसके सलाउद्दीन ने उसे जन्म प्रमाणपत्र इस लिए नही दिया था क्यो कि मंकेश्वर ने घूस का बकाया दो सौ रुपये देने मे असमर्थता जाहिर किया। किन्तु अफसरों आउटसोर्सिंग कर्मचारी सलाउद्दीन पर इसका कोई असर नही पडा और प्रमाणपत्र देने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पीडित मंकेश्वर 7 दिसम्बर को शपथ-पत्र के साथ खुलेआम घूस लेते सलाउद्दीन का वीडियो लेकर उपजिलाधिकारी के दरबार मे पहुंचा जहां सलाउद्दीन के कारनामे से अगवत कराते हुए मामले की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने सलाउद्दीन को तत्काल पैसा वापस करने का निर्देश दिया और पीड़ित को आश्वस्त किया कि वह मामले की जांच कराकर कार्रवाई करेंगे लेकिन दस दिन बीत जाने के बावजूद घूस लेने वाले सलाउद्दीन पर अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी है जो उपजिलाधिकारी के कार्यशैली पर यक्ष प्रश्न बना हुआ है? बताया जाता है कि घूस लेते वीडियो वायरल होने व पीड़ित द्वारा शपथ-पत्र देकर एसडीएम से शिकायत करने के बाद एसडीएम द्वारा मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बावजूद आउटसोर्सिंग कर्मचारी सलाउद्दीन आज भी अपने पटल पर कार्य करते हुए सीएम योगी की भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान पर मुह चिढ़ा रहा है। ऐसे मे कहना मुनासिब होगाडीएम साहब! घूस लेने वाले सलाउद्दीन पर कब होगी कार्रवाई?

# अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर । कोतवाली पडरौना की पुलिस ने एक युवक के पास से अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो आदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद की है। बरामद की और गिरफ्तारी के आधार पर युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत जेल भेज दिया है।

कोतवाली पडरौना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार युवक सद्दाम पुत्र इरशाद निवासी बसहियां बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना को मंगलवार की भोर में शेखटोलिया गांव के निकट मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शख्स की जामा तलाशी में एक अवैध तमंचे के साथ दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद की गई है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक और सिधुआ बाजार चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय,कांस्टेबल उमेश यादव,कांस्टेबल विशाल सिंह शामिल थे।

# जन सेवा के लिए आजीवन समर्पित रहे स्व. नवल किशोर: आनन्द मोहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्व नवल किशोर सिंह स्मृति समारोह**

**खेल वसुधैव कुटुंकम का संदेश देता है खेल: प्रदीप जायसवाल**

**भारतीय संस्कृति में पुरानी खेल विधा कुश्ती है: रजनीकांत मणि त्रिपाठी**

**दंगल, कवि गोष्ठी, भजन संगीत, चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, मेला का हुआ आयोजन**

कुशीनगर। स्व0 नवल किशोर सिंह की 33 वीं पुण्यतिथी के अवसर पर साखोपार में आयोजित नवल स्मृति समारोह में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, कवि गोष्ठी, मेला का आयोजन किया गया। विराट कुश्ती दंगलमें पहलवानों ने अपने कौशल का परिचय दिया।

मंगलवार को आयोजित स्मृति समारोह को मुख्य अतिथि सांसद आनन्द मोहन ने कहा कि सेवा, सादगी, प्रेम को समर्पित स्व. नवल किशोर जी आजीवन जन सेवा को समर्पित रहे। वह हमेशा याद किये जायेंगे। विशिष्ट अतिथि जिपंस अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप कुमार जायसवाल ने कहा कि खेल प्रतियोगिता हमें प्रेम बन्धुत्व, समाज व राष्ट्र निर्माण, वसुधैव कुटुंकम का संदेश देता है। पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू पांडेय ने कहा कि सशक्त व विकसित भारत बनाने के लिए यंग इंडिया आगे बढ़ रहा है। पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद ने कहा कि सरकार खेलों को प्रोत्साहित कर रही है। पूर्व विधायक रजनीकंात मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पुरानी खेल विधा कुश्ती है। इस आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा निखरेगी और वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त करेंगे। अतिथियों ने आयोजन के लिए नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष व एबीपीएसएस प्रदेश अजय प्रताप नारायण सिंह व परिवार की सराहना की। स्व सिंह के परिजन अध्यक्ष श्रम पंजीयन अंशदान एवम नवीनीकरण समिति व बीओसीडब्ल्यू बोर्ड मेम्बर अभय प्रताप नारायण सिंह, पीयूष प्रताप



नारायण सिंह, प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, अधिवक्ता कुशल प्रताप नारायण सिंह, पुत्र अजय सिंह, पौत्रगण सत्यम प्रताप, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, भुवनेश, सुरजदेव आदि सहित अतिथियों ने स्व0 नवल किशोर सिंह व स्व विजय प्रताप नारायण सिंह के समाधि पर पुष्पार्चन किया। आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण स्वागत किया। कलाकारों, अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल के शुभारम्भ के पहले अखाड़े पर हनुमान जी का पूजन अर्चन कर किया गया। पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद, राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, पूर्व विधायक रजनीकंात मणि त्रिपाठी, मोहन चौहान, ब्लाक प्रमुख आशुतोष बहुगुणा, ब्लाक प्रमुख सुधीर राव, यशपाल पहलवान, विजय पाण्डेय, डीके पाण्डेय, राहुल गोंविन्द राव, मनीषा सिंह चौहान, मनोनीत सभासद नीरज कुमार सिंह बिट्टू, कृषणा नन्द पाठक व ग्राम प्रधान गण व पत्रकार गण ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। रेफरी रविन्द्र पटेल व पंकज यादव व गुड्डू पहलवान की देखरेख में 30 जोड़ी कुश्ती हुई। महिला पहलवानों ने भी कुश्ती के जोड़ आजमाए। इस अवसर पर भजन कीर्तन हुआ। भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक मनोहर सिंह, कल्पना सिंह की टीम ने गीत संगीत प्रस्तुत किया। नेपाल की श्रेया गुलाल की प्रस्तुति सराही गयी। इस अवसर पर कवि गोष्टी में संतोष संगम, सुजीत पाण्डेय, अवध किशोर अवधू ने अपनी रचना प्रस्तुत की। चिकित्सा कैम्प में डा0 संजय कुमार सिंह, डा0 अजय शाही, डॉ प्रज्ञा सिंह, डॉ देवेंद्र वर्मा, डॉ रमेश चन्द्र शर्मा व स्टाफ राजाराम सिंह, संजय यादव, प्रेम भारती, वार्ड व्याव हारून आदि ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा दी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पेड़, पौधों की प्रदर्शनी लगाई गई। मंच संचालन संतोष संगम जबकि कुश्ती का संचालन पवन उपाध्याय, बजरंगी यादव

ने किया। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय सिंह व अजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता लल्लन मिश्रा, प्रभू नाथ मिश्रा, राजेश तुलस्यान, संजय राव, प्रदीप पाण्डेय, सुबाष पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ तिवारी, त्रियुगीनारायण सिंह, अशोक सिंह शेरा, उग्रसेन यादव, अशोक मिश्र, अशोक पाण्डेय, कवि दिनेश तिवारी, चंदन शर्मा, प्रेम तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि विजय तिवारी, भोला यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# नवल स्मृति समारोह: लोक गायक मनोहर सिंह व अलका सिंह की गीतों पर झूमे श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के साखोपार में मंगलवार को आयोजित नवल स्मृति समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायक मनोहर

सिंह व अलका सिंह की टीम ने भोजपुरी गीत, भजन गाकर समा बांधा। गीतों को सुनकर श्रोता झूम उठे।

देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नरायण सिंह व एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नरायण सिंह ने कलाकारों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मशहूर भोजपुरी गायक / अभिनेता सुरसंग्राम 2 फ़ेम मनोहर सिंह ने मेरे राम आये है, भक्त हनुमान आये है, छाती चीर के हनुमान ने, गोदवाल गोदनवा गाकर तालियां बटोरी। मशहूर लोकगीत गायिका अलका सिंह पहाड़िया ने



राम आयेगे तो अंगना सजाऊंगी, कुंहुके कोयलिया, रखिह सेनुरवा आबाद, फिर मनोहर सिंह और अलका सिंह पहाड़िया ने जुगलबंदी गीत सिलवट प चिड़िया फोरेलु ये जान, अपना राजा जी के दिलवा कहें तोडेलू ए जान, कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया गीत प्रस्तुत किया भोजपुरी युवा दिलो की पसंद गायक सौरभ रॉयल दिल्ली से आकर अपने हिट गानों की प्रस्तुति दी । हर घर मे एक राम चाहिए, जवानी के किरिया, बगलवाला लाइन मारता, फूंक दी जवानी, घूंघट तान के जैसे सुपरहिट गानों पर सबको नचाया। इस दौरान मनोहर सिंह के टीम में कमलू, विशाल, विजय, छोटू, विजय ने अलका सिंह पहाड़िया और मनोहर सिंह ने वाद्य यंत्रों पर साथ दिया।

# महाकुम्भ में संयम, साधना और तप की त्रिवेणी का साक्षी बनेगा कल्पवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयाग के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम में तप, साधना और संयम की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। भक्ति और अध्यात्म की यह त्रिधारा है कल्पवास। जिसकी शुरुआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ होगी। प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुम्भ में कल्पवासियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए हैं।

महाकुम्भ में 7 लाख से अधिक कल्पवासियों से गुलजार होंगे गंगा के तटमहाकुम्भ में यहां ज्ञान, भक्ति और साधना के विविध रंग दिखते हैं। अखाड़ों के वैभव के अतिरिक्त यहां कल्पवासियों की जप, तप और संयम की त्रिवेणी भी प्रवाहित होती है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तम्बुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले कल्पवासियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि इस बार लगभग सात लाख कल्पवासियों के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है। कल्पवासी की उम्र और अवस्था को देखते हुए इन्हें बसाया जा रहा है। मेला के विभिन्न सेक्टर्स में लगभग 900 बीघे में इन्हें बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं को गंगा के तटों के पास ही तम्बुओं की व्यवस्था की गई थी, ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक न चलना पड़े।

कल्पवासियों के शिविर में स्वच्छता पर प्राथमिकतायोगी सरकार के निर्देश पर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। एसडीएम मेला अभिनव पाठक के मुताबिक विभिन्न सेक्टर में बस रहे कल्पवासियों के शिविर में भी स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। कल्पवासियों के शिविर में कलर कोडेड डस्टबिन रखे जाएंगे। सूखे कूड़े के लिए अलग और गीले कूड़े के लिए अलग डस्टबिन होंगे।

## व्यापार की वृद्धि के लिए डटकर मिशन चलाएगें :संदीप

**लखनऊ।** प्रदेश में अब व्यापार मंडल द्वारा उद्योग की स्थापना करने के लिए व्यापार की वृद्धि के लिए डटकर मिशन चलाया जाएगा ताकि हमारे प्रदेश में बिना किसी विभाग के भय के औद्योगिक अन्य प्रदेशों में ना जाकर उत्तर प्रदेश में उद्योग की स्थापना कर सकें व उसी से व्यापार की वृद्धि हो सकें। ये बातें राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कही। मंगलवार को रुक्मणी लॉज हुसैनगंज में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए उद्योगों व व्यापार की स्थापना पर रणनीति तय की गई। उन्होंने बताया कि हमारे भारत देश की जीडीपी पुनः ऊंचाई पर जबरदस्त छलांग लेकर दस प्रतिशत पर पहुंच सके साथ ही लगातार विदेशी कंपनियों द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग से हमारे देश का फुटकर व्यापार व बाजार तवाह बर्बाद हो रहा है। जिससे बेरोजगारी उत्पन्न होने की संभावना है। विदेशी कंपनियों की ऑनलाइन ट्रेडिंग पर अभी भी वक्त रहते पाबंदी लगाए जाने की सख्त आवश्यकता है हम सभी को अपने भारत देश का राष्ट्र हित सर्वोपरि रखना है। इससे पहले भी ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड से आकर अंग्रेजों ने हमारे भारत देश को धोखा दिया है इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक दिनेश कश्यप प्रदेश, संगठन मंत्री अनिल यादव प्रदेश, महामंत्री जुगनू उर्फ कमरुद्दीन, प्रदेश सचिव विनोद गुप्ता ,प्रदेश मंत्री नूर आलम सिद्दीकी, दुर्गा शंकर मिश्रा, संतोष तिवारी, प्रमोद प्रजापति, संकित अग्रवाल, आशा देवी निषाद, राम प्रकाश ,राहुल सैनी, कमल सक्सेना, मनोज कुमार जैन, आदि पदाधिकारी व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## काकोरी काण्ड दिवस पर मंचित होगा नाटक शहीदों के सपनों का भारत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यरत लाखों विद्युत कर्मचारियों के उत्साह और समर्पण को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के युवा रंगमंच कलाकार द्वारा विशेष नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि उत्कर्ष लखनऊ के बैनर तले तैयार किए गए इस नाटक की स्क्रिप्ट भारत के अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंदशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाक उल्लाह, राम प्रसाद बिस्मिल और लाहिड़ी जैसे ऐतिहासिक शहीदों के चिंतन, मनन और विचारों को लेकर तैयार की गई है जिन्होंने अपनी जान को हथेली पर रखकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को आगे बढ़ाया और काकोरी स्टेशन के पास अंग्रजों का सरकारी खजाना लूट कर ब्रिटिश हुकूमत को दहला दिया था। उत्कर्ष लखनऊ से जुड़े विमल प्रकाश इस प्रस्तुति में चंद्रशेखर आजाद की प्रतीक भूमिका के रूप में नज़र आएंगे। विमल के अनुसार तब एक ईस्ट इंडिया कंपनी के कारिंदे और दलाल भारत को गुलाम बनाने में जुटे थे और अब तो ऐसी हजारों कंपनियां भारत सक्रिय हैं जो यहां की नदियों, पहाड़ों और जंगलों को भी भारतीय के हाथों से छीन ने का षड्यंत्र रच रही हैं और मौजूदा राजनीतिक में बैठे भ्रष्ट नेता उनके षड्यंत्रों के सहभागी बने हुए हैं।

## संभल के सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद का पुतला फूंका, सदस्यता रद्द करने की मांग

मुरादाबाद। मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा के लोगों ने संभल के सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद पर नवनिर्वाचित क्षेत्रीय भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह पर विधानसभा सत्र में अमर्यादित व अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और नवाब इकबाल महमूद का पुतला फूंका। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी मुरादाबाद के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को ज्ञापन भेजकर संभल विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 16 दिसम्बर को उप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधानसभा–33 सम्भल से सपा विधायक नबाव इकबाल महमूद द्वारा भारतीय लोकतंत्र का मखौल उड़ाते हुए कुन्दरकी से भाजपा के नव निर्वाचित विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की छवि धूमिल करने के उददेश्य से विधानसभा सत्र में अमर्यादित व अभद्र भाषा (हेट स्पीच) का प्रयोग किया गया है जिससे कुन्दरकी की सम्मानित जनता में भारी रोष व्याप्त है। मांग की गई कि विधायक नवाब इकबाल महमूद की हेट स्पीच का संज्ञान लेकर इनके खिलाफ कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए सदस्यता समाप्त की जाए। इस मौके पर मूंढापांडे ब्लाक के ब्लाक प्रमुख डा. नवदीप यादव, रामकिशोर, चिराग अली, तौफीक, सरवर अली, नईम इकबाल, नफीस, राजपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

# दीक्षांत समारोह कभी न भूलने वाला पल: दिनेश कुमार शुक्ला

एजेंसी

मथुरा। मंगलवार को जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के 13वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला ने अपने चार दशकों के अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उनसे अपने मूल स्वरूप में रहने की बात की।

उन्होंने कहा दीक्षा एक प्रकिया है, जिसमें गुरु अपने शिष्य को व्यवहारिक शिक्षा, ज्ञान, तकनीकी एवं मूल्यों की शिक्षा देता है। बेहतर इंसान बनाना शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने नवीन शिक्षा नीति पर बात करते हुए बेहतर नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने मानव संसाधन के विकास पर चर्चा की और कहा कि विकसित भारत के मिशन को उचित शिक्षा एवं मानव संसाधन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने तकनीकी विकास पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तकनीक कभी अच्छी-बुरी नहीं होती, बल्कि नियत के अनुसार उसका प्रयोग इसे अच्छा-बुरा बनाता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के द्वारा आ रहे बदलावों के साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि इसके बदले में क्या-कुछ खोया अथवा छोड़ा जा रहा है। उन्होंने एआई के माध्यम से संभावित बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि कृतिम बुद्धिमत्ता मानव की वास्तविक बुद्धिमत्ता पर हावी ना हो, इसका ध्यान रखने की ज़रूरत है। उन्होंने सभी को प्रासंगिक रहने की सलाह दी एवं कहा कि अपने स्वप्नों को पूरा करने के लिए क्या-क्कब-कहां जैसे तत्वों पर ध्यान देने की बात कही। सबसे महत्वपूर्ण तीन जगहों में उसका उपयोग करने के लिए भारत सरकार ने 3 सेंटर पिछले माह ही शुरू किए हैं। आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा पर एआई उत्कृष्टता केंद्र का उद्देश्य प्रारंभिक रोग की भविष्यवाणी, निदान और महामारी ट्रैकिंग पर ध्यान केंद्रित करना है। यह आयुष दवाओं सहित स्वास्थ्य सेवा के लिए परीक्षणों और डेटा संग्रह सपोर्ट करेगा, जबकि वहनीयता, गुणवत्ता और पहुंच से संबंधित चुनौतियों का समाधान करेगा। आईआईटी रोपड़ के नेतृत्व में कृषि पर केंद्र का उद्देश्य फसल की पैदावार, मौसम और स्थानीय परिस्थितियों पर डेटा का लाभ उठाकर खेती के तरीकों को बदलना है। पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि के साथ एकीकृत करके, यह बुवाई, कटाई और फसल स्वास्थ्य पर एआई-संचालित, वास्तविक समय मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह इसलिए है कि बहुत किसान लोग पीड़ित हैं। कई जगह आत्महत्याएं हो रही हैं तो उनको सही दिशा दिखाने के लिए आईआईटी कानपुर के नेतृत्व में संधारणीय शहरों पर केंद्र स्मार्ट सिटी नियोजन, यातायात प्रबंधन और कुशल संसाधन वितरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाएगा। सेंसर, जीआईएस मानचित्रों और उपग्रह फ़ीड से डेटा को एकीकृत करके, यह संसाधन की जरूरतों का अनुमान लगाएगा और सार्वजनिक स्थान के डिजाइन को बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब यह तीन एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से सहायता मिलना शुरू होगी तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह तीन ही इंस्टीट्यूट के लिए ही हैं। हमें ऐसे ही उनके साथ एमओयू कर उनसे जुड़कर रिसर्च कर सकते हैं। इसके बाद स्टूडेंट को वहां इंटर्नशिप के रूप में भेजकर उसकी भी पढ़ाई कैसे करवा सकते हैं, इसके लिए हर यूनिवर्सिटी के हर कॉलेज के प्राध्यापकों को कोशिश करनी पड़ेगी। इसके लिए जीएलए विश्वविद्यालय को भी प्लानिंग करने की जरूरत है। हमें यही भी सोचने की जरूरत है कि हमारा गांव, शहर और राज्य की प्रदूषण से जूझ रहे हैं। इस समस्या के कहीं हद समाधान हेतु ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं और यूनिवर्सिटी द्वारा सतत विकास पाठ्यक्रम चलाये जायें, जिससे विद्यार्थियों का इस ओर ध्यान आकर्षित हो और छात्र जब इंटर्नशिप पर जायें अथवा जॉब पर जायें तो वह अपनी कार्यशैली में प्रदूषण रहित विकास की भावना के साथ कार्य करे यह बहुत महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा आप सभी लोग यानि इनोवेटर हो। भारत की इनोवेटिव ताकत कितनी है यह हम नहीं जानते थे। यह एआईसीटीई ने जो स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन शुरू किया। इसमें जीएलए के भी कई छात्रों ने प्रतिभाग किया होगा। इसका हाल ही में सातवां एडीशन पूरा हुआ है। अभी आठवां चल रहा है। इसके तहत सरकारी विभागों की समस्या, कंपनियों की समस्या, ऑटोमेटिक एनर्जी की समस्या, स्पेस साइंस की समस्या, रेलवे की समस्या, स्वास्थ्य मंत्रालय की समस्या या किसी एनजीओ की समस्या को छात्रों के सामने पेश करने के बाद जो समाधान निकल रहे हैं। उस समाधान से देश को आगे बढ़ने में काफी मदद मिल रही है। अनेक स्टार्टअप संचालित हो रहे हैं। पिछले नौ वर्ष पहले की बात की जाय तो ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान पर भारत था, लेकिन पहली ही बार में पिछले वर्ष जब यह इंडेक्स जारी हुई तो भारत 39वें स्थान पर पहुंचा। इसी तरह आधा रास्ता तय हो चुका है और आधा करना बाकी है। भारत की 140 करोड से अधिक आबादी है।

# 98वें बलिदान दिवस पर याद किये गये अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा'' के संकल्प के साथ स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी जी के 98 वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कारागार में आर्य समाज द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हवन-पूजन एवं शांति पाठ सम्पन्न कराया गया।लाहिड़ी जी के बलिदान दिवस पर अमर शहीद को बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त,देवीपाटन मंडल तथा गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए।जिला कारागार में हवन-पूजन करने के उपरान्त जनपद न्यायाधीश, डीएम, एसपी, एडीएम, सीआरओ, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जेल परिसर में लाहिड़ी जी के बलिदान स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी शहादत को याद किया।अमर शहीद लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त लाहिड़ी जी को सलामी दी गई और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। श्रद्धान्जलि सभा एवं सलामी के उपरान्त आयोजित समारोह में सर्वधर्म समभाव के तहत सभी धर्मों के धर्म गुरूओं द्वारा शांति किया गया।इस अवसर पर लाहिड़ी जी के जीवन एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए जिला धिकारी ने अमर शहीद लाहिड़ी जी के अन्तिम वाक्य ''मैं मरने नहीं जा रहा,अपितु आजाद भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं'' दोहराते हुए कहा कि लाहिड़ी जी का जीवन राष्ट्र प्रेम का एक जीवन्त उदाहरण है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेते हुए देश हित के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए,यही लाहिड़ी जी के लिए सच्ची श्रृद्धान्जलि होगी।वही मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि लाहिड़ी जी जैसे व्यक्तित्व और सच्चे राष्ट्र भक्तों के बलिदानों के कारण ही हम सब भारतीय आज आजाद भारत में सांस ले पा रहे हैं।उन्होंने लोगों का आहवान करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सबको निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा का संकल्प लेना चाहिए और आजादी के दीवानों के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को गुलामी की दास्तां से मुक्ति दिलाने के लिए 26 वर्ष की उम्र में अपने देश के लिए फंासी के फन्दे को हंसते हुए चूमने वाले अमर शहीद राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी जी का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है।

# कटरा बजार में अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर पर आखिर क्यों नही कार्यवाई कर रही है सीएमओ गोंडा ?

**आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग ?**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । एक तरफ जहां गोंडा जिले के स्वास्थ्य विभाग में आए दिन भ्रष्टाचार व सरकारी योजनाओं में लूट के लिये कुख्यात हो चुका है।वही गोंडा जिले में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की सुस्ती कहे या मिली भगत कटरा बजार में सीएचसी के नाक के नीचे अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर और नर्सिंग होम्स की बाढ़ सी है।इनके सम्बन्ध में कई बार खबर भी छपती है लेकिन चिकने घड़े के समान हो चुके गोण्डा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर कोई असर ही नही पड़ता है।नतीजन ये है कि कटरा बाजार थाने के सामने जनता डायग्नोस्टिक सेंटर और अवैध पैथो लॉजी खुले आम जहां जनता को जांच के नाम पर लूट रहे है साथ ही उनके जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रहे है और सीएमओ गोंडा डॉ.रश्मि वर्मा और इनके अधीनस्थ कानो में रुई डालकर और हाथ पर हाथ धरे बैठे है ऐसे में क्यो न कहा जाय कि इनके संचालन में इन अधिकारियों का मौन समर्थन है ? सबसे बड़ा सवाल यही है कि कब होगी जनता डायग्नोस्टिक सेंटर और अवैध पैथॉलॉजियों और नर्सिंग होम्स पर कार्य वाही ? वही कटरा बजार में मात्र दो या तीन पैथो लॉजी व पंजीकरण है।लेकिन वही सीएचसी के नाक के नीचे अवैध तरीके से दर्जनों की संख्या में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर धड़ले से चल रहे हैं।जो मरीजों के साथ धोखा कर रहे हैं।वही कटरा बजार में दर्जनों की संख्या में अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा पैथॉलॉजियो का संचालन करके मरीजो का दोहन किया जा रहा है अवैध नर्सिंग होम्स रोज सैकड़ो मरीजो के जान को खतरे में डाल रहे है।इसकी जान कारी होने के बावजूद अगर कार्यवाही नही होती है तो लोगो के इस कथन की पुष्टि होती है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चढ़ावा चढ़ाकर ये चलते है। वही कटरा बजार में चल रहे जनता डायग्नोस्टिक सेंटर बिना डॉक्टर और बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ले से संचालित हो रहा है।

# जिला महिला अस्पताल के पास ठेले व ई-रिक्शा वाले नहीं सुधरे,जाम की स्थिति ज्यों की त्यों

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । नगर पालिका परिषद क्षेत्र में जिला महिला अस्पताल के सामने सड़क पर जाम से निजात दिलाने के लिए देवीपाटन परिक्षेत्र पुलिस उपमहानिरीक्षक ने आदेश दिया था कि कोई भी ठेले या ई रिक्शा सड़क पर ना जिससे कि जाम ना लगने पाये लेकिन नगर पुलिस ने पूरी तरह कमर कसा हुए है और नतीजन कुछ दिन पहले डीआईजी के आदेश पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने दल बल के साथ गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के महिला अस्पताल के सामने सड़क के किनारे दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा, ठेले खोमचे एवं ई-रिक्शा द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया था तथा उन्हें सख्त हिदायत भी दी गई थी कि सड़क के किनारे अवैध ढंग से अतिक्रमण न करें।इससे आवागमन प्रभावित होता है और जाम लगता है।दोबारा अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर आप लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।लेकिन जिला महिला अस्पताल के सामने और चौक बाजार में लगाने वाले ठेले दुकानदार अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं।ठेला दुकानदारों को पुलिस प्रशासन द्वारा बार-बार सचेत किया जा रहा है कि वह तक अपनी दुकान रखें लेकिन इस पर उनका कोई असर नहीं पड़ रहा है।सुबह होते ही ठेले वाले दुकानदार अपनी ठेले पर लगे सामान बीच सड़क पर ही बेचते नजर आते हैं।यह नज़ारा जिला महिला अस्पताल के सामने सड़क किनारे और चौक बाजार का है जहां पर पुलिस प्रशासन हमेशा मुस्तैद रहती है।पुलिस की चप्पे चप्पे पर निगरानी होने के बावजूद भी ऐसे ठेले वालों के साथ साथ ई रिक्शा चालक भी अपने हरकतों से बाज नहीं आते चाहे वह जिला महिला अस्पताल के सामने गेट पर,बस स्टॉप,जिला अस्पताल व चौक बजार या फिर गुरु नानक चौराहै के पास आपको ई- रिक्शा वाले सड़क पर ही सवारी बिठाते नजर आएंगे।इन्हें गोण्डा पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है।इन ई रिक्शा चालकों में कम उम्र के चालक भी नजर आते हैं तथा अगर गहन जांच की जाए तो अधिकांश ई-रिक्शा चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस का अभाव एवं ई-रिक्शा के कागजात नदारत मिलेंगे।ऐसे में सड़कों पर दौड़ते ये ई रिक्शा साक्षात यमराज नजर आते हैं।जिन पर लोगों का दबी जुबान कहना है कि सारा खेल पुलिस की सरपरस्ती का है।अब इन्हें सुधारने के लिए कौन सी टीम का गठन किया जाना चाहिए ताकि जाम की इस कैंसर रुपी समस्या से आम जनता निजात मिल सके।

## किसान अनुदान पर कृषि यंत्र लेने के लिये पच्चीस दिसम्बर तक करें आवेदन

अमेठी । उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि सीबीजी प्लांट एवं अन्य बायोमास आधारित इकाइयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत एफपीओ एवं एफपीओ के सदस्य किसानों को एग्रीग्रेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद को कुल तीन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत एफपीओ तथा एफपीओ तथा अधिकतम दो शेयर होल्डर सदस्य लाभ प्राप्त कर सकते है। योजनान्तर्गत एक वर्ष से कार्यरत एफपीओ का एग्रीग्रेटर में चयन होने पर फसल अवशेष प्रबन्धन योजना से कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रुपया तीस लाख पर अस्सी प्रतिशत) तथा दो शेयर होल्डर सदस्य को एसएमएएम योजनान्तर्गत व्यक्तिगत कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रुपया दस लाख पर चालीस प्रतिशत) अनुदान देय होगा। उन्होंने बताया कि एफएमओ को रुपया तीस लाख की लागत से साठ हार्सपावर का ट्रैक्टर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, क्रांप रीपर व अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन वाले यंत्र तीस लाख तक की लागत का क्रय करना होगा एवं इसी प्रकार दो सदस्यों को दस लाख की लागत के ट्रैक्टर, ट्राली क्रय करना अनिवार्य होगा तथा सीबीजी प्लाट/बायोमास यूनिट से पराली एकत्र एवं क्रय करने का एमओयू प्रमाण पत्र होने पर ही एफपीओ चयन हेतु पात्र होगा।

## निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों की ई-केवाईसी की कार्यवाही पूर्ण कराएं बीडीओः सीडीओ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत विकास खण्ड चित्तौरा के 325, तेजवापुर की 282, हुज़ूरुपर के 225, शिवपुर के 380, महसी के 281, कैसरगंज के 256, फखरपुर के 358, बलहा के 272, पयागपुर के 258, विशेश्वरगंज के 191, मिहींपुरवा के 438, नवाबगंज के 806 तथा जरवल के 206 व ब्लाक रिसिया के 274 कुल 4555 लाभार्थी ऐसे हैं जिनका ई-केवाईसी/आधार प्रमाणीकरण न हो पाने के कारण योजना के लाभ से वंचित हैं। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने जिले के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विकास खण्ड अन्तर्गत सभी अवशेष सभी निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों के ई-केवाईसी/आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही 01 सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। श्री चन्द्र ने लाभार्थियों से भी अपील की है कि वे स्वयं विकास खण्ड अधिकारी से सम्पर्क कर ई-केवाईसी/आधार प्रमाणीकरण पूर्ण करा लें।

## अवैध रूप से कूड़ा कलेक्शन करने वाली फर्मों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधि.अधि. नगर पालिका परिषद, बहराइच प्रमिता सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद, बहराइच क्षेत्रान्तर्गत मनीष कान्सट्रक्शन, लक ट्रेडर्स व कुमार इन्जीनियर्स द्वारा अवैध रूप से डोर-टू-डोर कूड़े का कलेक्शन घरों/प्रतिष्ठानों/अस्पतालों से किया जाता है और उनसे धनराशि वसूली जाती है। ई.ओ. ने बताया कि उक्त फर्में नगर पालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत नही हैं सम्बन्धित के विरूद्ध जांच करवाकर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जायेगी। अधि.अधि. ने नगरवासियों से अपील की है कि उक्त फर्मों को न तो कूडा दिया जाय और न ही उसका भुगतान किया जाय। क्योंकि सम्बन्धित द्वारा कलेक्शन किये गये कूड़े को पालिका सीमा के अन्दर ही नगर सीमा के किनारें डाल दिया. जाता है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका परिषद, बहराइच की पंजीकृत फर्म 7 स्टार मल्टी सर्विसेज है। भविष्य में घरों/प्रतिष्ठानों/अस्पतालों से निकलने वाले कूड़े को पालिका की पंजीकृत फर्म 7 स्टार मल्टी सर्विसेज को ही दिया जाय।

## पुनरीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 20 दिसम्बर को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। लीड बैंक प्रबन्धक ने बताया कि 20 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। लीड बैंक प्रबन्धक ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18 जानवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. योगेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 06 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को जनपद बहराइच में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। डॉ. द्विवेदी ने प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं के अभिावकों को जानकारी दी है कि सीबीएसईआईटीएमएस डाट आरसीआईएल डाट जीओवी डाट इन से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## चलाया गया एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। केशकुमारी बालिका इंटर कलेज सुल्तानपुर में कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान चलाया गया। बच्चों के द्वारा एंबुलेंस को रास्ता दें के लिए चित्र बनाए गए। कार्यक्रम की अयक्षता राज्य अयापक पुरस्कार से सम्मानित केशव सिंह ने किया । इस मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने छात्राओं को संबोाित करते हुए कहा कि एम्बुलेंस को रास्ता दें - सड़क पर बाईं ओर चलें, निाारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, भीड़ भाड़ में एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन को दाईं लेन से जाने दें पहले एंबुलेंस फिर हम किसी सोच के साथ सड़क पर चलें एंबुलेंस को पहले प्राथमिकता दें। इस मौके पर उपस्थित राज्य अयापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक केशव सिंह ने कहा कि देश में यातायात नियमों के अनुसार एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी गाड़ियों को रोकने पर जेल भी काटनी पड़ सकती है। एंबुलेंस में कोई ऐसा मरीज मौजूद है, जिसकी कंडीशन सीरियस है और सही समय पर इलाज ना मिलने की वजह से उसकी मौत हो सकती है।

# शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्धतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है कि अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते हैं। इसलिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु स्वीकृत किया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त हो रही है। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार लगभग 20 प्रतिशत प्रभावित होगी, दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाती है। यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (रु0 4 प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षो से इसी खेत से वह लगभग 18000 रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय, केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है। किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन का कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है। अगर कोई किसान अपने खेत में गेहूं और मक्के की खेती कर रहा है और इसी खेत में शहतूत के पेड़ भी लगा देते हैं तो अगले 4-5 वर्षों में इसी खेत से किसान विशाल रेशम कीटपालन के साथ अपनी कुल आय दुगुनी कर सकता है। उचित लाभ प्राप्ति हेतु कम से कम 100 पेड़ भी स्थापित किए जा सकते है, पर 300 पेड़ का उद्यान स्थापित हो तो आर्थिक लाभ हेतु उत्तम रहता है। जितने अधिक पेड़ होंगे उसी अनुपात में पत्ती एवं तदनुसार रेशम कोया का उत्पादन अधिक होगा। यदि किसी किसान के पास जमीन कम है पर वह अधिक पेड़ लगाना चाहता है तथा रेशम कीटपालन से अधिक आय प्राप्त करना चाहता है, तो वह मेड़ के बाद खेत के बीच में सीधी कतार में पेड़ लगा सकता है, खेत की चौड़ाई के अनुसार कतार की संख्या निर्धारित होती है, क्योंकि दो कतारों के बीच में कम से कम 18 फीट की दूरी होनी चाहिए। इस प्रकार से एक खेत में परम्परागत खेती को प्रभावित किए बगैर किसान अपने लिए अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम कम से कम अगले 20-25 साल तक आसानी से कर सकता है। इस पद्धति से एक एकड़ जमीन में 300 शहतूत पेड़ लग सकते है।

# जिला जज,डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिलाजज,जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल,भोजनालय,भंडार कक्ष,पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय।जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीजेएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा,जेल अधीक्षक,डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर अखण्ड प्रताप सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीसीएस प्री परीक्षा तैयारी के सम्बंध में डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सहायक केन्द्र व्यवस्थापको, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, केलकुलेटर, सनग्लास, वालेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम मोनिका रानी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सचेत किया कि नकल को लेकर पूरी से संवेदनशील रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त सहायक केन्द्र व्यवस्थापक के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे। परीक्षा में नकल कराने वालों से पूरी कड़ाई के साथ निपटा जायेगा। परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो इसके लिए कमाण्ड सेन्टर से सीसीटीवी स्क्रीनों पर नज़र रखी जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर 02 से 03 दिवस पूर्व ही सीसीटीवी कैमरे इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होनें बताया कि परीक्षा से जुड़े हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी का कोई भी अंश गायब नहीं होना चाहिए। डीएम ने बताया कि जनपद में पीसीएस प्री परीक्षा हेतु 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें केडीसी में ए व बी दो परीक्षा केन्द्र के अतिरिक्त राजकीय इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, आज़ाद इण्टर कालेज, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराह, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, रिसिया, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच, महाराजा सुहेल स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच तथा श्री रामकुमार भानीरामका इण्टर कालेज, चिलवरिया इस अवसर पर आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षक ओम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी रमेश चन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा परीक्षा के लिए नामित केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कमीशनखोरी का तारकोल ऐसा, सड़क-सड़क पर फैला भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के विकास में भ्रष्टाचार का दीमक इस कदर लग चुका है कि छोटी सी सड़क भी गुणवत्तापरक नहीं बन पा रही है।हाल यह है कि लोग हाथों से सड़कों को उखाड़ दे रहे हैं।वीडियो जिलाधिकारी से लेक़र शासन तक जा रहे हैं।मीडिया के द्वारा ट्विटर पर ट्वीट कर रहे हैं।भ्रष्टाचार के लिए अफसर ठेकेदारों को और ठेकेदार अफसरों की कमीशनबाजी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं,लेकिन खुलकर कोई नहीं बोल रहा।मामला खुलने पर कार्रवाई होती है और फिर वैसे ही चलता रहता है।बरसात के बाद शासन ने खराब सड़कों की मरम्मत के आदेश दिए और करोड़ों का बजट दिया तो अफसरों से लेकर ठेकेदारों तक के चेहरे खिल उठे।विशेष मरम्मत के नाम पर जिले को करीब करोडो रुपये दिए गए लेकिन काम के नाम पर सिर्फ बजट खपाया जा रहा है।विकासखंड झंझरी के उम्मेद जोत के मजरा कोरी पुरवा में ठेकेदार के द्वारा बनाया गया मानक विहीन सड़क सूबेदार पुरवा सम्पर्क मार्ग से नैसिरिया गांव तक 860 मीटर मार्ग बनाया गया है जिसकी चौड़ाई होनी चाहिए तीन मीटर और लागत 32 लाख पचास हजार रुपए है वहाँ जो सड़क बन रही सड़क को लोगों ने हाथों से उखाड़ दिया।वीडियो वायरल होने पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।वही बीस से तीस फीसदी तक कमीशन तो कहां से आए गुणवत्ता सूबेदार पुरवा में सड़क की गुणवत्ता को लेकर मामला उठा तो पीडब्ल्यूडी के कुछ अफसरों की पोल भी खुली।स्थानीय लोगों ने सड़क उखाड़ कर वीडियो वायरल अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वही अंदरखाने चर्चा है कि कमीशन बाजी के कारण कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है।वही ठेकेदार की मनमानी के कारण मानक विहीन बनाकर अपने काम की इतिश्री कर ली गई जिसका नतीजा यह है की उक्त सड़क हाथ से ही उखड़ जाती है कहने का मतलब यह है की जब उसमें तारकोल की मात्रा बिल्कुल ना के बराबर है और नीचे गिट्टी के जगह पर मिट्टी पड़ी है तो उस पर बनाई गई सड़क कैसे टिकेगी उसका नतीजा यह है कि जरा सा भी ठोकर लगता है तो छर्री बिखर जाती है सड़क को बनाए अभी दो हफ्ता भी नहीं हुआ और सड़क जगह जगह से उखड़ गई है ग्राम कोरी पुरवा में डामर रोड और आरसीसी रोड को देखिए।सूबेदार पुरवा सम्पर्क मार्ग से नैसिरिया गांव तक 860 मीटर मार्ग बनना है चौड़ाई तीन मीटर ,32 लाख पचास हजार लागत है।ग्रामीणों के मुताबिक डामर रोड बने अभी लगभग एक सप्ताह भी नहीं हुआ है और रोड को मात्र रगड़ने से ही भ्रष्टाचार का आलम देख सकते हैं वही ग्राम वासियों के चर्चाओ के बीच में यह सवाल उठ रहा है कि रोड को पुनः उखाड़ कर बनाया जाएगा जबकि रोड पर उखड़ कर बिखरे गिट्टियों को केवल झाड़ू लगवा कर रोड से हटवा दिया गया है।मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने रोड को मानकविहीन बनाने का आरोप लगाया है वहीं यह भी बताया की रोड किनारे मिट्टी पटाई के लिए हमारे गाटा संख्या के खेतों से बिना हमारे इजाजत के खुदाई कर मिट्टी पटाई गई है।अन्य लोगों ने जानकारी देते हुए बताया की बजडीं और गिट्टी का नामोनिशान नहीं हैं दबंग ठेकेदार ने मानक को ध्यान रखकर रोड निर्माण नहीं किया है।अभी तक कोई जांच भी नहीं हुई है।अब सवाल यह उठता है की जिम्मेदार अधिकारी रोड बनते समय अपने जिम्मेदा रियों का निर्वहन क्यों नहीं किया।योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त वादा देखकर लोग दंग हैं और यह भी कहते नजर आ रहे है ।

# खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने दिखाई हरी झंडी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग पीलीभीत के तत्वाधान में शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुडिया रतनपुरी के खेल मैदान पर विकास खण्ड मरोरी के दो दिवसीय खण्ड स्तरीय उत्तर प्रदेश खेल लीग का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा के द्वारा किया गया एवं बच्चो को जीवन जीने की गुणवत्ता परक बातें की गई।गुरुजनों का जीवन में महत्व एवं सम्मान देने पर जोर दिया गया।जिनके द्वारा 200 मीटर की रेस को हरी झण्डी दिखाई गयी।साथ ही महिला जूनियर कबड्डी के मैच का लुत्फ़ उठाया गया।प्रथम दिवस में आयोजित हुये खेल में सूचना मिलने तक सब जूनियर महिला 100 मीटर में प्रथम जया यादव द्वितीय निशा मौर्या,तृतीय आस्था मौर्या 800 मीटर प्रथम शगुन पाल द्वितीय काजल देवी तृतीय संध्या देवी सब जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर रेस प्रथम रोहित द्वितीय आशिक तृतीय रोहित कुमार 800 मीटर प्रथम कामरान अली द्वितीय आशिक तृतीय आदित्य जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर रेस प्रथम शोबित सिंह द्वितीय रंजित कुमार तृतीय पवन 200 मीटर- प्रथम सौरभ द्वितीय नितिन यादव तृतीय शोबित सिंह 400 मीटर प्रथम सौरभ सोलंकी द्वितीय नितिन यादव तृतीय रंजित कुमार जूनियर वर्ग 800 मीटर प्रथम सौरभ द्वितीय नितिन यादव तृतीय शोबित सिंह कबड्डी सब जूनियर बालक रंजीत एंड पार्टी तथा शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुडिया रतनपुरी की टीम प्रथम रही क्र वॉलीबॉल सीनिअर में अलीगंज की टीम प्रथम एवं मेवातपुरा उपविजेता रही। जूनियर वर्ग में रमपुरा ग्राम पंचायत की टीम विजेता रही क्रकबड्डी सीनिअर वर्ग में हिम्मत नगर की टीम प्रथम रही जबकि द्वितीय रमपुरा की टीम रही।शेष विधाओं का आयोजन कल दिनांक 18 दिसम्बर को किया जाएगा। स्कूल प्रबंधक श्री पॉल डोनाल्ड सैमुअल द्वारा खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निर्णायक टीम में जय प्रकाश,बंटू कुशवाहा,भवानी शंकर,शांति स्वरुप, वेदप्रकाश,संजीव सिंह,सीमा देवी,चित्रा वर्मा,विभा मिश्रा कबड्डी अध्यक्ष डॉ0 दिनेश तिवारी उपस्थित रहे।जिला कबड्डी संघ सचिव गुरमेज सिंह का कार्यक्रम आयोजन में विशेष योगदान किया गया है।शाम को कार्यक्रम की क्लोजिंग पर अमित कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण मरौरी ने अपने स्टाफ हेमंत कुमार एवं महेंद्र कुमार सभी का आभार व्यक्त किया है।

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत कई नेता हाउस अरेस्ट



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा घेराव के पहले ही कई नेताओं के घरों के बाहर पुलिस हुई तैनात**

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई**

अमेठी। कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को लखनऊ में किये जाने वाले विधानसभा घेराव को लेकर अमेठी पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई है।अमेठी पुलिस ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत कई कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया है। कांग्रेस नेताओं के घरों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। कांग्रेस पार्टी बुधवार को मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में है।दो दिन पहले कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजेश तिवारी पहुंचे थे और उन्होंने भारी संख्या में अमेठी के कांग्रेसियों के लखनऊ पहुंचने की दावा किया था।विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में जुटे कांग्रेसियों पर पुलिस ने शिकंजा कसने की शुरुआत कर दी है। मंगलवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह समेत जिले के कई बड़े कांग्रेसी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया है। सभी नेताओं के घरों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात कर दिया गया है। पुलिस किसी भी सूरत में कांग्रेसियों को लखनऊ नही जाने देना चाहती है। पुलिसिया कार्यप्रणाली से कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस पार्टी के एक नेता ने बताया कि यह पुलिस प्रशासन की तानाशाही है।

# नगरिया खुर्द कला में पाइपलाइन और पानी की टंकी निर्माण को केंद्र मंत्री ने लिया संज्ञान डीएम को लिखा पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**पानी की टंकी का अधूरा निर्माण छोड़ ठेकेदार हुआ फरार ग्रामीणों में रोष ग्राम प्रधान ने केंद्रीय मंत्री से की शिकायत मचा हड़कंप**



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के प्रधान विवेकानंद सरकार ने अपनी ग्राम पंचायत से संबंधित एव जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पाइपलाइन एवं टंकी का निर्माण पूर्ण करवाने के लिए एक पत्र लिखा था।पत्र को केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए उनके अपर निजी सचिव कुमार सौरभ ने जिलाधिकारी पीलीभीत को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पाइपलाइन और टंकी का निर्माण करने की बात कही है।नगरिया खुर्द कला ग्राम पंचायत में पाइपलाइन और टंकी निर्माण लगभग एक साल बंद पड़ा है। ग्राम प्रधान ने इस मामले में जल निगम के उच्च अधिकारियों सहित जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने ग्राम पिपरा के अग्निपीड़ित परिवार को गर्म वस्त्र सहित वितरित की राहत सामग्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम पिपरा मुजफ्ता में पिछले दिनों आग लगने से आठ घरों में आग लग गयी थी आग लगने की सूचना पाकर सोमवार को सयूस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार''राजू'' अग्नि पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें दुख की इस घड़ी में धैर्य से काम लेने की बात कही तथा अपने द्वारा यथासंभव अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई।इस दौरान सपा नेता राजकुमार''राजू''ने बताया कि आग लग जाने के कारण आठ परिवारों के घर जलकर राख हो गये थे।आग लगने की सूचना पाकर वे अपने निजी कोष से पीड़ित परिवार को राहत मुहैया करा दिए हैं ताकि उन्हें जीवन यापन में परेशानी ना हो उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवार की मदद के संबंध मे संबंधित अधिकारीयों से वार्ता कर आपदा विभाग के तहत मिलने वाली सहायता राशि उन लोगों को मिले वे इसके लिए प्रयत्नशील रहेंगे।बताते चलें कि पिछले दिनों विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम पिपरा मुजफ्ता में आग लग जाने के कारण आठ घर जलकर राख हो गये थे जिसमें पीड़ित परिवार का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया था इस दौरान उनके साथ पहुंची महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार ने भी साडी वितरण किया विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,मीता सिंह, आनंद पासवान,तुफैल अहमद बसंत भारती, सतीश शर्मा,हरीश चंद्र वर्मा, पुत्तूलाल शर्मा,अमित सक्सेना, अभिषेक शुक्ला,गेंदन लाल रातौर, आशीष भारती,जलील अहमद, भुवनेश प्रधान आदि समाजवादी कार्यकर्ता एवं सहयोगी उपस्तिथ रहे।

# तिलोई के बीईओ ने शिक्षक संकुल बैठक में दिशा निर्देश दिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । विकास खण्ड तिलोई की न्याय पंचायत लोधवरिया की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रजनपुर में किया गया।उक्त बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप द्वारा नैट परीक्षा,अर्द्धवार्षिक परीक्षा,यू डाइस पोर्टल व पी एफ एम एस पोर्टल पर किया जा रहे कार्यों को शीघ्र पूरा करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय रजनपुर के प्रधानाध्यापक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया व आगंतुक समस्त शिक्षकों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया साथ ही विभागीय निर्देशों के अनुपालन हेतु जोर दिया गया।इसके अलावा तिलोई विकास खण्ड की नौ न्याय पंचायतों में भी शिक्षक संकुल बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन नोडल संकुल शिक्षक अतुल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अब्दुल कयूम,दिलीप सिंह,अंशुल सिंह, अरविंद सिंह,हरिलाल,योगेंद्र सिंह,ऊषा तिवारी,पूजा सिंह,शीबो फात्मा,सविता मिश्र,मीरा त्रिपाठी,अर्चना,दीक्षा बाजपेई,सरोज सिंह सहित अन्य तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# डीएम ने ठंड के दृष्टिगत कल देर रात अलाव व्यवस्था का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ठंड के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा तहसील सदर व केजीएन का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नकटादाना,गौहनिया चौराहा,रेलवे स्टेशन,छतरी चौराहा,नौगवा चौराहा, बस स्टैण्ड व बरेली गेट के पास सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव व्यवस्था देखी गई। इस दौरान अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि नियमित अलाव व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके उपरान्त उन्होंने तहसील सदर एवं केजीएन रैन बसेरा की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे रूके हुये लोगों/मुसफिरों से बातचीत की और व्यवस्थाऐं के बारे में जानकारी ली। रैन बसेरे में रूके हुये लोगों द्वारा रैन बसेरे की व्यवस्थाओं की प्रंशसा की। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी,नगर मजिस्टेट,उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, सफाई नायक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जन भागीदारी बिना सरकारी तंत्र से काम करवाना संभव नह-ईओ लालचंद

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम के बगल लायंस क्लब सुल्तानपुर सेंट्रल का कार्यक्रम मंगलवार की दोपहर आयोजित हुआ। जहां पर बड़े पैमाने पर जरूरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े और कंबल वितरित किए गए। इस दौरान बैठक को संबोतित करते हुए अशिासी अकािरी नगर पालिका लालचंद्र सरोज ने कहा कि जन भागीदारी के बिना खाली सरकारी तंत्र के सहारे किसी कार्य को संपादित करना संभव नह है। अिवक्ता आशीष अग्रवाल ने कहा कि जन सहयोग से ही किसी व्यक्ति संगठन और समाज का उत्थान संभव होता है। इस मौके पर अशिासी अकािरी नगर पालिका लाल चंद्र सरोज, डीपीएम सौरभ मिश्रा, लायन सतीश श्रीवास्तव, लायन शबीहुल हसनैन, लायन सौरभ कांत श्रीवास्तव, यार्न आशीष अग्रवाल, लायन मनोहर सिंह, लायन विजय अग्रवाल, लायन प्रतिपाल सिंह, विनोद जायसवाल, लायन जैदी, लायन रागिनी जायसवाल, लायन आजाद सेठ, सुनील अग्रवाल, गुरुदेव सिंह, सतपाल सिंह, बृजेश खत्री आदि मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से छप्पर पोश घर में लगी आग सभी सामान जलकर हुआ राख, वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजार थाना क्षेत्र के गांव राहुल नगर निवासी नेपाल बढ़ोई पुत्र मनोरंजन बढ़ोई के छप्पर पोश घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिल सकी देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मंगलवार 11 बजे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### गन्ना किसानों का नहीं हुआ भुगतान, आप नेत्री ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरखेड़ा बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों के पिछले वर्ष के संपूर्ण भुगतान न होने को लेकर आकर्षित कर उसकी शान पैनी नजर सामाजिक संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार के नेतृत्व में जिलाधिकारी पीलीभीत को ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी यदि 25 दिसंबर तक संपूर्ण भुगतान न हुआ तो 26 दिसंबर से किसान बजाज चीनी मिल के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे पैनी नजर सामाजिक संस्था अध्यक्ष ने कहा चीनी मिल ने अभी तक 44 करोड़ रूपया बकाया दिया है अभी 54 करोड़ रूपया बाकी है।इसका मिल द्वारा संस्था ने स्टेटमेंट भी प्राप्त किया है। किसानों से बार-बार झूठ पर झूठ बोला जा रहा है प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी बात पर खड़े नहीं उतर पा रहे हैं चीनी मिल लगातार किसानों का भुगतान न करके आर्थिक शोषण करती आ रही हैं किसानों को अभी तक अपना मूलधन वापस नहीं मिला है जबकि किसान उसे पैसे के ब्याज का संवैधानिक अधिकार रखते हैं।सुनीता गंगवार ने कहा किसानों के साथ यह आंख मिचोली का जो खेल खेला जा रहा है इसके खिलाफ संस्था मोर्चा खोल रही है। 26 दिसंबर से किसान बरखेड़ा बजाज चिल्ली मिल में तालाबंदी कर धरना देने को मजबूर होंगे।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ अन्तर्जनपदीय तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक हेम नारायण सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर वाहन चोर मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद असरफ निवासी पूरे गोपालदास चकदोहरी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी, शुभम शुक्ला उर्फ धोनी शुक्ला पुत्र कृष्ण चन्द शुक्ला निवासी खौदिया थाना मुसाफिरखाना,विकास उपाध्याय उर्फ सत्य प्रकाश पुत्र विधान शंकर उपाध्याय निवासी अनखरी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को ग्राम पूरे प्रेमशाह के पास चोरी की तीन मोटर साइकिल के साथ दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार शातिर वाहन चोरों ने बताया कि हम तीनों लोग अपने अन्य राम कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी पूरे शिव गुलाम मजरे भनौली थाना मुसाफिरखाना,रोशन अहमद पुत्र इंतजार अहमद निवासी भीखीपुर थाना मुसाफिरखाना के साथ वाहन चोरी करते हैं। हम लोगों ने चोरी की तीन मोटर साइकिल यहां लाकर खड़ी की थी जिन्हें आज बेचने वाले थे। आगे पूंछताछ में बताया कि मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट संख्या यूपी 36 क्यू 3115 को कमला उदित डिग्री कॉलेज मुंशीगंज के पास से, मोटरसाइकिल स्प्लेन्डर प्रो संख्या यूपी 44 ए बी 9415 को इसी महीने में सुलतानपुर दीवानी से चोरी किया था ।

# नन्हे मुन्ने बच्चे हमारी शानदार विरासत के ध्वज वाहक बन भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेंगे: मुख्य विकास अधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकत्सव 'आरंभ'**

पीलीभीत। भारतवर्ष की संस्कृति कर्म प्रधान है और नन्हे मुन्ने बच्चे ध्वजवाहक हैं हमारी समृद्धशाली गौरवपूर्व शानदार विरासत के और निश्चित रूप से यह बच्चे भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेंगे यह विचार मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा व्यक्त किये गए। बताते चले की सोमवार को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव ' आरम्भ ' आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत श्री के के सिंह जी ने बच्चों की प्रस्तुति की भूरी भूरी प्रशंसा की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा आराधना के साथ हुआ। साथ ही इसके कक्षा एक तथा तीन के बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कक्षा 6 तथा 8 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नगाड़े संग ढोल बाजे ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पीएनसी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने चक धूम धूम गीत पर प्रस्तुति दे दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कक्षा 2 के बच्चों ने शिव तांडव की प्रस्तुति से अलौकिकता का वातावरण बना दिया कक्षा चार के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत गीत नाटिका ने दर्शकों को भावुक कर वाह वाही लूटी वही कक्षा 6 के बच्चों ने आरंभ है प्रचंड है, की प्रस्तुति से यह बता दिया कि यह सफलता का आरंभ कितना प्रचंड हैं।दर्शन मंत्रमुग्ध होकर ताली बजा रहे थें।

कक्षा 8 के बच्चों ने रोबोट नृत्य से दर्शकों को खूब हंसाया। पंजाबी तथा हरियाणवी नृत्य ने वहां की लोक संस्कृति को सजीव कर दिया।वार्षिकोत्सव में नगर के प्रमुख सर्जन डॉक्टर पी डी सिंह ने बच्चों को डॉक्टर अब्दुल कलाम जी के पग चिह्नों पर चलने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर एस के मित्रा, अंचल गुप्ता, श्रीमती चारु धवन,राजेंद्र धवन, डॉक्टर शान्तनु सिंह, जितेंद्र चौधरी,शालिनी, पुष्पा, विनीता माहेश्वरी, दिव्या, पूनम सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें।वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सफल आयोजन हेतु विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर को अनिल कुमार सिंह को बधाई दी।वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सिंह ने समस्त उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तनिष्का तथा सोनम, सोनांली,अंकिता, समीक्षा, आरती, आसिफा, शीतल, अनुकूल, लीना, साधना, वंदना आदि का विशेष सहयोग रहा हैं।

## जीवनदायी उपचार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर कहते हैं कि बुरा लगता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में 15 लाख लोगों की मौत हुई। हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरुआती गोल्डन ऑवर में निरूशुल्क उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना के बाद सात दिनों के भीतर घायल को डेढ़ लाख रुपये तक उपचार मुफ्त मिल सकेगा। हरियाणा पुलिस ने भी इस योजना की शुरुआत कर दी है। प्रदेश की सड़कों को नागरिकों के लिये सुरक्षित बनाने की पहल को विस्तार दिया जा रहा है। दरअसल, यह पायलेट प्रोजेक्ट नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्पतालों के साथ तालमेल करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। थाना छह घंटे के भीतर दुर्घटना की पुष्टि करेगा, फिर घायल को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई इस योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। यदि समय रहते घायलों को उचित व मुफ्त उपचार मिल जाए तो हर साल हजारों जानें बचायी जा सकती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों व पुलिस में बेहतर तालमेल स्थापित हो। निश्चित रूप से घायलों के प्रति संवेदनशील व्यवहार व औपचारिकताओं के बिना तुरंत उपचार जीवन रक्षक ही साबित होगा। उन बाधाओं को दूर करने की भी जरूरत है जिसकी वजह से लोग घायलों की मदद करने से कतराते हैं। इसके अलावा उन बिंदुओं पर विस्तार से काम करने की जरूरत है, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आती है। जरूरी है कि जन-जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटनाओं को टालने के लिये सतर्क रहने को प्रेरित किया जाए। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना उन्मुख क्षेत्र स्थित हैं। इंजीनियरिंग विभाग की मदद से उन तकनीकी खामियों को दूर किया जाए जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। इसी तरह स्कूली बसों की सुरक्षा की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इस दिशा में हरियाणा पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए 19 हजार से अधिक स्कूल बसों की जांच की है और खामी पाये जाने पर करीब साढ़े चार हजार से अधिक बसों के चालान भी किए हैं। इसी तरह ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों का भी चालान किया जाना चाहिए, ताकि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। निस्संदेह, सरकार, पुलिस-प्रशासन तथा नागरिकों की जागरूकता से ही दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

> हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरुआती गोल्डन ऑवर में निशुल्क उपचार कराया जाएगा।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

### अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विशेष

**भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है।**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की एवं अल्पसंख्यकवाद की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा, अल्पसंख्यक अपने आप ऊपर उठ जायेगा। **-ललित गर्ग**




# उस्ताद जाकिर हुसैन : थम गई तबले की थाप

**डॉ. नुपूर निखिल देशकर**

संगीत संसार में तबले को एक नया आयाम देने और अपनी कला से भारत को विश्वपटल पर पहचान दिलाने वाले तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब इस संसार में नहीं रहें। उनकी अद्वितीय प्रतिभा और साधना ने तबले को एक नई पहचान दिलाई। जाकिर हुसैन ने तबला वादन की कला अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा से सीखी। अल्ला रक्खा स्वयं भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान तबला वादकों में से एक थे। जाकिर ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए इसे वैश्विक मंच तक पहुंचाया। जाकिर हुसैन का संगीत तकनीकी दक्षता का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था। जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ फ्यूजन म्यूज़िक और वर्ल्ड म्यूज़िक में भी तबले को स्थापित किया। ''शक्ति'' जैसे बैंड के साथ उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य संगीत के अद्भुत संयोजन किए। उनकी उंगलियों की थाप से तबले पर उभरने वाली ध्वनियां संगीत प्रेमियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ती थीं। भारत सरकार ने जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण, और 2023 में पद्म विभूषण से अलंकृत किया। वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी ने सम्मानित किया। वर्ष 1999 में यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडॉमेंट फ़ॉर द आर्ट्स की नेशनल हेरिटेज फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया था। यही नहीं इन्होंने ने अपने जीवन में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन किया। ग्रैमी अवॉर्ड्स सहित उन्होंने अनगिनत पुरस्कार जीते। उनका योगदान भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में अमूल्य रहा। चाहे वह पंडित रविशंकर के साथ हो या जॉन मैकलॉघलिन जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ, जाकिर हुसैन ने हर बार अपनी प्रतिभा को नये रूप में स्थापित किया। नौ मार्च 1951 को महान तबला वादक अल्लाह रखा के घर में जन्में जाकिर हुसैन को उनके पिता अल्ला रक्खा खान ने बचपन से ही ताल से बांध दिया इसलिए थोड़ा बड़े होते ही इन्होंने घर के बर्तनों को बचाना प्रारंभ कर दिया था। मात्र 3 वर्ष की आयु से ही जाकिर के पिता उन्हें पखावज पढ़ाने लगे थे। इसके बाद उन्होंने 11 वर्ष की आयु में अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया था। जाकिर हुसैन 12 वर्ष के थे तब वह अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खान के साथ एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में इंदौर में पहुंचे। वहां मंच पर प्रख्यात संगीतज्ञ पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने उन्हें तबला बजाते हुए देखा। उनकी प्रस्तुति समाप्त होते ही पंडित जी ने आशीर्वाद स्वरूप जेब से पांच रुपये का नोट निकालकर उन्हें दिया और पूछा.......बेटा, मेरे साथ बजाओगे? और बस यहीं से जाकिर हुसैन के ताल का सफर शुरू हुआ और वह एक दिन उस्ताद जाकिर हुसैन बन गये। जाकिर हुसैन ने 'इन कस्टडी', 'द मिस्टिक मस्सेर', 'हीट एंड डस्ट' आदि जैसी कई फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया है। मलयालम फिल्म 'वानप्रस्थम' के लिए उनकी रचना, जिसे प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फ़ेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था, ने उन्हें विश्व स्तर पर ख्याति दिलाई। कुछ अन्य फिल्में जिनके लिए उन्होंने संगीत स्कोर पर काम किया है, उनमें 'एपोकैलिप्स नाउ', 'लिटिल बुद्धा', 'साज़', मिसेज अय्यर' और 'वन डॉलर करी', 'मिस्टर' आदि सम्मिलित हैं। वर्ष 1998 में आई फिल्म साज में दस गाने थे। इसका संगीत ज़ाकिर हुसैन, भूपेन्द्र हज़ारिका, राजकमल और यशवंत देव ने मिलकर दिया था। इसके दो गीत इस प्रकार हैः-

क्या तुमने है कह दिया - कविता कृष्णमूर्ति (ज़ाकिर हुसैन) द्वारा गाया गया

फिर भोर भयी - देवकी पंडित (ज़ाकिर हुसैन) द्वारा गाया गया

जाकिर हुसैन ने स्वयं को फिल्मों के लिए तबला बजाने तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने भारतीय संगीत में नये प्रयोग किए। उनके फिल्म संगीत में योगदान ने तबले और भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक नई ऊंचाई दी। दिनांक 15 दिसंबर 2024 को जाकिर हुसैन ने इस संसार को अलविदा कह दिया। उनका निधन भारतीय और विश्व संगीत के लिए एक अपूरणीय क्षति है लेकिन उनकी कला और धुनें हमेशा जीवित रहेंगी। उनकी थापों में छिपी कहानी और उनकी ध्वनियों में बहता संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

## सेहत मंत्र

# रोजाना 2 सेब खाने से घट सकता है कोलेस्ट्रॉल, रिसर्च में हुआ खुलासा

सेब आपके स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, लेकिन आप सभी को यह सुनकर हैरानी हो सकती है कि दिन का एक सेब खाना आपको डॉक्टर के पास जाने से दूर रख सकता है। सेब एक ऐसा फल है, जो आपके स्वास्थ्य को अनेकों तरीकों से फायदेमंद और बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद करता है। यह आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने से लेकर इम्यूनिटी बढ़ाने और डायबिटीज जैसी समस्याओं के लिए काफी अच्छा फल है। सेब आपके समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। हाल ही में हुए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि दिन में 2 सेब खाने से शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मदद मिलती है। यह इसमें मौजूद पॉलीफ़ेनोल और हाई फाइबर के कारण होता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, सेब खाने से वैस्कुलर फंक्शन, लिपिड सर्कुलेशन और सीवीडी यानि कार्डियोवैस्कुलर डिजीज के खतरोंपर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। रीडिंग विश्वविद्यालय के इस शोध के अनुसार, रोजाना दो सेब खाने से स्ट्रोक और दिल के दौरे का खतरा कम होता है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने सेब का सेहत पर प्रभाव दर्शाने के लिए लगभग 40 की उम्र के आसपास के प्रतिभागियों को लिया और उनसे उनके स्वास्थ्य और जीवन शैली से संबंधित एक प्रश्नावली भरने को कहा। उसके बाद, उनमें से 20 को एक दिन में 2 सेब खाने के निर्देश दिये गये थे और बाकी को 8 सप्ताह तक जूस पीने के लिए कहा गया। अध्ययन शुरू करने से पहले और 8 सप्ताह के बाद उनके खून के सैम्पल इकट्ठे किए गए थे। जिसमें प्रतिभागियों के ग्लूकोज, इंसुलिन, पित्त एसिड, सीरम लिपिड के साथ-साथ अन्य सूजन और एंडोथेलियल बायोमार्कर की जांच की गई। इसके अलावा, अलग-अलग तरीकों का उपयोग करके धमनी की कठोरता और माइक्रोवैस्कुलर प्रतिक्रिया को भी मापा गया।

## धर्म मंत्र

# एशिया में ग्रेनाइट की एक ही चट्टान पर बनी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा कोयंबटूर में, वजन है 14 हजार किलो

उत्तर भारत की तरह ही दक्षिण भारत में भी गणेशोत्सव की धूम है। कई अनोखे और अद्भुत गणपति मंदर दक्षिण भारत में हैं। इनमें से एक तमिलनाडु के कोयंबटूर से 4 किमी की दूरी पर पुलियाकुलम के श्री मुंथी विनायक गणपति हैं। इस मंदिर की खासियत ये है कि यहां भगवान गणेश की प्रतिमा ग्रेनाइट की एक ही चट्टान पर उकेरी गई है। करीब 140 क्विंटल वजनी इस प्रतिमा को सैंकड़ों कलाकारों ने 6 साल की अथक मेहनत के बाद उकेरा है। ये पूरे एशिया में एक मात्र प्रतिमा है जो 14 हजार किलो यानी 14 टन वजनी है और पूरी प्रतिमा एक ही ग्रेनाइट पत्थर पर बनाई गई है। करीब 20 फीट ऊंची और 11 फीट चौड़ी ये प्रतिमा गणपति के आरोग्य प्रदान करने वाले स्वरुप को दर्शाती है। इस प्रतिमा के एक हाथ में अमृत कलश है। इस प्रतिमा के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां कालसर्प दोष और बीमारियों से मुक्ति के लिए विशेष पूजा की जाती है। ये मंदिर 1982 में बनना शुरू हुआ था। कई कलाकारों ने तमिलनाडु के एक दूसरे हिस्से से लाए गए काले ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान पर गणेशजी की आकृति उकेरना शुरू की। 6 साल की अथक मेहनत के बाद गणेश प्रतिमा ने पूरा आकार लिया। ये प्रतिमा कमल के फूल पर विराजित गणपति की है। जिनकी कमर में कमरबंद के तौर पर वासुकी नाग विराजित हैं।

## पर्यटन



# अश्रवमुखी 'कुद्रेमुख नेशनल पार्क' है फोटोग्राफी के साथ ट्रैकिंग के लिए भी बेस्ट

बादलरूपी पर्दों से गुजरते हुए जब कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान पहुंचते हैं तो वहां की खूबसूरत वादियां आपका स्वागत करती हैं। इसी खूबसूरती की मनमोहक छटाओं में खो जाने के लिए ट्रेकर्स एवं यात्री इस उद्यान की सैर बारिश के मौसम में करना पसंद करते हैं। इस उद्यान की खास बात यह है कि इसकी पहाड़ियों का आकार घोड़े के मुख जैसा प्रतीत होता है और इसी वजह से प्राचीनकाल से कन्नड़ भाषा में इस पहाड़ी को 'कुद्रेमुख' अर्थात 'अश्र्वमुख' का नाम दिया गया। दक्षिण भारत की तीन मुख्य नदियां तुंग, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थान भी कुद्रेमुख में स्थित है। पहाड़ी में स्थित देवी भगवती की गुफा कुद्रेमुख को दैवी ऊर्ज़ा से भरती प्रतीत होती है। संरक्षित उद्यान होने के कारण यहां कैंपिंग या रात्रिवास की मंजूरी नहीं है। हां, सुबह के समय इस उद्यान की सैर के दौरान आप यहां के वन्य जीवन से रूबरू हो सकते हैं। बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, लंगूर, हिरन एवं अनगिनत प्रजातियों के सांप कुद्रेमुख के घने जंगलों में पाए जाते हैं। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स के लिए कुद्रेमुख किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां वे इस जन्नत को अपने कैमरे में उतारने के लिए आतुर नजर आते हैं। रात्रिवास के लिए आप उद्यान के नजदीकी गांवों में होमस्टे लेकर अपनी यात्रा को और भी रोमांचक बना सकते हैं। स्थानीय आदिवासियों के साथ संस्कृति-विनिमय का यह बेहतरीन मौका है। कुद्रेमुख ट्रेकिंग के लिए बारिश या सर्दियों का मौसम सही समय माना जाता है। आप स्थानीय गांव से गाइड लेकर लगभग 18 किलोमीटर लंबा ट्रेक एक दिन में पूरा कर वापस होमस्टे आ सकते हैं। आजकल ज्यादातर होमस्टे यात्रियों के लिए ट्रेकिंग गाइड की सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं। यदि कुद्रेमुख ट्रेक किसी के लिए ज्यादा कठिन है तो नजदीकी जलप्रपात तथा 'व्यू-पॉइंट्स' तक सरल ट्रेकिंग के विकल्प भी मौजूद हैं। अंदरूनी जंगलों में स्थित होने के कारण गांव तक पहुंचने का एकमात्र विकल्प निजी गाड़ी या चिकमंगलूर शहर से मिलने वाली टैक्सी है।

# बालाजी, स्पोर्ट्स मीट उड़ान, रेस में बालिका वर्ग की राशि वर्मा अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित बालाजी ग्रुप आफ स्कूल की स्पोर्ट्स मीट उड़ान प्रतियोगिता के पांचवें दिन 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ तथा सैक रेस आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इंटर स्कूल कंपटीशन में 100 मीटर रेस में ग्रुप ए से बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर बालाजी अकैडमी की राशि वर्मा द्वितीय स्थान पर दिशा मिश्रा वही तृतीय स्थान पर बालाजी का बचपन से इशिता यादव ने स्थान प्राप्त किया। तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान बालाजी अकैडमी से तेजस वर्मा द्वितीय स्थान बालाजी का बचपन से मोहम्मद अयान तथा तृतीय स्थान अखिल कुमार ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में ग्रुप बी से बालिका वर्ग से प्रथम स्थान बालाजी का बचपन से आद्रिका शुक्ल द्वितीय स्थान बालाजी अकैडमी से अन्वेशा वर्मा तथा तृतीय स्थान बालाजी का बचपन से आद्रिका तिवारी ने प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग से प्रथम स्थान बालाजी अकैडमी से उमर मुख्तार अंसारी द्वितीय स्थान अतुल सैनी एवं तृतीय स्थान अनंत वर्मा ने प्राप्त किया ग्रुप सी से बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बालाजी का बचपन से भव्या सिंह द्वितीय स्थान बालाजी अकैडमी से रिद्धिमा जायसवाल तथा तृतीय स्थान नाबा खान ने प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग से प्रथम स्थान बालाजी का बचपन से कृष्ण शुक्ल द्वितीय स्थान बालाजी अकैडमी से आशुतोष वर्मा तथा तृतीय स्थान बालाजी का बचपन से अर्पित वर्मा ने प्राप्त किया 200 मीटर दौड़ में ग्रुप ए से बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बालाजी अकादमी से राशि वर्मा द्वितीय स्थान महक यादव तृतीय स्थान बेबो सिंह आगे रहे बालक वर्ग से प्रथम स्थान बालाजी अकैडमी से आयुष राज द्वितीय स्थान अनिकेत यादव तथा तृतीय स्थान बालाजी का बचपन से आरुष खान ने प्राप्त किया बालक वर्ग से ग्रुप बी से प्रथम स्थान बालाजी अकैडमी से ऋषभ वर्मा द्वितीय स्थान अंश वर्मा तथा तृतीय स्थान बालाजी का बचपन से तेजस वर्मा ने प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग से प्रथम स्थान बालाजी अकैडमी से तमन्ना बानो द्वितीय स्थान बालाजी का बचपन से आद्रिका तिवारी तथा तृतीय स्थान शगुन वर्मा ने प्राप्त किया ग्रुप सी से बालिका वर्ग से प्रथम स्थान पर बालाजी का बचपन से भव्या सिंह द्वितीय स्थान पर बालाजी अकैडमी की ब्रांच की प्रियांशु कुमारी तथा तृतीय स्थान पर रिद्धिमा जायसवाल रहीं इस अवसर पर बालाजी ग्रुप का स्कूल के अध्यक्ष रविंद्र माथुर प्रबंधक अंकुर माथुर बालाजी का बचपन स्कूल की प्रधानाचार्य सविता कौर,अल्पना नाजिया फातिमा व निखत परवीन आदि उपस्थित रहे।

# जैदपुर में महिला से लूट के मामले में चार लुटेरे लूट में प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### किसान नेता को बदनाम करने की साजिश हुआ नाकाम

बाराबंकी। जैदपुर थाना क्षेत्र मे बीते दिनो हुई लूट पाट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए कार सवार 4 लुटेरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लूट के मोबाइल फोन व वारदात मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है। बताते चलें कि बीते दिनो पुलिस को सूचना मिली कि चर्चित किसान नेता आशु चौधरी की कार मे सवार होकर कुछ युवको ने एक व्यक्ति से मोबाइल आदि धमकाकर लूटपाट किया है जिसके बाद पुलिस ने तहरीर का संज्ञान लेकर तत्काल किसान नेता की गाड़ी पर लूट का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी वही इससे किसान नेता की सामाजिक छवि को निशाना बनाकर मुकदमा दर्ज करने के बाद किसान यूनियन ने पुलिस का विरोध किया और मुकदमे को ग़लत बताकर उच्चाधिकारियो से शिकायत की जिसके बाद जैदपुर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाकर लुटेरों की तलाश करना शुरू कर दिया इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रियांशु वर्मा पुत्र रामकेश वर्मा निवासी पक्कापुरवा मोहब्बतपुर थाना कोठी बाराबंकी,मनोज मिश्रा पुत्र कृपाराम मिश्रा निवासी भगौतीपुर थाना रामनगर बाराबंकी हालपता लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर, आकाश वर्मा पुत्र धीरज वर्मा,आदित्य प्रकाश वर्मा पुत्र शिवकुमार निवासीगण ग्राम इसरौली सेठ थाना जैदपुर बाराबंकी को लूट मे प्रयुक्त कार संख्या यूपी 41 ए एम 7135 के साथ पुलिस ने लसोड़वा मोड़ के पास गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 3 मोबाइल फोन्स व घटना मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है और चारो आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। इसपर किसान नेता आशू चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया कि सच सामने आ ही गया । मुझे पुलिस एवं न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है । कुछ विरोधियों द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने की नियत से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया जिनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा भी करूंगा ।

### प्रशिक्षण का समापन प्रमाण पत्र वितरित

मसौली बाराबंकी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्राम पंचायत न्योला करसंडा मे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान मे लाइवलीहुड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सिलाई सेंटर का समापन सर्टिफिकेट वितरण के साथ किया गया। बीते छह माह से चल रहे सिलाई सेंटर मे सिलाई एव फिनिशर एंड पैकेजिंग के कुल 52 लर्नर के कोर्स पूर्ण होने के उपरांत मंगलवार को सर्टिफिकेट वितरण समारोह का किया गया। सभी लर्नर को सर्टिफिकेट वितरण करते हुए ग्राम प्रधान कमला देवी एव प्रतिनिधि मित्तल कुमार ने प्रथम संस्था के राज्य समन्वयक नुज़हत मलिक व अजीत सिंह सोलंकी के साथ किया।

# रैन बसेरा पर मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए : आलोक तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### चेयरमैन ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण




हैदरगढ़ बाराबंकी । रैन बसेरा में रात्रि प्रवास करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो , हर एक मूल भूत सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए उक्त बात नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कस्बा हैदरगढ़ स्थित रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान कही । उन्होंने आगे कहा रैन बसेरा मुख्य रूप से उनके लिए है जो घर से दूर है और रात को सफर नहीं वो हमारे अतिथि है उनके लिए रात प्रवास हेतु हर मूल भूत सुविधा हों जिसमें गर्म कपड़े , अलाव , साबुन रजाई इत्यादि हो । गौरतलब है कि अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी द्वारा कस्बे के विभिन्न वार्डो में जल रहे अलाव की स्थित से रूबरू हो रहे थे इस दौरान वे लिलहौरा वार्ड में बने रैन बसेरा में पहुंचे उन्होंने वहां सफाई व्यवस्था देखी एवं नगर पंचायत कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए ।

# एंटी करप्शन ने लेखपाल व मुंशी को किया गिरफ्तार, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### लेखपाल संघ ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

बाराबंकी। प्रदेश में लगातार एंटी करप्शन टीम द्वारा की जा रही कार्यवाहियों से घूसखोरों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। अभी जहां दो दिन पहले लखनऊ में एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। तो वहीं दूसरी तरफ मंगलवार को जिले की नवाबगंज तहसील के एक लेखपाल व उनके मुंशी को एक जमीनी मामले में 20 हजार की घूसखोरी के आरोप पर एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई का विरोध करने व वीडियो बनाने के आरोप पर एक अन्य लेखपाल को भी गिरफ्तार किया, लेकिन बाद में उसे पूछताछ कर छोड़ दिया। तहसील के बाहर अचानक हुई बड़ी कार्यवाही के बाद जिले का लेखपाल संघ लामबंद हो गया। जिसने काफी देर तक दोनों लेखपाल व गिरफ्तार किए गए मुंशी के संबंध में जानकारी जुटाना का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं रहे। जिस पर उन्होंने कोतवाली व एसपी आवास के बाहर जमकर नारेबाजी की फिर बाद में एसडीएम कोर्ट के बाहर सामूहिक रूप से जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। यहां बात करने पर जिले के लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने सामूहिक रुप से बताया कि दोनों लेखपाल और मुंशी को गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। जब तक उनकी रिहाई नहीं हो जाती है धरना जारी रहेगा। बता दें कि मंगलवार दोपहर सदर तहसील के सामने अचानक पहुंची एंटी करप्शन टीम ने एक जमीनी मामले में 20 हजार की घूसखोरी के आरोप पर दीपक यादव व एक मुंशी समशेर को गिरफ्तार कर लिया। इसके अतिरिक्त एंटी करप्शन टीम ने मामले में एक अन्य लेखपाल सुनील को गिरफ्तार किया लेकिन देर शाम पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया।

### रामनगर में चोरी की वारदातें बढ़ी, पुलिस खामोश

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फतेहपुर मोड पर दुर्गेश यादव की दुकान का ताला तोड़कर 17 सौ का लहसुन व पास की अरुण पांडे की पान दुकान में नगदी सहित 15 सौ का पान मसाला व ठीक बगल में प्रद्युम्न कुमार की गुमटी से 6 हजार का पान मसाला व 32 सौ की नगदी उठा ले गए।कुछ दूर आगे सुनील कुमार ग्राम बुढ़वल की अंडे की दुकान का ताला तोड़कर 32 सौ रुपए की नगदी व बर्तन उड़ा ले गए।फिर इंद्रेश व मुकेश की गुमटी का ताला तोड़कर नगदी सहित 12 सौ का समान ले गए।ग्राम किसुनपुर मोड़ के पास तीन सगे भाईयों वारिस जान मोहम्मद व वाहिद की सैलून की दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी सहित सैलून का सामान चुरा ले गए।इन्हीं के साथ रखी किसुनपुर निवासी रामेश्वर व अजय की गुमटी का ताला तोड़कर हजारों की नगदी पर हाथ साफ किया। अमोली कला चौराहे पर गुड्डू मिश्रा की गुमटी का ताला तोड़कर एक बैटरी 500 रुपए की नगदी 8 हजार का सामान चुरा ले गए।बगल ही में सुधीर मिश्रा की गुमटी का ताला तोड़कर 400 रुपए की नगदी वह हजारों के समान पर हांथ साफ किया।इसी गांव के निवासी रवि शंकर की गुमटी का मसाला सहित दुकान में रखी हजारों की नगदी उठा ले गए।इसी क्रम में बिलखिया चौराहे पर विजय बहादुर बृजेश नवमी लाल के होटल से 3 हजार रुपए की नगदी मिठाई व दो चांदी की अंगूठी सहित हजारों रुपए पर हाथ साफ किया।खालिसपुर मोड पर रखी दो गुमटियों का भी ताला तोड़ा गया।इसी तरह बुढ़वल चौराहे पर विवेक कुमार मिश्रा आशीष कुमार निवासी गोंदौरा की गुमटियों का ताला तोड़कर हजारों रुपए पर हाथ साफ किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों ने कई घंटे तक चोरी की घटनाओं को क्रमवार बखूबी अंजाम दिया।इस संबंध में कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगा दी गई है शीघ्र ही चोरियों का खुलासा हो जाएगा।

### वेदांत संत सम्मेलन की तैयारी, निकली कलश यात्रा

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिसवारा स्थित श्री दिगम्बर नाथ मंदिर पर स्वामी विनोदाचार्य दासजी महाराज के अध्यक्षता में आज शुरू होने वाले नव दिवसीय श्री रुद्रात्मक हनुमत महायज्ञ एव मानस वेदांत संत सम्मेलन अमृत महोत्स्व की शुरुवात कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओ एव पुरुषों ने भाग लिया। ग्राम सिसवारा स्थित दिग्म्बरनाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा ग्राम नसीरनगर ,चंदनपुर ,बड़ागांव होते हुए मसौली चौराहा स्थित कल्याणी नदी पर पूजन अर्चना की तथा आचार्य कुलदीप शुक्ला एव जजमान गजेंद्र नाथ वर्मा, सुरेंद्र नाथ वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, विजेंद्र यादव व महेंद्र वर्मा द्वारा जीव मात्र का, स्थल मात्र का, वरुण देव की पूजन करने के बाद 151 कलशो में जल भरकर मसौली , भूलीगंज होते हुए मंदिर पहुंचकर कलश की स्थापना की गयी।यज्ञाधीश श्री विनोदाचार्य जी ने बताया कि आज से शुरू हुई यज्ञ 9 दिनों तक चलेगा जिसमे अनेक विद्वान वक्ताओं द्वारा कथा प्रवचन किया जायेगा। यज्ञ में प्रतिदिन कथा प्रवचन दो पाली में प्रथम 2 बजे से 5 बजे तक व द्वितीय पाली में रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक चलेगा । इस मौके पर पुजारी शिवकुमार वर्मा, हरिश्चंद्र पुजारी, ओमकार यादव, शैलेन्द्र वर्मा ,अरविन्द वर्मा, अप्पी वर्मा, लवकुश यादव किशोरी लाल जगदीश प्रसाद रामनरेश वर्मा रमेश यादव, दिलीप कुमार, सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### आयुष चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अटेंडेस एप को आधार से जोड़ने के विरोध में आयुष चिकित्सकों का समूचे प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में, बाराबंकी के आयुष चिकित्सकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। लेकिन, खास बात यह रही कि, इस विरोध से मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। मंगलवार को जिले के आयुष चिकित्सकों ने प्रमुख सचिव आयुष विभाग को सम्बोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। संघ की मांग है कि, संवर्ग को इस सम्बन्ध में लिखित रूप से अवगत कराया जाये कि, अधीनस्थ किसी भी कार्मिक के बायोमेट्रिक डाटा को संग्रहित या साझा नहीं किया जायेगा। साथ ही, यह भी मांग की गई कि, अन्य विभागों में लागू व्यवस्था के समान आयुष विभाग में भी मोबाइल फोन, प्रतिमाह डाटा रिचार्ज सहित सिम कार्ड, वाईफाई और प्रत्येक चिकित्सालय में इन्वर्टर सुविधा प्रदान करने पर गम्भीरता से विचार किया जाये। ज्ञापन में आगे कहा गया कि, अत्यन्त दुर्गम ग्रामों में स्थित चिकित्सालयों में मूलभूत सुविधाओं की काफी कमी है। किराये के आवास की व्यवस्था बहुत ही ज़्यादा दुष्कर है। ऐलोपैथ में लागू आवासीय व्यवस्था की भांति चिकित्साधिकारियों के लिये शासकीय आवास की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना भी बनाई जाये। इस दौरान डॉ. अविनाश चन्द्र, डॉ. गुलाब चन्द्र, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. पारुल गंगवार, डॉ. नीलम जयंत, डॉ. नीतू वर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. प्रज्ञानन्द गौतम, डॉ. रंजना गौतम, डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. राशिद सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

### सूखी पड़ी नहरे किसानों को इंतजार

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूखी पड़ी नहरों में किसानों को पानी आने का बेसब्री से इंतजार है। नहरों में पानी आने की राह निहार रहे क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि जरुरत के समय नहरों में पानी नहीं है। जबकि गेहूं,मटर, सरसों आदि फसल कि सिंचाई के लिए पानी आवश्यकता है। परंतु जरुरत के समय नहरों में पानी न होने से परेशान किसानों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से नहर में पानी छोड़े जाने कि मांग की है।

### खेल मैदान का आभाव, तहसील प्रशासन से मांग

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैरआबाद से आबाद गाँव की श्रेणी मे आये राजस्व गाँव आदमपुर मजरे सतविसावा मे खेलकूद मैदान न होने के कारण गांव के बच्चो का मानसिक एव शारीरिक विकास नही हो पा रहा है जनमानस समाज सेवा संस्था के संस्थापक अंकित यादव उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गाँव मे खेल का मैदान बनवाने की मांग की है। बताते चले कि विकास खण्ड मसौली के 72 राजस्व गांव मे गैर आबाद गांव की श्रेणी में शामिल आदमपुर गाँव कुछ वर्ष पूर्व आबाद श्रेणी मे शामिल हुआ है करीब 5 सौ आबादी वाले इस गांव मे छोटे व बड़े बच्चों को खेल कूद हेतु कहीं सुरक्षित जगह न होने और खेल कूद सामाग्री व बेहतर सुविधा न मिल पाने से गांव की प्रतिभाओ का शारीरिक विकास नही हो पा रहा है जिसको लेकर जन मानस संस्था के संस्थापक अंकित यादव ने उपजिलाधिकारी से गांव की सुरक्षित भूमि पर खेल मैदान बनवाने की मांग की है ज्ञापन मे अंकित यादव ने बताया कि बच्चो को सुरक्षित जगह मिलने पर छोटे बड़े बच्चे व अलग-अलग क्षेत्र के बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने के साथ ही साथ बच्चों के शारीरिक विकास का काम करेगा जिससे बच्चे छोटे गांव से लेकर बड़े स्तर तक खेल कूद प्रतियोगिताओं में जाने का काम करेंगे ताकि गांव और आसपास के क्षेत्र का नाम रोशन करने का काम करेंगे।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता, पत्रकार अर्जुन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# देश दुनियां के लिए पटेल का किरदार अत्यंत प्रेरक : उपेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पटेल के प्रेरक व्यक्तित्व से लोगों को परिचित कराना ट्रस्ट के उद्देश्य

बाराबंकी। सरदार पटेल का व्यक्तित्व और किरदार प्रेरणादायक है। आज भी पटेल के आदर्श व उनके सिद्धांत प्रकाश देने वाले है।उक्त विचार उपेन्द्र सिंह रावत पूर्व सांसद ने सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान करने के समय अपने संबोधन में कहे। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विक्रम सिंह ने कहा कि देश मे पहली बार सरदार पटेल की आरती करने का श्रेय बाराबंकी को है जोकि गर्व का विषय है। पटेल के प्रेरक व्यक्तित्व से जन जन को परिचित कराना ट्रस्ट के उद्देश्य है। इसीतरह सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट के सचिव एवं प्रतियोगिता संयोजक प्रदीप सारंग के संचालन में सम्पन्न जनपद स्तरीय अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साई इण्टर कालेज शुक्लाई की आर्या जायसवाल ने, द्वितीय स्थान जमीलुर्रहमान बालिका इंटर कालेज कम्पनी बाग ने तथा तृतीय स्थान बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज कोठी की उम्मे नायसा ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः ग्यारह सौ, नौ सौ, सात सौ रुपये का नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इनके साथ पाँच छात्र छात्राओं जयहिन्द इण्टर कालेज बाराबंकी की शालू गौतम, सरदार पटेल बाल विकास विद्यालय मोहदीपुर के सचिन कुमार, यंग स्ट्रीम इण्टर कालेज की खुशी जायसवाल, कृषक बाल विद्यालय उधवापुर की सानिया यादव, पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज के अमन मिश्रा को दो सौ , दो सौ रुपये के सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। प्रतियोगिता से बाहर दर्शकों में से छात्रा जेबा के भाषण पर भी दो सौ रुपये का नकद सांत्वना पुरस्कार प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। वहीं निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में वरिष्ठ कवि साहित्यकार डॉ अम्बरीष अम्बर, हास्य कवि प्रदीप महाजन, कवि गीतकार डॉ कुमार पुष्पेन्द्र, ओजकवि सूर्यान्शु शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज के प्रिंसिपल राधेश्याम धीमान, यूनाइटेड टीचर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष आशुतोष वर्मा, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, यंग स्ट्रीम इण्टर कालेज के प्रिंसिपल विनय कुमार श्रीवास्तव, आँखें फाउंडेसन के अध्यक्ष सदानंद वर्मा, समाजोत्थान संगठन के ब्लॉक हरख प्रभारी राजपाल वर्मा, समाजसेवी रत्नेश कुमार, इन्द्रराज वर्मा, ट्रस्टी सियाराम वर्मा सहित अनेक सम्भ्रांत जन उपस्थित रहे।

# फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प का औचक निरीक्षण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प औचक निरीक्षण कर उन्होंने लेखपाल पंचायत सहायक व कैंप से संबंधित कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। क्षेत्र के श्याम नगर गांव में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प का एसडीएम प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया।कैम्प में फार्मर रजिस्ट्री की साइड न चलने के कारण किसान व नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि परेशान दिखे। मंगलवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह की अध्यक्षता एंव शुधांसू कटियार के संयोजन में आयोजित कैम्प का एसडीएम प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्मर रजिस्ट्री साइड सरवर डाउन होने के कारण नहीं चल पा रही थी।एस डी एम प्रीति सिंह ने समय से कैम्प लगाने आदि निर्देश राजस्व कर्मियों को दिया।

# पेंशनर्स की समस्याओं का हो त्वरित निदान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पेंशनर दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

बाराबंकी। पेंशनर दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशेष रूप से 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों मुन्नू लाल तिवारी, अनिरूद्ध लाल गुप्ता, राजेन्द्र कुमार निगम, सनत कुमार वर्मा, राम चन्द्र वर्मा, महादेव प्रसाद सैनी, शत्रोहन प्रसाद वर्मा, हरिनाम सिंह, हरि नारायन तिवारी, राम बहादुर वर्मा, अम्बर प्रसाद मिश्रा व राम नरायन वर्मा को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पेंशनरों की मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किये गये। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पेंशनरों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही व समस्याओं के त्वरित निदान कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर एडीएम इन्द्रसेन, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह, अध्यक्ष बाबू लाल वर्मा, सहायक कोषाधिकारी अजयप्रकाश, मुख्य रोकडिया रविशंकर मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे ।

# रिश्तो को शर्मसार कर देने वाला मामला आया सामने, ससुर ने मुंह दबाकर बहू का किया दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता


### न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

बाराबंकी। जनपद में एक बार फिर रिश्तो को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पुत्र ने अपने पिता पर बहु के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस में शिकायत करने के बाद पिता व भाई के द्वारा मिलकर मारपीट किए जाने की बात कहीं है। मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला थाना मोहम्मदपुर खाला के रेधरी बैरानामऊ मंझारी गांव का है। यहां के निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि विगत 30 जुलाई को वह अपनी बहन को बुलाने फतेहपुर गया था उसकी पत्नी घर में अकेली सो रही थी। रात में उसके पिता घर में घुस आए और जबरदस्ती मुंह दबाकर दो बार दुष्कर्म किया। दूसरे दिन घर वापस आने पर उसकी पत्नी ने आप बीती बताई तो उसने पुलिस चौकी सूरतगंज में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई की न इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा। भुक्त भोगी ने किसी तरह मेडिकल स्टोर से दवा लेकर इलाज कराया। आरोप है कि सूरतगंज चौकी की पुलिस के द्वारा तीन-चार दिनों तक पीड़िता को बुलाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। तो इसकी शिकायत मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने पुनः चौकी पर भेज दिया चौकी पर दरोगा ने कहा रुपए लेकर सुलह कर लो। वरना तुम दोनों को अंदर कर देंगे। दुष्कर्म पीड़ित महिला के पति का आरोप है कि उसके बाद न्यायालय के दरवाजा खटखटाया जांच का आदेश हुआ । इसके बाद नाराज उसके पिता ने भाई के साथ घर में घुसकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केएल राहुल, जडेजा और पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन

एजेंसी

ब्रिसबेन। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा के संयम से भरे अर्धशतकों की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षाबाधित चौथे दिन फॉलोआन बचा लिया हालांकि अब यह मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा है। जडेजा ने 123 गेंद में 77 रन बनाये जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए जिन्होंने 139 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके लगाये। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किये जाने तक भारत ने नौ विकेट पर 252 रन बना लिये थे। जसप्रीत बुमराह दस और आकाश दीप 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम अभी भी आस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया को अब दोबारा बल्लेबाजी के लिये उतरना होगा और ब्रिसबेन के मौसम को देखते हुए मैच का कोई नतीजा निकलता नहीं दिखता। बुधवार को भी



बारिश की संभावना जताई गई है। दसवें नंबर पर उतरे बुमराह और 11वें नंबर पर आए आकाश दीप की तारीफ करनी होगी जिन्होंने टीम को फॉलोआन के स्कोर 246 रन के पार पहुंचाया और अब तक 33 रन जोड़ चुके हैं। ये दोनों तब साथ आये जब जडेजा को पैट कमिंस ने आउट कर दिया था और भारत का स्कोर नौ विकेट पर 213 रन था। इससे पहले इससे पहले अपने कल के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला जबकि पैट कमिंस गेंदबाज थे। उस समय राहुल 33 रन पर थे। आस्ट्रेलिया ने उनके लिये तीन स्लिप और एक गली फील्डर लगाया था ताकि राहुल को गलती करने पर मजबूर कर सके। लेकिन राहुल ने ढीली गेंदों का इंतजार किया और कोई जोखिम नहीं उठाया। कमिंस ने उन्हें आफ स्टम्प के बाहर भी गेंदें डाली जिन्हें या तो उन्होंने छोड़ दिया या रक्षात्मक खेला।ऐसा लग रहा था मानो वह चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी के वीडियो देखकर आये हैं कि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कैसे थकाना है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा (10) एक बार फिर नाकाम रहे। उन्होंने आफ स्टम्प पर पड़ती कमिंस की गेंद पर बल्ला अड़ाया और विकेट के पीछे एलेक्स कैरी ने उन्हें चपलता से चलता कर दिया। आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर पर जडेजा को तरजीह दिये जाने पर कइयों ने सवाल उठाये थे लेकिन इस हरफनमौला ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी। उन्होंने सातवें विकेट के लिये नीतिश के साथ 53 रन की साझेदारी की।

# आईसीसी वनडे और टी20 रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची स्मृति मंधाना

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की स्टाइलिश ओपनर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे और टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंच गई हैं। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर टैमी



ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर 30 रन देकर पांच विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑलराउंडरों की सूची में चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। सदरलैंड गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल हैं। इस सूची में ऊपर आने वाले अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप शामिल हैं, जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिया और दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की तिकड़ी चार्ली डीन (दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर), नैट साइवर ब्रंट (एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 26 रन देकर चार विकेट लेने के बाद 48 पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें स्थान से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 रैंकिंग में कप्तान हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में हैं और जेमिमा रोड्रिग्स 73 रन की शानदार पारी के बाद छह पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पिंडली की चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं हेजलवुड

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को तीसरे टेस्ट के दौरान दाहिनी पिंडली में लगी चोट के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। चोट के कारण हेजलवुड ब्रिसबेन टेस्ट में अब आगे नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि जोश हेजलवुड की दाहिनी पिंडली में खिंचाव आ गया है जिससे वह भारत के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट में आगे नहीं खेल पायेंगे। उन्हें टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। तैतीस बरस के हेजलवुड चौथे दिन एक ही ओवर डाल पाये थे जब उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने मैदान से बाहर जाने से पहले कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ और फिजियो निक जोनेस से बात की। हेजलवुड बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे थे। हेजलवुड की जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने ली जो एडीलेड टेस्ट में आस्ट्रेलियाई एकादश में थे।

### एसए 20 के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे उथप्पा

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी20 विश्व कप विजेता रॉबिन उथप्पा नौ जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए 20 लीग के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे। नौ जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोटर्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जायेगा। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक , स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रेस मौरिस भी होंगे। इनके अलावा आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर एम एमबांग्वा भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण स्टोक्स बाहर, न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया

**हैमिल्टन।** कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मंगलवार को बल्लेबाजी नहीं कर सके और इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट में चाय ब्रेक से पहले ही 423 रन से पराजय झेलनी पड़ी। स्टोक्स को तीसरे दिन ही गेंदबाजी के दौरान बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह फील्डिंग नहीं कर सके। जीत के लिये 658 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 234 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत की बराबरी की और इंग्लैंड को क्लीन स्वीप से भी रोका। न्यूजीलैंड ने 2018 में श्रीलंका को 423 रन से ही हराया था। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट आठ विकेट से और दूसरा 323 रन से जीता था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 18 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली पारी में 204 रन की बढत लेने वाली न्यूजीलैंड टीम ने दूसरी पारी में 453 रन बनाये थे। तीसरे विकेट के लिये जो रूट (54) और जैकब बेथेल (76) ने 104 रन की साझेदारी की और लग रहा था कि दोनों टिककर मैच को ड्रॉ की ओर ले जायेंगे। लेकिन 'बैजबॉल' (आक्रामक क्रिकेट ) के इंग्लैंड क्रिकेट के दौर में टिककर रक्षात्मक खेलने की रणनीति शामिल ही नहीं है। गुस एटकिंसन 43 और ओली पोप 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे और न्यूजीलैंड की जीत पर मुहर लग गई। हैरी ब्रूक को पहले दो टेस्ट में शतकों के कारण प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया।

### मैजिकपिन ने 'मैजिकनाउ' के साथ खाने-पीन के सामान के त्वरित वितरण क्षेत्र में कदम रखा

**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मैजिकपिन ने 'मैजिकनाउ' ब्रांड की शुरुआत के साथ ही खाने-पीने के सामान के वितरण के त्वरित वाणिज्य क्षेत्र (क्विक कॉमर्स) में कदम रखा है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, मैजिकनाउ ब्रांड शुरुआत में 2,000 से अधिक खाद्य ब्रांड और 1,000 व्यापारियों के लिए काम करेगा। अन्य त्वरित वाणिज्य कंपनियों के विपरीत मैजिकपिन खाद्य वितरण के लिए 'डार्क स्टोर' के जरिये काम नहीं करेगी। 'डार्क स्टोर' खुदरा दुकान या वितरण केंद्र है जो किसी ऑनलाइन मंच के लिए गोदाम के तौर पर काम करते हैं। बयान के अनुसार, '' मैजिकनाउ व्यंजनों की ताजगी बनाए रखने के लिए डेढ़ से दो किलोमीटर के दायरे में 'फास्ट फूड' की आपूर्ति करेगी। इस सेवा को शुरू में बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पुणे में पेश किया जाएगा।

# भारतीय कुश्ती के लिए निराशाजनक रहा साल 2024 पेरिस ओलंपिक में टूटा विनेश फोगाट का दिल

एजेंसी

नई दिल्ली। कहते हैं कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए लेकिन भारतीय कुश्ती में तो 2024 में खेलों की राजनीति ही हावी रही। एक समय ओलंपिक में सफलता की गारंटी माने जाने वाले इस खेल में प्रशासनिक उठापठक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही और पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट का तय लग रहा पदक चले जाने से एक और निराशा हाथ लगी। ठीक एक साल पहले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव से बेंगलुरू में हाल ही में हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तक भारतीय कुश्ती दिशाहीन जहाज लग रही थी। एक समय था जब कुश्ती को ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीदों में गिना जाता था लेकिन पेरिस ओलंपिक में अमन सहरावत के कांस्य पदक के अलावा इस खेल में भारत की झोली खाली रही। बदकिस्मती से विनेश का स्वर्ण पदक बिल्कुल करीब आकर निकल गया। ओलंपिक के लिये उनके पसंदीदा भारवर्ग में जगह नहीं बनने से विनेश ने निचले वर्ग में किस्मत आजमाई। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में पहले दौर में जापान की महान पहलवान युइ सुसाकी को हराया लेकिन फाइनल के दिन सुबह 100 ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण अयोग्य करार दी गई। एक दिन बाद विनेश ने खेल को अलविदा कह दिया। घर लौटने के बाद उनका नायिकाओं की तरह स्वागत किया गया। विनेश ने राजनीतिक पारी शुरू करके कांग्रेस का दामन थामा और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना से जीत दर्ज करके विधायक बन गई। बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन उनकी किस्मत विनेश जैसी नहीं रही। अभ्यास शिविरों के दौरान डोप टेस्ट के लिये नमूने देने में नाकाम रहने के कारण उन पर चार साल का प्रतिबंध



लगा। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई भी नहीं कर सके थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद उनका कैरियर ग्राफ इस साल बिल्कुल नीचे चला गया। विनेश और बजरंग लगातार कहते रहे कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर उनकी लड़ाई राजनीतिक नहीं है। लेकिन उनके कांग्रेस से जुड़ने के बाद उनकी साथी पहलवान और रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपनी किताब में लिखा कि दोनों ने लालच ने उनके प्रदर्शन की हवा निकाल दी। अगली पीढी के पहलवानों अंशु मलिक और अमित पंघाल ने पेरिस में निराश किया लेकिन अमन ने छत्रसाल स्टेडियम की परंपरा को आगे बढाकर पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलो कुश्ती में कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग में 2020 तोक्यो खेलों में रवि दहिया ने रहत पदक जीता था। लेकिन चोटों और खराब फॉर्म ने दहिया को हाशिये पर धकेल दिया। टोक्यो में भारत को कुश्ती में दो पदक मिले थे लेकिन पिछले एक साल के घटनाक्रम ने भारतीय कुश्ती को काफी पीछे खिसका दिया। ऐसा नहीं है कि संभावनायें या प्रतिभायें नहीं है। भारत की अंडर 17 महिला टीम ने सितंबर में जोर्डन के अम्मान में विश्व चैम्पियनशिप जीती। भारत ने संभावित दस पदकों में से पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते। जापान और कजाखस्तान जैसे दिग्गजों को पछाड़ना बड़ी उपलब्धि है। संजय सिंह की अगुवाई में भारतीय कुश्ती महासंघ के नये प्रशासन को अभी भी खेल मंत्रालय से निलंबन हटने का इंतजार है। निलंबन इसलिये लगाया गया क्योंकि दिसंबर 2023 में 15 दिन का नोटिस दिए बिना राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के आयोजन का ऐलान कर दिया गया था। लेकिन अगर डब्ल्यूएफआई नोटिस अवधि तक रूकता तो पहलवानों को एक साल गंवाना पड़ता क्योंकि 15 दिन पूरे होने तक 2024 शुरू हो जाता। साक्षी और उनके पति पहलवान सत्यव्रत कादियान की याचिका के कारण डब्ल्यूएफआई को सीनियर विश्व चैम्पियनशिप से टीम वापिस लेनी पड़ी थी। सरकार के दखल के बाद टीम भेजी जा सकी। पिछले दो साल में कोचिंग शिविर नहीं लगे हैं और प्रो कुश्ती लीग फिर शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में है।

# कीर्ति आजाद को हराकर रोहन जेटली फिर डीडीसीए अध्यक्ष बने

एजेंसी

नयी दिल्ली। रोहन जेटली लगातार तीसरी बार दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष बन गए जिन्होंने भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को चुनाव में आसानी से मात दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरूण जेटली के बेटे 35 वर्ष के रोहन को 1577 वोट मिले जबकि आजाद को 777 वोट पड़े। कुल 2413 वोट डाले गए थे और जीतने के लिये 1207 वोट चाहिये थे। रोहन 2020 में निर्विरोध चुने गए थे जब रजत शर्मा ने बीच में ही पद छोड़ दिया था। एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। दिवंगत अरूण जेटली 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे थे। रोहन को बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना का समर्थन हासिल था जिनका दिल्ली क्रिकेट में काफी दबदबा माना जाता है। खन्ना की बेटी शिखा कुमार ने उपाध्यक्ष पद के चुनाव में राकेश कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को हराया। तीनों को क्रमशः 1246, 536 और 498 वोट मिले। अशोक कुमार (893) सचिव चुने गए जबकि हरीश सिंगला (1328) कोषाध्यक्ष बने। अमित ग्रोवर (1189) संयुक्त सिचव होंगे। सभी पदाधिकारी तीन साल के लिये चुने गए हैं। अन्य में आनंद वर्मा (985), मनजीत सिंह



(1050), नवदीप एम (1034), श्याम शर्मा (1165), तुषार सहगल (926), विकास कत्याल (1054) और विक्रम कोहली (939) निदेशक के पद पर चुने गए। इस पद के लिये चुनाव हर साल होता है। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य आजाद फिलहाल पश्चिम बंगाल में बर्धमान दुर्गापुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। उन्होंने डीडीसीए में भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि डीडीसीए ने फ्लड लाइट लगाने पर 17.5 करोड़ रूपये खर्च किये जबकि इससे काफी बड़े अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इसी काम पर सिर्फ साढे सात करोड़ रूपये खर्च हुए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीडीसीए प्रशासन ने बीसीसीआई से पिछले साल मिले 140 करोड़ रूपये में से कुछ ही खर्च किये हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी से सोना और चांदी की बढ़ी कीमत



एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में तेजी आने से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये से लेकर 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये से लेकर 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,940 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# टॉस द कॉइन और जंगल कैंप्स इंडिया की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को एसएमई सेगमेंट की दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत की। दोनों कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुई। इनमें से टॉस द कॉइन के शेयर खरीददारी के सपोर्ट से अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। जंगल कैंप्स इंडिया के शेयर मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण गिरावट का शिकार होकर लोअर सर्किट पर पहुंच गए। मार्केटिंग कंसल्टिंग फर्म टॉस द कॉइन के शेयर की आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी ने 182 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज कंपनी के शेयर 345.80 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से टॉस द कॉइन के शेयर उछल कर 363.05 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही लगभग दोगुना हो गया है। टॉस द कॉइन का 9.17 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलने के कारण ये ओवरऑल 1,025.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था?। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 147.69 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 964.18 गुना सब्सक्राइब हुआ था, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,550.76 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 5.04 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी माइक्रो सर्विसेज एप्लीकेशंस को डेवलप करने, नए ऑफिस खोलने, वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट




उद्देश्यों में करेगी। आज ही वाइल्डलाइफ कैंप्स, होटल, गेस्ट हाउस, होलीडे होम्स, हेल्थ क्लब, कैटरिंग हाउस और रेस्टोरेंट्स को ऑपरेट करने वाली कंपनी जंगल कैंप्स इंडिया के शेयरों ने भी जोरदार लिस्टिंग के साथ शेयर बाजार में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 72 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ कंपनी के शेयर 136.80 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर एक बार 143.50 रुपये के स्तर पर पहुंचा, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सुबह 10 बजे के करीब गिर कर 129.96 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। हालांकि पहले दिन लोअर सर्किट पर आने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक अभी भी 80.50 प्रतिशत के मुनाफ़े में हैं। जंगल कैंप्स इंडिया का 29.42 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को भी निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 494.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 196.52 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 760.48 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, रिटेल इन्वेस्टमेंट इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 551.20 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 40,86,400 ने शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल मध्य प्रदेश के संजय डुबरी नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट डेवलपमेंट करने, मध्य प्रदेश के ही पेंच नेशनल पार्क में जंगल कैंप का रिनोवेशन करने, यूपी के मथुरा में मथुरा होटल प्रोजेक्ट का कैपिटल एक्सपेंडिचर करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने निवेशकों से राज्य में व्यापार के अवसरों का लाभ उठाने का किया आग्रह

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने निवेशकों से पूर्वोत्तर राज्य में औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करने पर विचार करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, साहा ने निवेशकों को राज्य सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। मुंबई में पूर्वोत्तर व्यापार एवं निवेश रोड शो को संबोधित करते हुए सोमवार को साहा ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश तथा व्यापार के अवसरों को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, '' कई कारणों से यह क्षेत्र विकास के कई पहलुओं में पिछड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' माना है और 'एक्ट ईस्ट' नीति के जरिये इसके विकास को महत्व दिया है।

# केन्द्र सरकार राजस्थान के विकास में नहीं छोड़ेगी कोई कोर कसर : मोदी

एजेंसी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकार को सुशासन का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिया है कि जब राजस्थान विकसित होगा तब भारत भी विकसित होगा और आने वाले वर्षों में और तेज गति से विकास होगा तथा केन्द्र सरका राजस्थान के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

श्री मोदी मंगलवार को यहां दादिया गांव में भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान की जनता को भाजपा सरकार को एक साल पूरे करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग आर्शीवाद देने आये हैं यह मेरा सौभाग्य हैं। उन्होंने कहा कि बिते एक वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति एवं नई दिशा देने में भजनलाल सरकार एवं उनकी टीम ने बहुत परिश्रम किया हैं। यह पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षों की मजबूत नींव बना हैं इसलिए आज यह उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं हैं, यह राजस्थान विकास का भी उत्सव है। उन्होंने कहा मैं कुछ दिन पहले ही यहां निवेश सम्मेलन में आया था जहां देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े निवेशक यहां जुटे थे और आज 45 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है जो राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राजस्थान के पर्यटन, किसानों एवं नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमादारी से प्रयास करती है तथा




देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना जनसमर्थन मिल रहा है कि देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है जो पिछले साठ सालों में हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं हुआ। भारत की जनता ने तीसरी बार केन्द्र में भाजपा सरकार बनाई हैं और मधयप्रदेश में लगातार दूसरी बार और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं और पहले से ज्यादा बहुमत दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के उपचुनाव में भी भाजपा को लोगों ने जबरदस्त समर्थन दिया है जो यह दिखाता हैं कि भाजपा के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता-जनार्ददन का कितना विश्वास हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान तो वह राज्य है जिसकी सेवा का भाजपा को लंबे समय से सौभाग्य मिलता रहा है। श्री भैरोंसिंह शेखावत ने नींव रखी और सुशासन दिया था उसे श्रीमती वसुंधरा राजे ने संभाला और सुशासन को आगे बढाया, अब श्री भजनलाल शर्मा सरकार सुशासन को और समृद्ध करने में जुटी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में गत एक साल में क्या क्या काम हुए हैं उसके बारे में अभी बताया गया हैं जिसमें विशेष गरीब परिवारों, माताओं, बहनों, बेटियों श्रमिकों, विश्वकर्मा साथियों एवं घुमंतु परिवारों आदि के लिए अनेक फैसले लिए गए हैं। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार पर नौजवान के साथ बहुत अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके शासन में पेपर लीक एवं भर्तियों में घोटाला यह राजस्थान की पहचान बन गई थी लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद इन सबकी जांच शुरु हुई और कई गिरफ्तारिया भी हुई। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में हजारों की भर्तियां निकाल कर पूरी पारदर्शिता से परीक्षा भी कराई और नियुक्तियां भी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पहले राजस्थान को बाकी राज्यों की तुलना में पेट्रोल महंगा खरीदना पड़ता था लेकिन भाजपा सरकार बनते ही राजस्थान के लोगों को इसमें राहत मिली हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते सीधे पैसे भेजती हैं।

## संविधान ने उसके साथ खिलवाड़ करने वालों को दंडित किया : देवेगौड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (एस) के वरिष्ठ नेता एच. डी. देवेगौड़ा ने देश के संविधान को बेहद सशक्त बताते हुए मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ किया है, संविधान ने उसे दंडित किया है।

श्री देवेगौड़ा ने सदन में संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संविधान देश के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान इतना सशक्त है कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, संविधान ने उसे दंडित किया है। उन्होंने कहा कि इसी संविधान ने उन्हें किसान पुत्र के रूप में देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया। उन्होंने देश को इस तरह का संविधान देने के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव ने कहा कि हमारा संविधान सहमति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी तरह की समानता के साथ साथ आर्थिक समानता का भी अधिकार दिया गया है लेकिन देश में अमीर और गरीबों का अंतर बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि देश का किसान कर्ज के नीचे दबा हुआ है जबकि बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में सरकार ने संविधान में प्रदत सभी अधिकारों का हनन किया है। माकपा के जॉन ब्रिटास ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि इस सदन का एक सप्ताह का समय जार्ज सोरोस के नाम पर बर्बाद किया गया , यह एक तरह से करदाताओं के पैसे को बर्बाद करने के समान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने को कहा है लेकिन वह मणिपुर को लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर संघवाद को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए 'एक देश एक चुनाव' को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाये।

## आर्थिक अपराधियों पर सख्त है सरकार : सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के-प्रथम बैच पर विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गये संशोधन प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए तत्संबंधी विनियोग विधेयक को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

गौरतलब है कि सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में सकल 87762.56 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय की अनुमति के लिये चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अनुदानों की पूरक मांगों की पहली सूची प्रस्तुत की थी, जिसमें अतिरिक्त नगद व्यय 44143 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुदानों की अनुपूरक मांगे : वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आज लोकसभा में कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त है और आर्थिक अपराधियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी सहित सभी भगोड़े आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों को कुर्क कर बैंकों का पैसा लौटाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में मनरेगा जैसी योजनाओं में गड़बड़ी सामने आई है और राज्य सरकार के अधिकारियों के सामने केंद्रीय जांच दल ने गड़बडी का खुलासा किया है इसलिए वहां तब तक शेष राशि केंद्र से नहीं दी जाएगी जब तक राज्य सरकार इन गड़बड़ियों को दूर नहीं करती है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में खुदरा मुद्रास्फीति दस प्रतिशत से ऊपर चली गई थी। वर्ष 2009 से 2014 के दौरान 11 प्रतिशत चली गयी थी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के समय मुद्रास्फीति संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। कंग्रेस के समय रसोई गैस का सिलेंडर सिर्फ पहुंच वाले लोगों को मिलता था, लेकिन राजग के समय में यह करीब करीब सबको मिल रहा है। गैस कनेक्शन संख्या 14.5 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2323-24 में 34.65 करोड़ हो गयी है। अब देश के लगभग हर घर में गैस कनेक्शन पहुंच गया है। सरकार ने उज्ज्वला योजना शुरु की जिसके जरिए 10.33 करोड़ कनेक्शन गरीबों को दिए गये हैं और उन्हें 503 रुपए की दर से सिलेंडर दिया जा रहा है। आज बेरोजगारी की दर भी घटी है और यह छह प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) पर कहा कि इसमें 91 लाख से अधिक अंशधारक जुड़े हैं।

## भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निकट : विष्णुदत्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को कहा कि देश में नयी शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्राथमिक और उच्च शिक्षा में बहुत तेजी से सुधार होने लगा और भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निकट आने लगा है।

श्री शर्मा ने यहां मध्य प्रदेश भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। वर्ष 2013-14 में शिक्षा व्यवस्था से आज हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा ॉदेश की आजादी के बाद मैकाले की शिक्षा पद्धति चल रही थी। हम लोग वर्षों से मांग कर रहे थे, शिक्षा पद्धति में बदलाव किया जाए। प्रधानमंत्री ने नयी शिक्षा नीति को लागू करते शिक्षा को समावेशी, सुलभ और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। नयी शिक्षा नीति से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा स्तर में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ना है, ताकि विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल एवं ज्ञान के साथ कई विकल्प एवं अवसर मिल सके। विश्वविद्यालय के छात्रों को अब कई विकल्प मिल रहे हैं। अब 1 साल में सर्टिफिकेट, 2 साल में डिप्लोमा और 3 साल में डिग्री प्राप्त होगी। श्री शर्मा ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में वह सब कुछ है, जो वर्तमान परिदृश्य में छात्रों को आज जानने की आवश्यकता है। शिक्षा तंत्र को सुधारने कर वैश्विक बनाने के लिए यह नीति लाई गई है। गरीब, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनताति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का पूरा प्रयास किया गया है। लड़कियों, दिव्यांगों के लिए भी अलग से प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 1986 के बाद 34 वर्षों बाद नयी शिक्षा नीति लाने की प्रक्रिया प्रधानमंत्री ने शुरू की और आज वह विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान के निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति लाने की प्रक्रिया 2015 से शुरू हुई थी जिसमें ढाई लाख ग्राम पंचायतों, 6600 विकासखंड, 6000 नगरीय निकाय और 6 हजार 76 जिलों से करीब दो लाख सुझावों के बाद यह नई शिक्षा नीति लाने का कार्य किया गया है। नयी शिक्षा नीति व्यक्ति के समग्र विकास, सभी को सुलभ शिक्षा देने और भारत में ज्ञान आधारित समाज बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए बनाया गया है। मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। एनसीईआरटी द्वारा नयी शिक्षा नीति के तहत जो पाठ्यक्रम, शिक्षा ढांचा तैयार किया गया है, वह बदलते समय के साथ छात्रों को शिक्षा देने के अनुकूल करने और 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कला, विज्ञान, मानविकी विज्ञान को स्थान मिला है। इसमें मातृभाषा आधारित शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया गया है। शिक्षा मातृभाषा, स्थानीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा में कौशल विकास का पूरा समायोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 2022 में उच्च शिक्षा संस्थानों में कुल फैकल्टी की संख्या में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही महिला फैकल्टी की संख्या में 29.1 फीसदी की वृद्धि भी हुई है। 2014-15 में उच्च शिक्षा में 3.2 करोड़ नामांकन था, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 4.6 करोड़ हुआ है। महिला नामांकन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि होना यह दर्शाता है कि नई शिक्षा नीति लैंगिक समानता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति के लागू होने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या में भी 50.1 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है।

## पेज एक का शेष

### एक राष्ट्र एक...

मूल भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि राज्यों के चुनाव वहां की सरकार के कार्यकाल की अवधि पर निर्भर करते हैं और केंद्र के चुनाव केंद्र सरकार के कार्यकाल पर तो फिर एक साथ चुनाव कैसे कराये जा सकते हैं। इसमें राज्यों की स्वायत्तता को खत्म किया जा रहा है। ध्यान रहे एक ही पार्टी हमेशा नहीं रहती है और एक दिन सत्ता बदल जायेगी। यह चुनाव सुधार नहीं, सिर्फ एक व्यक्ति की इच्छाओं को पूरा करने वाले विधेयक हैं। द्रमुक के टी आर बालू ने इस विधेयक को जेपीसी को सौंपने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सभी दलों का प्रतिनिधित्व इसमें है और अध्यक्ष ओम बिरला ने खुद कहा है कि वह सभी दलों के नेताओं को इस मुद्दे पर विचार रखने का मौका देंगे। यूआईएमएल के ई. टी बशीर ने विधेयक को संविधान पर हमला बताया। शिवसेना के अनिल यशवंत देसाई ने विधेयक को राष्ट्र की संघीय ढांचे पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों के विधानसभाओं के अधिकारों को कम नहीं किया जाना चाहिये। श्री गोगोई ने कहा कि राष्ट्रपति सिर्फ मंत्रिपरिषद से सलाह लेते हैं, वह चुनाव आयोग से सलाह नहीं ले सकते। इस विधेयक के प्रावधानों के अनुसार अब राष्ट्रपति चुनाव आयोग से भी सलाह ले सकते हैं। वह इसका पुरजोर विरोध करते हैं। इस विधेयक में चुनाव आयोग को अत्यधिक अधिकार दिये गये हैं।

श्री गोगोई ने कहा, भारतीय जनता पार्टी समझती है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रचार से सारे चुनाव छीन लेगी तो वह गलतफहमी में है। इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में भेजा जाये, वह इस विधेयक का विरोध करते हैं। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इस विधेयक के लागू हो जाने से राज्यों में राष्ट्रपति शासन की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, ॉयह विधेयक एक आदमी के अहम को बढ़ावा देने के लिये लाया गया है। मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं। राष्ट्रवादी कंाग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले ने कहा कि यह विधेयक संघवाद और संविधान के विरुद्ध है। सांसद, विधायक पांच वर्ष के लिये चुने जाते हैं, उन्हें बीच में क्यों हटाया जाये। उन्होंने कहा कि वह विधेयक का विरोध करती हैं। विधेयक को वापस लिया जाये या इसे संयुक्त संसदीय समिति में भेजा जाये। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि वह विधेयकों का पुरजोर विरोध करते हैं। यह संघवाद की मूल भावना के विरोध में है। इसे लाने से संघवाद के ढांचे का विरोध होगा। इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिये थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा जब यह संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट के पास चर्चा में आया था तभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इसे जेपीसी को देना चाहिए। इसपर सभी स्तर पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वजह से ही मुझे लगता है कि इसमें सदन का ज्यादा समय खर्च किए बगैर अगर मंत्री जी कहते हैं कि वह इसे जेपीसी को सौंपने को तैयार हैं, तो जेपीसी में सारी चर्चा होगी और जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर कैबिनेट इसे पारित करेगी तब भी फिर से इस पर सारी चर्चा होगी।

### पाताल तक ...

उज्ज्वला कनेक्शन देकर गैस सिलेंडर पहुंचाया, किसानों के खाते में करोड़ों रुपये सीधे ट्रांसफर हुए और आयुष्मान योजना के तहत लोगों ने मुफ्त में इलाज कराया है। 36 राज्यों में 80 करोड़ लोगों को राशन कार्ड और मुफ्त राशन दिया।

अमित शाह ने मुंबई के एक मेयर का पत्र कोट किया जिसमें डॉक्टर आंबेडकर के जन्मस्थान पर स्मारक बनाने की मांग की गई थी जिसके जवाब में सरकार की ओर से ये कहा गया था कि स्मारक निजी पहल से ही बनने चाहिए। उन्होंने आंबेडकर के नाम पर बीजेपी के सत्ता में आने के बाद बनवाए गए स्मारक गिनाए और कहा कि आज ये आंबेडकर आंबेडकर इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज उनको मानने वाले लोग ज्यादा आ गए हैं। शाह ने कहा कि कंाग्रेस इतने वर्षों तक 370 को गोद में खिलाने का काम करती आई। लोग कहते थे कि खून की नदियां बहने लगेंगी। नरेंद्र मोदी जी दूसरी बार सत्ता में आए और एक ही झटके में इसे हटाने का काम किया। खून की नदियां छोड़ो, एक कंकड़ भी चलाने की किसी में हिम्मत नहीं। शाह ने चिनाब ब्रिज से लेकर निर्यात में सभी केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू कश्मीर के नंबर वन पर आने का जिक्र करते हुए कहा कि 1 लाख 19 हजार करोड़ का निवेश आज आ गया है। ये पूछते हैं कि 370 हटाने से क्या हो गया। बताता हूं। इससे आपकी तुष्टिकरण की दुकान बंद हो गई है।

आमित शाह ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का जिक्र करते हुए कंाग्रेस को घेरा और कहा कि कंाग्रेस यह स्पष्ट करे कि एक कानून होना चाहिए या नहीं। इन्होंने मुस्लिम पर्सनल लॉ के साथ हिंदू कोड बिल भी ला दिया। हम तो चाहते हैं कि कानून नए हों। हिंदू कोड बिल में कोई पुराना नियम नहीं है। सामान्य कानून को ही इन्होंने हिंदू कोड बिल का नाम दे दिया। चलो मान लिया कि पर्सनल लॉ होना चाहिए। तो पूरा शरिया लागू करिए। विवाह और तलाक के लिए पर्सनल लॉ, ये तुष्टिकरण की शुरुआत यहीं से हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार यूसीसी लाने की बात कही है। आप तुष्टिकरण नहीं ला सकते। हमने ही उत्तराखंड में यूसीसी लाने का काम किया है। दिग्विजय सिंह कहते हैं कि कौन रोकता है, हम खुद रोकते हैं। सुनने के लिए धैर्य होना चाहिए। समाज में इतना बड़ा बदलाव लाने के लिए लागू कानून की न्यायिक मीमांशा होगी, बदलाव के लिए जो सुझाव आएंगे, उस पर विचार कर हर राज्य में बीजेपी की सरकार इसे लाएगी। आजकल एक फैशन हो गया है आंबेडकर आंबेडकर। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। आंबेडकर का नाम और ज्यादा लो, लेकिन उनके विचारों का भी अनुसरण करो। डॉक्टर आंबेडकर के कैबिनेट से इस्तीफ़े के बाद का बयान कोट करते हुए बीसी रॉय के पत्र का भी जिक्र किया और नेहरू का जवाब भी बताया।

### संभल में मिला...

पुलिसकर्मी घायल हुए थे। संभल का पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। संभल में अनेकों तीर्थ स्थल, कूप एवं सराय है। मान्यता है कि भगवान कल्कि का अवतार भी संभल में ही होना है। शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को बिजली की चेकिंग के दौरान मोहल्ला खग्गू सराय में भगवान कार्तिकेय का एक प्राचीन मंदिर बंद पड़ा मिला था, जिस पर तीन तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया था। वर्ष 1978 में संभल में हुए सांप्रदायिक दंगे के बाद पिछले 46 साल से बंद पड़े मंदिर को प्रशासन ने खुलवाकर मंदिर में पूजा पाठ शुरू कराई और मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त कराया। बंद पड़े मंदिर पर अतिक्रमण होने के साथ ही मंदिर के पास ही एक कुएं के भी बंद होने की जानकारी प्रशासन को मिली, जिस पर प्रशासन ने कुआं को साफ कराने का निर्णय लिया। सोमवार को बंद पड़े कुए की सफाई कराये जाने के दौरान 10 12 फीट की गहराई पर कुएं में से शिव परिवार की खंडित मूर्तियां मिली थीं।

### बदायूं की अदालत 24...

ने कहा कि अगर निचली अदालत कोई आदेश पारित नहीं कर सकतीं तो ऐसे मामलों की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील विवेक रेंडर ने अदालत में अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कहीं भी यह नहीं कहा है कि चल रही सुनवाई रोकी जाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने साफ आदेश दिया है कि जिन मामलों में सुनवाई चल रही है, उन्हें रोका नहीं जा सकता, लेकिन निचली अदालत किसी तरह का आदेश या अंतरिम आदेश जारी नहीं कर सकती। रेंडर ने यह भी कहा कि मुस्लिम पक्ष के वकील जानबूझकर मामले में देरी करने के लिए ऐसी दलीलें पेश कर रहे हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार ने इस मामले में 24 दिसंबर की तारीख तय की है और उस दिन तय किया जाएगा कि इस मामले में चल रही कार्यवाही जारी रहनी चाहिए या नहीं। शम्सी जामा मस्जिद सोथा मोहल्ला नामक एक ऊंचे क्षेत्र पर बनी है और इसे बदायूं शहर की सबसे ऊंची इमारत माना जाता है। इसे देश की तीसरी सबसे पुरानी और सातवीं सबसे बड़ी मस्जिद भी माना जाता है जहां एक बार में 23,500 लोग आ सकते हैं।

### सार्वजनिक उपक्रम...

में अच्छी प्रगति हुई है। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नए उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाएंगे तथा विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों को शामिल करके गुणवत्ता, कारोबार, लाभ और अन्य वित्तीय मापदंडों में नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे नए डीपीएसयू रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाएंगे। नए उपक्रमों में मानव संसाधन से संबंधित कुछ मुद्दों पर समिति के कुछ सदस्यों की चिंताओं और सुझावों पर रक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि निगमीकरण से उत्पन्न सभी मुद्दों का सभी हितधारकों के परामर्श से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने सुझावों की सराहना की और कहा कि कार्यान्वयन के लिए इनकी जांच की जाएगी। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नीट ऑनलाइन या 'पेन...

एजेंसी) उसे स्वीकार करने के लिए तैयार है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस संबंध में जल्द निर्णय होने की उम्मीद है और जो भी सुधार किए जाएंगे, उन्हें 2025 में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''नीट का आयोजन कैसे किया जाएगा, इसका प्रोटोकॉल क्या होगा इस पर जल्द फैसला होने की उम्मीद है। हम जल्द इसे अधिसूचित करेंगे। एनटीए मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए हर साल नीट आयोजित करता है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीट उपलब्ध हैं। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध कुल सीट में से लगभग 56,000 सरकारी अस्पतालों में और 52,000 निजी कॉलेज में हैं। दंत चिकित्सा, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी नीट के परिणामों का उपयोग किया जाता है। नीट के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड अपनाने का विचार नया नहीं है और इस पर पहले भी कई बार विचार-विमर्श किया जा चुका है। हालांकि, इस साल की शुरुआत में प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद परीक्षा सुधारों पर जोर बढ़ गया है। नीट और पीएचडी प्रवेश परीक्षा एनईटी में कथित अनियमितताओं को लेकर आलोचनाओं के बीच केंद्र ने एनटीए द्वारा परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जुलाई में समिति का गठन किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के अनुसार, नीट-यूजी के लिए बहु-चरणीय परीक्षा एक व्यवहार्य विकल्प हो सकती है, जिस पर आगे काम करने की आवश्यकता है। नीट कथित प्रश्नपत्र लीक समेत कई अनियमितताओं के कारण विवादों के घेरे में है। वहीं, यूजीसी-नेट को रद्द कर दिया गया, क्योंकि मंत्रालय को सूचना मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। दोनों मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। दो अन्य परीक्षाओं, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (सीएसआईआर-यूजीसी नेट) और नीट पीजी को एहतियात के तौर पर अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। समिति में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति बीजे राव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफ़ेसर एमेरिटस के राममूर्ति, 'पीपल स्ट्रॉन्ग' के सह-संस्थापक एवं कर्मयोगी भारत बोर्ड के सदस्य पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के छात्र मामलों के डीन आदित्य मित्तल तथा शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल भी शामिल हैं। समिति को विभिन्न परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने और प्रणाली को अधिक मजबूत बनाने के लिए सिफारिशें करने का भी काम सौंपा गया है। समिति ने आईआईटी कानपुर के दो शिक्षाविदों-कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के प्रोफ़ेसर अमेय करकरे और सहायक प्रोफ़ेसर देबप्रिया रॉय को भी सदस्य के रूप में चुना है।

### नकारात्मकता किसी...

भेजता है तो प्रदेश के ही विकास में योगदान देता है। हमें उन नौजवानों का अभिनंदन करना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि 1947 में जब देश आजाद हुआ था तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भारत की औसतन प्रति व्यक्ति आय से अधिक थी और 2017 में जब हमें सत्ता प्राप्त हुई थी, तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति आय की एक तिहाई रह गई थी। आज हम उसे दोगुना करने में सफल हुए हैं। मेरा मानना है कि अगले पांच साल के अंदर उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय फिर से भारत की प्रति व्यक्ति आय से अधिक होगी। प्रदेश की वर्तमान वृद्धि दर इसी दिशा में संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीयत साफ है, नीतियां बहुत स्पष्ट है। सरकार प्रदेश के हर नौजवान के हित को लेकर पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से कार्य कर रही है और उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश का स्किल डेवलपमेंट मिशन बेहतरीन काम कर रहा है। 12 लाख से अधिक युवाओं को इस स्किल डेवलपमेंट मिशन से जोड़ा गया है, 6 लाख से अधिक नौजवान इसके माध्यम से रोजगार प्राप्त किए हैं।श्री योगी ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं। समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी देश, दुनिया व उत्तर प्रदेश के सामने चुनौती है। उत्तर प्रदेश दुनिया के अंदर सबसे युवा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 56 से 60 फीसदी आबादी वर्किंग फोर्स-युवा है। हमारी सरकार ने राज्य के युवाओं को ध्यान में रखकर अनेक कार्य किए हैं। पिछले सत्र में हमारी सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक परीक्षा व अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम -2024 को पारित किया। प्रदेश के युवाओं को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां प्राप्त हो रही हैं। इसमें आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यहां पर सदस्यों द्वारा रखे गए आंकड़े तथ्यपरक नहीं हैं। यदि उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भर्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण करने की बात है तो 69000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी हुए हैं, वे सभी चार वर्षों से स्कूलों में पढ़ा भी रहे हैं। उससे पहले 68500 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को संपन्न किया गया, क्योंकि उस समय बीएड को एनसीटीई ने उस परीक्षा के योग्य नहीं माना था और उस समय बीटीसी के इतने अभ्यर्थी हमारे पास नहीं थे। इसमें केवल 42 हजार शिक्षकों की भर्ती हो पाई थी, जो आज बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ा रहे हैं। इन सभी को नियुक्ति पत्र जारी हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया था। शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में भर्ती किया था। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें खारिज करके सेवाओं को समाप्त करने का आदेश किया था, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें निश्चित मानदेय पर रखा है। वे सभी शिक्षामित्र भी यथावत कार्य कर रहे हैं। उन्हें वेटेज देकर भर्ती प्रक्रिया से जोड़ा गया था। उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप कदम उठाए गए थे।

# उत्तराखंड को मिले 34 नये क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड राज्य को 34 नए क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी मिले हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने नवनियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने नए अधिकारियों से कहा कि उनके सामने सबसे पहला लक्ष्य राष्ट्रीय खेल का है और उन्हें आज से ही राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए जी जान से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर का जो खेल ढांचा खड़ा किया है उसकी देखभाल और सुरक्षा भी नए अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी होगी। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय खेल के बाद भी लगातार ब्लॉक स्तर पर नए खिलाड़ियों की ग्रूमिंग और उनकी तमाम प्रशिक्षण आदि सुविधाओं की जिम्मेदारी भी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारियों को उठानी है। इसके लिए उन्हें अभी से तैयारी करनी होगी। खेल मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से कुल 34 नए अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें से उपस्थित 19 युवाओं को मंगलवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जो चयनित अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो पाए उन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। खेल मंत्री ने कहा कि विभाग में अब मैन पावर की कमी नहीं रहेगी जिससे विभाग के प्रदर्शन में और सुधार होगा। इस अवसर पर 11 लैब असिस्टेंट (फॉरेंसिक) को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही गृह विभाग के तहत 5 फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन वैन का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान विधायक दलीप सिंह रावत, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, गृह सचिव शैलेश बगोली, निदेशक खेल एवं युवा कल्याण प्रशांत आर्या आदि मौजूद थे।

# पंजाब में अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में बम धमाका आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। पंजाब में अमृतसर के इस्लामाबाद पुलिस थाने में मंगलवार तड़े बम धमाका हो गया। इसकी सूचना पाते ही पुलिस और सेना के अधिकारी पहुंचे और पूरे इलाके को सील कर दिया गया। यहां पहले भी धमाका हो चुका है। पंजाब पुलिस इस घटना पर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बोल रही है। आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने जीवन फौजी के नाम से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर धमाके की जिम्मेदारी ली है। धमाके की जिम्मेदारी लेने वाला जीवन फौजी खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां का साथी है। यह धमाका सुबह करीब सवा तीन बजे हुआ। धमाका उस स्थान पर किया गया जहां जब्त की गई गाड़ियां खड़ी थी। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। इससे घबराकर नींद से जागे लोग बाहर निकल आए। चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने आला अधिकारियों को सूचित किया। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण सेना के अधिकारी भी पहुंच गए। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील कर कर थाने के दरवाजे बंद कर दिए गए। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर, बम निरोधक दस्ता और एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया। करीब छह घंटे बाद थाने के दरवाजे खोले गए। भुल्लर ने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि अपनी पकड़ दिखाने के चक्कर में ये ब्लास्ट करवाए जा रहे हैं। जांच में अहम सुराग हाथ लगा है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाने को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## हरिद्वार : ब्रह्मचारी सुधानंद ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष को भेजा कानूनी मानहानि का नोटिस, अनर्गल बयानबाजी करने का आरोप

**हरिद्वार।** मातृसदन में स्वामी शिवानंद महाराज के शिष्य ब्रह्मचारी सुधानंद ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रम भुल्लर को उनके गुरु स्वामी शिवानंद के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने और झूठे आरोप लगाने की बात कहते हुए मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में तीन दिन के भीतर जवाब न देने पर कानूनी कार्यवाही किए जाने की बात कही है। अपने अधिवक्ता अरूण भदौरिया के मार्फत भेजे नोटिय में कहा गया कि मातृ सदन के स्वामी शिवानंद महाराज के खिलाफ 15 दिसंबर को व्हाट्सएप ग्रुप पोर्टल के माध्यम से बयान दिया गया, जिसमें स्वामी शिवानंद पर गंगा में खनन के विरोध में बैठने और उनके अनशन को राजनीतिक साजिश व व्यक्तिगत लाभ बताया। साथ ही खनन विरोध को एक छलावा भी बताया और अपने शिष्यों को आमरण अनशन पर बैठाकर प्रशासन व सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करना बताकर विक्रम भुल्लर ने अपना बयान वायरल किया। साथ ही स्वामी शिवानंद का असली एजेंडा गंगा संरक्षण की आड़ में बाहरी खनन माफिया से मोटी रकम वसूल करना और मोटी रकम देना व गंगा बचाने के नाम पर उनकी संस्था द्वारा बड़े पैमाने पर चंदा इकट्ठा करना, तीर्थ यात्रियों से रकम वसूलने के बाद यह धन वास्तव में गंगा के संरक्षण पर खर्च नहीं होने के संबंध में बयान दिया गया था। इन सब आरोपों के चलते अधिवक्ता अरुण भदोरिया एडवोकेट के माध्यम से विक्रम भुल्लर को मानहानि नोटिस भेजा है। इसमें तीन दिन के अंदर दिए गए बयान के लिए क्षमा याचना के लिए कहा गया है। क्षमा याचना न मांगने पर न्यायालय में सिविल व फौजदारी बाद दर्ज करने की भी चेतावनी दी है।

## एनआईए की रिपोर्ट पर भी गंभीर नहीं हुई पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब में लगातार हो रहे धमाकों पर हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब पुलिस को चेताया था। इसे पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। अमृतसर में पिछले एक माह में चार धमाके हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार,पिछले दिनों एनआईए ने पंजाब पुलिस के साथ एक रिपोर्ट साझा की थी। इसमें कहा था कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही है। खालिस्तानी आतंकी साल 1984 में इस्तेमाल किए गए डेड ड्रॉप मॉडल की तर्ज पर हमला कर रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पंजाब पुलिस को भी अलर्ट रहने के लिए कहा गया था। इस बीच मंगलवार को अमृतसर में हुए धमाके को लेकर खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां के करीबी जीवन फौजी ने इसकी जिम्मेदारी ली । जीवन फौजी ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली और ऑडियो के माध्यम से भी पुलिस को चुनौती दी। फौजी ने कहा कि अमृतसर में जो इस्लामाबाद थाने पर जो ग्रेनेड हमला हुआ है, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। ये पुलिस और पंजाब सरकार को सीधी चेतावनी है, जो ये गुंडा राज चला रहे हैं। हमें घरों से बेघर कर दिया। हमारे मां बाप और मौसी-मौसा तक को जेल भेज दिया। अब हम इस चीज का जवाब ऐसे ही देंगे। हम डरकर बैठने वाले में से नहीं है। ये सिर्फ ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार अपने-अपने परिवार को सेफ कर लो। आप घरों तक गए हो, हम भी घरों तक जाएंगे। अमृतसर में धमाके की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले चार दिसंबर को अमृतसर के मजीठा थाने में धमाका हुआ था। तब थाने में हैंड ग्रेनेड फेंकने की बात सामने आई थी। इस धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां ले नी थी। 28 नवंबर को अमृतसर पुलिस की पुरानी चौकी गुरबख्श नगर में ब्लास्ट हुआ था। यहां भी हैंड ग्रेनेड फेंकने की बात सामने आई थी। इसकी जिम्मेदारी भी एक फ़ेसबुक पोस्ट के जरिए ली गई थी। अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी भी प्लांट किया गया था। हालांकि, तकनीकी खराबी के कारण वह नहीं फटा। इसके अलावा गुरदासपुर जिले में भी पुलिस थाने को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड फैंका जा चुका है।

## स्वस्तिका जोशी को मिलेगा उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान, नृत्य की दुनिया में एक और उपलब्धि

**हल्द्वानी।** शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम के क्षेत्र में उत्तराखंड का मान बढ़ाने वाली हल्द्वानी की स्वस्तिका जोशी को उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें आगामी 18 दिसंबर को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की ओर से प्रदान किया जाएगा। 11 वर्षीय स्वस्तिका ने दिल्ली, आगरा, शिमला, उज्जैन, गाजियाबाद, इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस, हल्द्वानी और अल्मोड़ा जैसे कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी भरतनाट्यम प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। स्वस्तिका जोशी ने छह वर्ष की उम्र में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत गुरु शुभम खोवाल से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा ग्रहण की। प्रारंभिक शिक्षा आचार्य हरीश चंद्र पंत से प्राप्त की। वर्तमान में दिल्ली में वरिष्ठ गुरु पंडित रवि शंकर प्रसन्ना से वायलिन की शिक्षा ले रही हैं। स्वस्तिका हल्द्वानी के सेंट थेरेसा स्कूल में कक्षा छह की छात्रा हैं। हाल ही में स्वस्तिका को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनारस के नमो घाट और अस्सी घाट पर आयोजित कार्यक्रम में भरतनाट्यम की एकल प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। उनकी कला साधना के लिए उन्हें कई मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। स्वस्तिका के उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान के लिए चयन पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां दी हैं।

## गंगा पर खनन को लेकर बढ़ी तकरार, मातृसदन के संत की लड़ाई पर गरमाई सियासत

**हरिद्वार।** मातृसदन के संत स्वामी दयानंद का खनन के खिलाफ अनशन 11 वें दिन भी जारी है। पिछले दिनों एसडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मातृसदन पहुंचकर उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की थी, लेकिन मातृसदन ने यह कहकर प्रशासनिक टीम को लौटा दिया था कि जब तक ड्रेजिंग के नाम पर गंगा में चल रहा खनन बंद नहीं होता तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि खनन को लेकर इन दिनों राजनीति भी गर्म है। मामला चालू सत्र में संसद में भी उठ चुका है। खनन को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के करीबी भाजपा नेता विक्रम भुल्लर ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए मातृसदन पर अनेक आरोप लगाए थे। इसके बाद मातृसदन की ओर से उन्हें मानहानि का नोटिस थमा दिया गया है। उधर, भाजपा नेता विक्रम भुल्लर का कहना है कि सरकार और मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरुरत पड़ी तो सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# उत्तराखंड की घाटियां सजेंगी औषधीय पौधों से, मातृशक्ति बनेगी आर्थिक रीढ़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड की अर्थ व्यवस्था को उन्नत करने के लिए जहां सरकार प्रयासरत है वहीं उत्तराखंड की घाटियों को सजाने संवारने का काम एक निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है। आत्मनिर्भर संस्था द्वारा यमुना वैली को हर्बल में विशेष वैली बनाने के लिए संस्था प्रयासरत है। इसकी जानकारी आत्मनिर्भर संस्था के संस्थापक रंजीत महेश चतुर्वेदी ने दी।

दिल्ली जाने से पहले देहरादून में विशेष बातचीत के दौरान रंजीत महेश चतुर्वेदी ने बताया कि इसी वर्ष 62 औषधीय प्रजातियों के पौध रोपण माध्यम से यह प्रयास शुरू किया गया। इसे संस्था से जुड़ी महिलाओं के परिश्रम का ही परिणाम कहेंगे कि बिना अंग्रेजी खाद के देशी खाद पर आधारित इन जड़ी बुटियों के कारण यमुना वैली आत्मनिर्भर हो रही है। आत्मनिर्भर संस्था के प्रयासों ने इस क्षेत्र को पहली हर्बल वैली बनाकर एक महत्वपूर्ण उपहार दिया है। रंजीत महेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश का विकास चाहते हैं और उनके विकास की कड़ी में ही आत्मनिर्भर संस्था भी उत्तराखंड की घाटियों में ऊंचाई के अनुसार औषधीय जड़ी बूटी के रोपण का प्रयास कर रही है और यमुना वैली पहली हर्बल आयुर्वेदिक वैली बन गई है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र की हजार महिलाओं के माध्यम से 29 गांवों में औषधीय पौधे लगाकर जड़ी बूटियों की संरक्षा की जा रही है, जो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना रहा है। उन्होंने बताया कि इन जड़ी-बूटियों में अश्वगंधा, सर्पगंधा तथा अन्य जड़ी बूटियां शामिल है, जो क्षेत्र को महत्वपूर्ण बना रही है। विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में जड़ी-बूटियों के क्रेताओं ने सम्पर्क कर ऑर्गेनिक खाद वाली जड़ी-बूटियों को खरीदने की इच्छा जताई है। इसका लाभ इन महिलाओं को होगा। रंजीत महेश चतुर्वेदी ने कहा कि इसी तरह का काम वह उत्तराखंड के अन्य घाटियों में भी करेंगे और मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएंगे।

## 15 साल से सामान्य वार्ड पर आपत्ति, अनुसूचित जाति और ओबीसी के लोगों की आरक्षण की मांग

गोपेश्वर। चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के नगर पालिका परिषद के वार्ड पांच लोअर बाजार के पार्षद पद को फिर से सामान्य रखे जाने पर वार्ड में निवासरत अनुसूचित जाति और ओबीसी के लोगों ने आपत्ति दर्ज करते हुए मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी चमोली को ज्ञापन सौंपा। साथ ही वार्ड पांच के पार्षद पद को आरक्षित किए जाने की मांग की। गौरतलब है कि नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और पार्षद के पदों पर अधिसूचना जारी होने के बाद इन सीटों पर सात दिनों के भीतर मांगी गई आपत्ति पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद गोपेश्वर के वार्ड पांच लोअर बाजार के पार्षद पद को सामान्य रखे जाने पर आपत्ति दर्ज करते हुए वार्ड के संजय कुमार, राजेंद्र लाल, अमित मिश्रा, चिंता लाल का कहना है कि लोअर बाजार वार्ड का पार्षद पर बीते 15 सालों से सामान्य चल रहा है।

# 125वीं स्मृति वर्ष पर ऐतिहासिक पदयात्रा 29 से, उत्तराखंड की वादियों में गूंजेगा स्वामी विवेकानंद का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। स्वामी विवेकानंद की 125वीं स्मृति वर्ष के अवसर पर उनके 1900-1901 के उत्तराखंड भ्रमण की याद में काठगोदाम से मायावती आश्रम (लोहाघाट) तक ऐतिहासिक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग, ध्यान और जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगामी 28 दिसंबर को देहरादून के प्राचीन बावड़ी शिव मंदिर (राजपुर) से आध्यात्मिक गुरु आचार्य डॉ. बिपिन जोशी के सानिध्य में पदयात्रा का शुभारंभ होगा। 29 दिसंबर को यात्रा काठगोदाम से शुरू होकर धारी, पहाड़पानी, मोरनौला और धुनाघाट होते हुए मायावती आश्रम पहुंचेगी। आगामी 29 दिसंबर को काठगोदाम रेलवे स्टेशन स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा। एक जनवरी 2025 को चंपावत में विशेष जनजागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) को स्वामी विवेकानंद जयंती पर देशभर में अभियान का समापन होगा। नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का प्रयासइस यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म, उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और संस्कारों के संरक्षण के साथ-साथ नई पीढ़ी में जागरूकता लाना है। हर पड़ाव पर योग और ध्यान सत्र आयोजित कर युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से प्रेरित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी प्रासंगिकआचार्य डॉ. बिपिन जोशी का कहना है कि यह ऐतिहासिक यात्रा न केवल स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को पुनर्जीवित करेगी, बल्कि नई पीढ़ी को उनकी शिक्षाओं से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देगी। युवाओं को उनके संदेश- 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' से जोड़ने का प्रयास करेगी।

# फोटो हटाने की घटना को शर्मनाक बताया, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। वर्ष 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाने के बाद पाकिस्तानी सेना के सरेंडर वाली तस्वीर को आर्मी हेडक्वार्टर से हटाए जाने पर युवा कांग्रेस ने मंगलवार को विरोध किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में चंद्राचार्य चौक पर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि जिस तस्वीर पर पूरा देश गर्व करता था उसे हटवाना बहुत शर्मनाक है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था और सेना को हथियार डालने पर मजबूर कर दिया था। उस ऐतिहासिक क्षण की फोटो सेना मुख्यालय में पिछले कई दशक से लगी हुई थी जिसे केंद्र सरकार ने हटाकर सीनरी लगा दी। यह देश के साथ सेना का भी अपमान है। फोटो हटाने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए। हरिद्वार विधानसभा अध्यक्ष तुषार कपिल ने कहा कि फोटो हटाना सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा केवल देशप्रेम का दिखावा करती है और समय-समय पर सेना का अपमान करती है। ऐसे लोग देश की सुरक्षा के साथ खतरा हैं। भारतीय सेना को कमजोर करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव, जिला सचिव डॉ. अनूप कुमार, जिला उपाध्यक्ष शुभम बर्मन, मनोज सैनी, लक्की महाजन, करण सिंह राणा, अनु, दिनेश, आशीष, एजाज, गजेन्द्र पार्चा, दीपेश, राहुल, राजेंद्र आदि थे।

# ढाई दिन की जिंदगी, युगों-युगों की प्रेरणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। नन्हीं सरस्वती- एक नाम, जो इतिहास बन गया। सरस्वती का जीवन छोटा था, लेकिन उसका योगदान हमेशा मानवता को प्रेरित करता रहेगा। बिना बोले, बिना चले, ढाई दिन की सरस्वती ने ऐसा काम किया, जो युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। दुनिया में कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो किसी देश, समाज या परिवार की सीमाओं से बाहर निकलकर पूरे विश्व की प्रेरणा बन जाती हैं। ढाई दिन की नन्हीं बच्ची 'सरस्वती' की कहानी भी ऐसी ही है- दर्द, हिम्मत और मानवता की मिसाल। ढाई दिन की नन्हीं सरस्वती भले ही इस दुनिया में कुछ घंटों की मेहमान थी, लेकिन उसका देहदान ऐसा अनमोल उपहार है, जिसने उसे अमर कर दिया। एक युवा दंपत्ति के साहसिक कदम ने मानवता के सामने एक नई मिसाल पेश की है। उत्तराखंड के हरिद्वार के रहने वाले 30 वर्षीय राममेहर और उनकी पत्नी नैंसी के जीवन में एक नई खुशी ने जन्म लिया। यह एक नन्हीं परी थी जिसने पहली बार दुनिया देखी, लेकिन यह खुशी पलभर की थी। बच्ची का दिल सही ढंग से काम नहीं कर रहा था और उसकी सांसें कमजोर होती जा रही थीं। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद केवल ढाई दिन के बाद वह चिरनिद्रा में सो गई। दुख की इस घड़ी में जब हर माता-पिता के लिए आंसू पोंछ पाना भी मुश्किल होता है, राममेहर और नैंसी ने एक ऐसा फैसला लिया जिसने सभी को स्तब्ध कर दिया। उनके पारिवारिक डॉक्टर जितेंद्र सैनी ने उन्हें देहदान का सुझाव दिया। अगर यह नन्हीं जिंदगी किसी और के काम आ सके तो क्या यह सबसे बड़ा आशीर्वाद नहीं होगा? एक मां और पिता के लिए यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन राममेहर और नैंसी ने न केवल अपनी बेटी को 'सरस्वती' नाम दिया, बल्कि उसे ज्ञान की देवी के समान अजर-अमर बना दिया। ढाई दिन की सरस्वती सबसे कम उम्र की देहदानकर्ता बन गई। इस घटना ने चिकित्सा जगत में एक नई प्रेरणा दी। इससे पहले दिल्ली के एम्स में सात दिन के नवजात का देहदान किया गया था। अब उत्तराखंड के इस युवा दंपति ने अपनी बच्ची का देहदान कर एक बड़ी मिसाल पेश की है। सरस्वती का शरीर अब दून मेडिकल कॉलेज के म्यूजियम में रखा जाएगा। उनके शरीर पर विशेष थर्मालीन लेप लगाया गया है ताकि यह लंबे समय तक सुरक्षित रहे। मेडिकल छात्रों के लिए नवजात शरीर का अध्ययन बहुत दुर्लभ होता है। सरस्वती का यह योगदान आने वाले चिकित्सकों को नई शिक्षा और समझ देगा। सरस्वती भले ही केवल ढाई दिन इस दुनिया में रही, लेकिन उसने पूरे विश्व को यह संदेश दिया कि मृत्यु जीवन का अंत नहीं है। उसका देहदान भविष्य के डॉक्टरों को ज्ञान की रोशनी देगा। उनके माता-पिता ने यह साबित किया कि किसी को खोकर भी हम दुनिया के लिए कुछ अमूल्य दे सकते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063